e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 239
शनिवार
31.08.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

सुविचार
हमेशा अपने से बड़ों का सम्मान करें।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12। मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26




## क्विक न्यूज

### सिंगापुर एयरलाइंस को विलय के लिए केंद्र सरकार से मिली एफडीआई की मंजूरी

**नई दिल्ली :** टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस के बीच संयुक्त उद्यम विस्तारा का एयर इंडिया में विलय हो रहा है। इसके लिए सिंगापुर एयरलाइंस को भारत सरकार से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की मंजूरी मिल गई है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद सिंगापुर एयरलाइंस विलय समझौते के तहत एयर इंडिया में 25.1 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करेगी।विमानन कंपनी सिंगापुर एयरलाइंस ने शुक्रवार को रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि उसे प्रस्तावित विलय के हिस्से के रूप में एयर इंडिया में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए भारत सरकार से मंजूरी मिल गई है। कंपनी के मुताबिक इस मंजूरी मिलने के साथ ही यह विलय समझौता इस साल के अंत तक पूरा हो जाने की उम्मीद है। इस सौदे से दुनिया के सबसे बड़े एयरलाइन समूहों में से एक का गठन होने की उम्मीद है।

### अमेरिका ट्रंप को भूलने और नये मार्ग पर चलने को तैयार: कमला हैरिस

**वाशिंगटन :** राष्ट्रपति चुनाव की गहमागहमी के बीच पहली अश्वेत और दक्षिण एशियाई मूल की अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने एक साक्षात्कार में अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा, अमेरिका नये मार्ग पर चलने और डोनाल्ड ट्रंप को भूलने के लिए तैयार है। ट्रंप चुनाव में ऐसा माहौल बना रहे हैं, जो अमेरिकी चरित्र को कमजोर कर रहा है। डोनाल्ड अमेरिका को बांट रहे हैं।

### जेल में गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई का इंटरव्यू लेने वाले पत्रकार के खिलाफ कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई का जेल में इंटरव्यू लेने वाले एक न्यूज चैनल के पत्रकार के खिलाफ कोई भी निरोधात्मक कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र सरकार के साथ साथ राजस्थान और पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया है। पत्रकार जगविंदर पटियाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि अगर खुलासा करने वाले पत्रकार नहीं होंगे तो सिस्टम की गड़बडी का खुलासा कैसे होगा।

### पंजाब सरकार ने ग्रामीण विकास कोष में फंड के लिए किया सुप्रीम कोर्ट का रुख

**नई दिल्ली:** पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर करके ग्रामीण विकास कोष के मद में केंद्र सरकार को एक हजार करोड़ रुपये तत्काल जारी करने का आदेश देने की मांग की है।पंजाब सरकार की ओर से पेश वकील शादान फरासत ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए तत्काल सुनवाई की मांग की।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28° |
| न्युनतम | 22° |

# भाजपा में शामिल हुए चंपाई सोरेन

**चंपाई सोरेन को लेकर भाजपा की ओर से धुर्वा में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया था।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को विविधवत रूप से भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा के झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की मौजूदगी में चंपाई सोरेन और उनके बेटे बाबूलाल सोरेन ने भाजपा की सदस्यता ली। चंपाई सोरेन को लेकर भाजपा की ओर से धुर्वा में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया था। चंपाई सोरेन अपने समर्थक के साथ वहां पहुंचे। चंपाई सोरेन को बाबूलाल मरांडी ने गले मिलकर उनको बधाई दी। इस दौरान मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल का नेता अमर बाउरी, पूर्व विधायक सीता सोरेन सहित भाजपा के कई लोग मौजूद थे।

### बहुत सोच समझ कर भाजपा में शामिल होने का फैसला लिया : चंपाई सोरेन

भाजपा की सदस्यता लेने के बाद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि झामुमो में अपनी उपेक्षा को लेकर वे दुखी थे। बहुत सोच विचार करके ही भाजपा में शामिल होने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि मैं अपनी पीड़ा देश और प्रदेश के लोगों के साथ साझा कर चुका हूं। उन्होंने कहा कि जब मुझे झामुमो में रहते हुए अपनी बात रखने के लिए कोई मंच नहीं मिला, तो मैंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने का फैसला किया। कहा कि मैंने आज तक कभी-भी यह नहीं सोचा था कि मुझे झामुमो से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल होना पड़ेगा। लेकिन मेरे लिए झामुमो में ऐसी राजनीतिक परिस्थितियां पैदा कर दी गई थीं कि मुझे इस्तीफा देना पड़ा। मैंने अपने राजनीतिक जीवन को ध्यान में रखते हुए दो ही फैसले लिए थे कि या तो मैं अपना खुद का दल बनाऊंगा या तो राजनीति से ही संन्यास ले लूंगा। लेकिन आज की तारीख में मेरे लिए परिस्थितियां काफी अलग हो चुकी हैं। इसी वजह से मुझे यह फैसला लेना पड़ा।उन्होंने आगे कहा, मैं यही सुझाव देना चाहूंगा कि अगर कोई आरोप लगा रहा है, तो जरा सोच समझकर लगाए। क्योंकि इन आरोपों का प्रभाव बहुत दूर तक पड़ता है।




### झारखंड में बनेगी भाजपा की सरकार : हिमांता विश्व सरमा

हिमांता विश्व सरमा ने कहा हेमंत की सरकार में चंपाई सोरेन को जगह मिलना चाहिए था लेकिन मिला नहीं। भाजपा में आने के बाद झारखंड में सरकार बनायेंगे यह कन्फर्म हो गया। वहीं झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मी वाजपेयी ने कहा कि जनता को ठग कर सरकार बना सकते हैं उसे चला नहीं सकते। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा ईडी,सीबीआई जिसे खोज रही है, ऐसे भ्रष्टाचारी के भरोसे सरकार नहीं चलेगी इसको बदलना होगा।

### शिवराज ने कहा टाइगर जिंदा है

चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, जिन्होंने (चम्पाई सोरेन) पूरी जिंदगी ईमानदारी से जनता की सेवा की,आज वे झारखंड गठबंधन की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा में आ गए हैं। मैं उनका स्वागत करता हूं। टाइगर जिंदा है। वे टाइगर हैं। उनके साथ मिलकर भाजपा अब अपनी सरकार बनाएगी और झारखंड की जनता को यहां की बेईमान सरकार से मुक्ति दिलाएगी।चम्पाई सोरेन भाजपा में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। वे कोर कमेटी में भी रहेंगे।

# झामुमो विधायक रामदास सोरेन ने ली मंत्री पद की शपथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** घाटशिला से झामुमो विधायक रामदास सोरेन ने मंत्री पद की शपथ ली.राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. रामदास सोरेन को चंपाई सोरेन की जगह पर मंत्री बनाया गया है. चंपाई सोरेन के इस्तीफे के बाद कैबिनेट में मंत्री का एक पद रिक्त हो गया था. सीएम हेमंत सोरेन ने कोल्हान को तरजीह देते हुए रामदास सोरेन को मंत्री बनाया है. बता दें कि रामदास सोरेन मूल रूप से घाटशिला के तामपाड़ा के रहने वाले हैं. वे दूसरी बार विधायक बने हैं. पहली बार वो 2009 में चुनाव जीते थे. 2019 में वे दूसरी बार विधायक बने हैं. रामदास सोरेन झारखंड आंदोलनकारी रहे हैं. उन्होंने पहला चुनाव 1995 में जमशेदपुर पूर्वी से रघुवर दास के खिलाफ लड़ा था. तब उन्हें महज 7,306 वोट मिले थे.

**इनकी रही उपस्थिति:** शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, मंत्री रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता,बन्ना गुप्ता, मिथिलेश कुमार ठाकुर,हफिजुल हसन,दीपक बिरुआ,दीपिका पांडेय सिंह, सविता महतो, निरल पूर्ति,दशरथ गागराई, समीर मोहंती, संजीव सरदार, मंगल कालिंदी, सुखराम उरांव, कल्पना सोरेन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**रामदास सोरेन को मिला जल संसाधन विभाग और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग:** चंपाई सोरेन के इस्तीफे के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के कद्दावर नेता और घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन ने आज झारखंड के 12वें मंत्री के रूप में शपथ ली। रामदास सोरेन के मंत्री बनने के बाद तीन मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा किया गया है। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग मिला है। यह विभाग पहले हफीजुल हसन के पास था। उनके पास पहले से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और पर्यटन विभाग है। वहीं, मंत्री हफीजुल हसन के पास अब अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और निबंधन विभाग है। जबकि नये मंत्री रामदास सोरेन को जल संसाधन विभाग और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग मिला है। यह विभाग पहले चंपाई सोरेन के पास था।

# पोषण सखी दीदियों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का जताया आभार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंची पोषण सखी दीदियों ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री के प्रति सहृदय आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री से मिलकर पोषण सखी दीदियों ने विगत 29 अगस्त 2024 को मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य सरकार द्वारा पूर्व में कार्यरत अतिरिक्त आँगनबाड़ी सेविका-सह-पोषण परामर्शी (पोषण सखी) के पुनर्बहाली की स्वीकृति दिए जाने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। पोषण सखी दीदियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि राज्य सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय से हम सभी पोषण सखी काफी हर्षित और उत्साहित हैं। पोषण सखी दीदियों ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार समस्त राज्य वासियों को उनका हक-अधिकार देने का काम निरंतर कर रही है। राज्य सरकार द्वारा जनहित में लिया गया हर निर्णय सराहनीय है। धन्यवाद मुख्यमंत्री जी!



**पिछले साढ़े चार वर्षो में राज्यहित में कई अहम निर्णय लिए गए:** इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पोषण सखी दीदियों से कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षो में उनकी सरकार राज्यहित में कई अहम निर्णय लिए हैं। राज्य सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण नीति का निर्धारण भी किया गया है, जिसका लाभ राज्यवासियों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी वर्ग-समुदायों को उनका हक-अधिकार उपलब्ध कराने के साथ-साथ राज्य की नारी शक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी सरकार समर्पित रही है। राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाने का काम किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंडवासियों की उम्मीदों, आकांक्षाओं और विश्वास के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार आने वाले दिनों में भी जनहित का कार्य निरंतर करती रहेगी।

**इनकी रही उपस्थिति:** मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपक बिरुआ, विधायक सुखराम उरांव, विधायक दशरथ गागराई, विधायक समीर मोहंती, विधायक संजीव सरदार, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक निरल पूर्ति,विधायक कल्पना सोरेन, विभिन्न जिलों से पहुंची पोषण सखी दीदियों में प्रमिला कुमारी, रुबिया खातून, अंजनी कुमारी, तारा गुप्ता, सुषमा कुमारी, मनोरमा कुमारी, सोनी कुमारी, डॉली कुमारी, मुसर्रत आरा, ज्योति कुमारी, रीता दास,किरण कुमारी,रेखा कुमारी, प्रमिला देवी, सीमा कुमारी,ज्योति दास,शबनम बानो,प्रिया कुमारी,आलम आरा,मनीषा टुडू ,सोनिया हंसदा सहित अन्य उपस्थित थे।

### सप्तगिरी शंकर और श्रीवेला प्रसाद कांग्रेस के झारखंड सह प्रभारी बनाये गये

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से शुक्रवार को सप्तगिरी शंकर ओलाका और डॉ श्रीवेला प्रसाद को झारखंड का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसे लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आभार व्यक्त किया है।




# उत्पाद सिपाही की बहाली में दौडने वाले 3 अभ्यर्थियों की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू में हो रहे उत्पाद सिपाही के बहाली में भाग लेने वाले तीन अभ्यर्थियों की मौत हो गई. सभी मौत तीन दिनों के अंदर हुई है.तीनों अभ्यर्थियों की पहचान हो चुकी है. दौड़ में भाग लेने वाले 80 के करीब अभ्यर्थी बेहोश हुए. चार अभ्यर्थियों को इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है. करीब 12 अभ्यर्थियों का इलाज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में किया जा रहा है.पलामू के चियांकि हवाई अड्डा पर बहाली के लिए दौड़ का आयोजन किया गया है. दौड की प्रक्रिया 9 सितंबर तक चलेगी. गुरुवार को इलाज के क्रम में मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में बिहार के गया के रहने वाले एक अभ्यर्थी अभिषेक कुमार की मौत हुई थी. गुरुवार की रात ही रिम्स रेफर हुए एक अभ्यर्थी की मौत हुई. मृतक अभ्यर्थी पलामू के छतरपुर का रहने वाला है.शुक्रवार को दौड़ के दौरान एक अन्य अभ्यर्थी प्रदीप कुमार की मौत हो गई. प्रदीप गोड्डा जिले के रहने वाले थे. प्रदीप की बहन प्रीति कुमारी ने बताया प्रदीप पहले कभी नहीं दौड़े थे. उत्पाद सिपाही में बहाली भाग लेने के लिए पलामू पहुंचे थे.मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रभारी अधीक्षक डॉक्टर आरके रंजन ने बताया कि पिछले तीन दिनों में 80 के से अधिक बेहोश अभ्यर्थी इलाज के लिए लाए गए थे. इनमें एक की मौत इलाज के क्रम हुई है, जबकि दूसरे को मृत हालत में अस्पताल लाया गया था.उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के हालात को देखते हुए अस्पताल में अतिरिक्त स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की गई है, साथ ही साथ बेड को भी खाली कराया गया है.





# आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी आवेदकों की भीड़

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का दूसरा अध्याय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** झारखंड सरकार के द्वारा संचालित जनहित मुद्दा को आसान करने के सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन के दुसरा अध्याय चैनपुर प्रखंड अंतर्गत महुगावां व रबदा पंचायत के पंचायत सचिवालय में आयोजित किया गया। महुगावां पंचायत में उप प्रमुख सुनील सिंह व उप मुखिया अर्चना कुमारी,कॉर्डिनेटर अमित चौबे,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार और रबदा पंचायत में प्रमुख गायत्री देवी व प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया।मौके पर प्रमुख ने उपस्थित ग्रामीणों से अपील किया की विभागों द्वारा लगाए गए योजनाओं का लाभ उठाये। मौके पर उप प्रमुख सुनील सिंह ने शिविर में उपस्थित ग्रामीण लोगों से अपील की कि सभी जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। जो लोग शिविर में आवेदन नहीं दे सके हैं, ऐसे लोग बाद में भी प्रखंड, अंचल या संबंधित विभाग में आवेदन देकर अपनी मांग रख सकते हैं।वहीं बीडीओ नितेश भास्कर ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जन समस्याओं के निष्पादन के लिए किया गया है और वहीं अंचल पदाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने कहा कि लोगों को सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो इसके लिए इस महत्वपूर्ण सरकार आपके द्वारा शिविर का आयोजन हर पंचायत में किया जा रहा है।जिसमें मुख्यमंत्री पशुपालन विभाग,अबुआ आवास ,सर्वजन पेंशन योजना एवं सभी विभाग का स्टाल लगाए गए थे।कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं तथा पुरुषों ने वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, अबुआ आवास योजना, दाखिल खारिज आदि से संबंधित आवेदन दिए।जहां जनहित में आवेदन स्वीकार किया गया। पंचायत के सभी पंचायतवासी उपस्थित होकर अपना जरूरत के हिसाब से आवेदन ऑनलाइन कराते नजर आए।बीडीओ ने बताया कि शिविर में प्राप्त हुए आवेदन का निष्पादन शीघ्र कर दिया जाएगा।

## मुखिया को हड़ताल से वापस लौटने तक उप मुखिया का हो दैनिक प्रभार : शर्मा रंजीनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त गढ़वा से शुक्रवार को भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी ने जिले के सभी पंचायत के मुखिया को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहने के कारण उप मुखिया को प्रभार देने को लेकर पत्र देकर मांग किया है।उन्होंने दिए गए पत्र में उल्लेख किया है कि झारखंड राज्य मुखिया संघ के आह्वान पर जिला अंतर्गत सभी पंचायत के मुखिया 27 अगस्त 2024 से ही अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे सरकार का होने वाला महत्वपूर्ण कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम, 30 अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक सभी पंचायत में संचालित होगी मुखिया के हड़ताल पर रहने के कारण सरकार की उक्त महत्वाकांक्षी कार्यक्रम पर प्रतिकूल असर पड़ने को लेकर उन्होंने पत्र में उल्लेख करते हुए कहा है कि बगल के पलामू जिले के उप विकास आयुक्त के द्वारा दैनिक कार्य के लिए मुखिया का प्रभार उप मुखिया को दिया गया है जो जिला वासियों के लिए जनहित में आवश्यक है।साथ ही उन्होंने पदाधिकारी से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु गढ़वा जिला अंतर्गत पंचायत के मुखिया को हड़ताल से वापस लौटने तक का प्रभार पंचायत के उप मुखिया से संबंधित दैनिक कार्य के लिए प्रभार देने की मांग किया है।

## 13 पशुओं को विश्रामपुर पुलिस ने किया जब्त



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुप्त सूचना के आधार पर विश्रामपुर पुलिस ने अवैध रुप से 13 गोवंशीय पशुओं को लेकर जा रही टाटा 407 ट्रक गाड़ी (जेएच 03टी 1739)को जप्त किया है.साथ हीं ट्रैक चालक इस्लाम अंसारी उपचालक मुर्शीद खान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं पशुओं को स्थानीय लोगों के देखरेख में जिम्मेनामे पर दे दिया है.विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरव चौबे ने बताया कि प्रतिबंधित गोवंशीय पशुओं को टाटा 407 ट्रक गाड़ी में भर कर ले जाने कि उन्हें गुप्त सूचना मिली.बताया गया कि गाड़ी गढ़वा की ओर से पड़वा जा रही है.जिसके आलोक में पुलिस बल के साथ एनएच 39 पर ब्रहमोरिया मोड़ के पास वहां चेकिंग लगाया गया.इस दौरान एक टाटा 407 ट्रक से 13 गोवंशीय पशु बरामद हुआ.जिन्हे अमानवीय तरीके से ट्रक मे लादा गया था.उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित गोवंशीय पशु तस्करी में चालक उपचालक सहित अन्य लोगो को शामिल होने की बात प्रकाश में आया है.वहीं विश्रामपुर थाना कांड सं0- 36/2024 धारा- 317 (5) / 3 ( 5 ) बीएनएस 2023, 12/13 झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम- 2005 व 13 पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम-1960 के अन्तर्गत अंकित किया गया.थाना प्रभारी सौरव चौबे ने बताया कि ट्रक चालक इस्लाम अंसारी पाटन थाना स्थित हुरूहसा गांव के रहने वाला है.वहीं उपचालक मुर्शीद खान गढ़वा जिला स्थित प्रतापपुर गांव का रहने वाला है.इस अभियान में थाना प्रभारी सौरव चौबे के साथ एसआई प्रदीप शर्मा सहित सशस्त्र बल व चालक शिव कुमार चौधरी शामिल थे।

## मंत्री मिथिलेश ने सीएम से भुईहर मुण्डा जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित करने की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर भुईहर मुण्डा/भुईहर जाति को झारखंड राज्य की अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित करने की मांग की है। इस संबंध में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री से मिलकर मामले से अवगत कराया तथा उन्हें पत्र भी सौंपा। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री को बताया कि झारखंड राज्य के सभी जिलों में भुईहर समाज की जाति निवास करती है। उन्होंने बताया कि भुईहर समाज के लोग काफी समय से झारखंड राज्य की अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित होने हेतु प्रयासरत हैं। परंतु अभी तक भुईहर जाति झारखंड राज्य की अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित नहीं हो पाई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर को आश्वास्त किया है कि वे इस मामले में व्यक्तिगत रूची लेकर भुईहर मुण्डा/भुईहर जाति को झारखंड राज्य की अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित करने की दिशा में साकारात्मक पहल करेंगे।

## गढ़वा जिला टेबल टेनिस टीम जमशेदपुर रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जमशेदपुर में शुक्रवार से आयोजित तृतीय झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला के 20 सदस्यीय टीम को संघ के सचिव आनंद सिन्हा और संघ के पदाधिकारियों ने जीत की शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों को रवाना किया। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा ने खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि आप अपने लक्ष्य को पाने के लिए काफी मेहनत कर रहे है। प्रतियोगिता में जिला को चैम्पियन बनाने के साथ साथ चैम्पियन बनकर आए। बीस सदस्यीय टीम में अमल कुमार ठाकुर, अमन कुमार पाल, अनिमेष कुमार पाण्डेय, नितीश कुमार मेहता, हर्षित कुमार पाण्डेय, सचिन कुमार, रोहन पाल, मयंक राज, पलक भारती, अंजली कुमारी, आयुषी कुमारी, आयुषी कुमारी पाण्डेय, अभिजीत यादव, आशिता प्रियदर्शिनी, अनिल कुमार मेहता, उज्जवल कुमार, मानवी चौबे, वर्षा रानी और शिवम पटेल को शामिल किया गया है। टीम का कोच संघ के कार्यकारी सदस्य अजय कुमार ठाकुर एवं मैनेजर संजय कुमार सिंह को बनाया गया है। टीम को शुभकामना देने वालों में संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केसरी, उपाध्यक्ष सिस्टर रोशना सुशील केसरी, धनंजय सिंह, अनिल विश्वकर्मा, संजय सोनी, ललन सोनी, चंद्रभूषण सिन्हा, अशोक कुमार दुबे, नंदकुमार गुप्ता, मनोज पाठक आदि शामिल है।

## शिवराज सिंह चौहान से पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी ने किया शिकायत



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केशरी ने भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से रांची में मिलकर गढ़वा जिले के सगमा प्रखंड के बीडीओ सत्यम कुमार द्वारा एडमिन फंड की राशि का फर्जी तरीके से निकासी करने की लिखित शिकायत किया है। श्री केशरी ने इस मामले की जांच केंद्रीय टीम से कराने का अनुरोध किया है। श्री केशरी ने बताया कि उनके अनुरोध पर केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ससमय जांच की अनुशंसा करके अपने अधीनस्थ पदाधिकारी को अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मौके पर भाजपा के सूरज कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

## बीआरसी अधौरा में सीआरपी, बीआरपी की बैठक बीपीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में शुक्रवार को सीआरपी, बीआरपी की बैठक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बीपीओ ने विभागीय समीक्षा के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीपीओ ने कहा कि विभाग द्वारा दिये गये आदेश शत प्रतिशत विद्यालय में लागू हो, इसे सीआरपी सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने कहा कि विभाग के द्वारा इंस्पायर आवार्ड में सभी मध्य विद्यालय व उच्च विद्यालय से पांच -पांच छात्र-छात्राओं का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रांजिशन का रिपोर्ट गूगल लिंक में भरने, रुआर का लिंक भरने, पीटीएम लिंक भरने, यूको क्लब का गठन तथा लिंक भरने, एसएमसी ग्रेडिंग का लिंक भरने, प्रयास का रिपोर्ट प्रत्येक 4 तारीख को व सभी सहायक अध्यापकों का अनुपस्थिति विवरणी एक तारीख़ को प्रखंड संसाधन केंद्र को देना सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने सीआरपी को विद्यालय भम्रण के दौरान विद्यालयों में हो रहे तमाम गतिविधियों का लिखित रिपोर्ट प्रखंड संसाधन केंद्र को देने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जूम मीटिंग के दौरान स्पष्ट निर्देश दिया है कि आगामी 5 सितंम्बर तक दिये गये सभी आदेश को पूरा कर लेना है, इसलिये आप सभी सीआरपी तय समय सीमा के अंदर दिये गये सभी विभागीय आदेश को शत प्रतिशत विद्यालयों में लागू कराना सुनिश्चित करेंगे।

## पिपरा के सरैया में लगा आपकी सरकार आपके द्वारा का कैंप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा, पलामू :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के सरैया पंचायत सचिवालय पर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर कैंप का आयोजन किया गया. जहां मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पिपरा अंचल अधिकारी जितेंद्र कुमार समाजसेवी विकास तिवारी सहित अन्य प्रखंड के पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया. लाभुकों के बीच में साइकिल धोती साड़ी समेत अन्य सामान का वितरण किया गया. वही इस कार्यक्रम में अबुआ आवास सर्वजन पेंशन मईया सम्मान योजना केसीसी सावित्रीबाई फुले योजना बिजली विभाग स्वास्थ्य विभाग समेत झारखंड सरकार के द्वारा चलाई जारी सभी योजनाओं का कैंप लगाया गया था.इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया ग्रामीणों ने अपनी योजनाओं को लेकर आवेदन दिया इस कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य दिनेश पासवान उप मुखिया संगीता देवी वार्ड सदस्य सानिया परवीन मीना देवी आशा देवी समाजसेवी दिलीप तिवारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सरजून राम कंप्यूटर ऑपरेटर दीपेश कुमार अनिल कुमार पंचायत सचिव मोहम्मद मुख्तार आलम रंजीत कुमार सिंह लव कुमार राजस्व कर्मचारी रामजी पासवान वहीं पंचायत के रामकिशन मेहता दिनेश सिंह सागर सिंह रंजन सिंह नीतिश सिंह समेत अन्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलाबार में प्रबंधन समिति का हुआ पुनर्गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलाबार में शुक्रवार को झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश के आलोक में प्रारंभिक विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन हेतु प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी केतार के पत्र के द्वारा प्रतिनियुक्ति पर्यवेक्षक की उपस्थिति में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। इस दौरान विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के माता-पिता एवं अभिभावक उपस्थित रहे।सर्व समिति से पदेन सदस्य को छोड़कर 12 सदस्यों का चयन किया गया जिसमें असमीना बीवी को प्रबंधन समिति का अध्यक्ष,इजहार अंसारी को उपाध्यक्ष एवं ममता देवी को संयोजिका चयन किया गया। वहीं पंचायत अंतर्गत ताली मध्य विद्यालय में दिनेश गुप्ता को अध्यक्ष, किरण देवी को संयोजिका, आरती देवी को उपाध्यक्ष चयन किया गया। बक्शीपुर विद्यालय में उमर साह को अध्यक्ष, सरिता देवी को संयोजिका, रूबी देवी को उपाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर प्रतिनियुक्ति पर्यवेक्षक पीएम श्री मध्य विद्यालय केतार के प्रधान शिक्षक देवेंद्र कुमार,+2 परसोडीह विद्यालय के शिक्षक बसंत कुमार, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम, वार्ड सदस्य पुष्पा देवी, उक्त विद्यालय के प्रधान शिक्षक राजेश्वर रजक, सहयोगी शिक्षक असीम अंसारी, ग्रामीण कुंडल सिंह, नसबुलैंन अंसारी, इजहार अंसारी, कैसर बीवी, जुबेदा बीवी, ममता देवी सहित अन्य लोग शामिल थे।

**वरीय पुलिस अधीक्षककाकार्यालय, राँची।**
**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



**नाम–लापता महिला स्नीग्धा महतो उम्र–38 वर्ष**
**रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट, पहनावा–हरे रंग की साड़ी पहनी हुई है।**

उपरोक्त लापता महिला स्नीग्धा महतो उम्र–38 वर्ष पे0–राजु कुमार, सा0–203 रेवती इनक्लेब, देवी मंदिर रोड, हेसाग, हटिया, थाना–जगरनाथपुर, जिला–रॉची जो दिनांक–26.07.2024 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में जगरनाथपुर थाना सन्हा संख्या–20/2024, दिनांक–27.07.2024 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, हटिया, राँची। – 9431706143
थाना प्रभारी जगरनाथपुर, राँची। – 9431706169

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR 334202 Police(24-25)D

## राजद नेताओं ने किया पीसीसी पथ का उद्घाटन

# कार्यक्रम में राजद के जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान मुख्य रूप से रहे उपस्थित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार प्रखंड के विशुनपुर पंचायत के झलदाग संतु चौधरी घर से लेकर राजेंद्र कुमार रवि घर तक पीसीसी पथ बनाया गया है। विशुनपुर पंचायत के मुखिया ने 15 वे वित की राशि से बनाया गया है, जो शुक्रवार के ग्राम झलदाग एक सदा कार्यक्रम आयोजित कर पीसीसी सड़क पर पैदल चल कर सड़क की उद्धघाटन की गई। जिसमे राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू संसदीय क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी श्रीमति ममता भुइयाँ, जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान, प्रदेश महासचिव विजय रविदास, राजद युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहिल राज उर्फ़ प्रकाश राम व मुस्ताफ अहमद ने संयुक्त रूप से किया। मौक़े पर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे ममता भुइयाँ मौजूद थे। सभा के सम्बोधन करते हुए उन्होंने कहा कि राजद गरीब गुरबों की पार्टी है और गरीब असहाय लोगों की मसीहा है। इस कार्यक्रम मे प्रखंड कमिटी की विस्तार भी किया गया। जिसमे सर्व सहमति से राजद प्रखंड कमिटी के उपाध्यक्ष अजय कुमार चंद्रवंशी - मुमताज़ अंसारी, सचिव अजय कुमार, प्रखंड महा सचिव संतोष ठाकुर को बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों की एवं पंचायत अध्यक्ष की माला एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया और साथ ही साथ पार्टी की जबाबदेही भी सौपी गई। कार्यक्रम मे मौजूद पत्रकार विश्वप्रेम कुमार के भी माला और अंग वस्त्र देकर - सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सह सफल संचालन मुखिया सह राजद प्रखंड अध्यक्ष श्री जितेंद्र कुमार भारती ने किया।

# ईसीआरकेयू की पहल पर जपला में रेल हॉस्पिटल का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** एआईआरएफ संबद्ध पूर्व मध्य रेलवे से मान्यता प्राप्त एक मात्र रेल संगठन ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की पहल पर जपला में रेलवे हेल्थ यूनिटी का आज 30 अगस्त 2024 को शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईसीआरकेयू के केंद्रीय कोषाध्यक्ष सह पीएनएम प्रभारी कॉमरेड मिथिलेश कुमार एवं मंडल कार्मिक अधिकारी जैश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता अविनाश कुमार, ईसीआरकेयू के केंद्रीय सहायक महामंत्री बी0बी0 पासवान, सहायक मंडल अभियंता संतोष कुमार, सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हरदीप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ईसीआरकेयू डेहरी शाखा के अध्यक्ष बिरेंद्र पासवान ने किया। जपला में हेल्थ यूनिट खुलने से जपला, हैदरनगर, कोशियारा, मोहम्मदगंज, सतबहिनी, उटारी रोड, करकटा, सिगसिगी, कजरत नावाडीह, नबीनगर, बड़की सलैया अकोढा, बाघा बिशनपुर एवं सोन नगर फ्लाईओवर रेलवे स्टेशन में कार्यरत हजारों रेल कर्मियों एवं उनके आश्रितों को सीधे स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। जिससे इन तमाम 14 स्टेशनों पर कार्यरत रेल कर्मियों एवं उनके आश्रितों को सीधे स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। इस दौरान ईसीआरकेयू के केंद्रीय कोषाध्यक्ष सह पीएनएम प्रभारी डीडीयू कॉमरेड मिथिलेश कुमार ने कहा कि बीड़ी सेक्शन के रेल कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को स्वास्थ्य चेक-अप में अब सुविधा होगी।

**Office of The District Education Officer Latehar**

**Notice Inviting**
**Request for Proposals**

**Selection of Agency for "Supply, Installation of Bench & Desk across identified location in Latehar district" under Office of District Education Office, Latehar Govt. of Jharkhand**

**FACT SHEET**

| | |
|---|---|
| Name of the work | 'Supply and Installation of 'Bench-Desk' across identified location in Latehar District. |
| Office of Issue | **Office of the District Education Office**, Latehar, Jharkhand. |
| Date ofI ssue | 31/08/2024 |
| Last Date for submission of Proposal | 06/09/2024 (Fri) till 05:00 PM |
| Date of opening of Technical Proposal | 07/09/2024(Sat) till 10:30 AM |
| Date and time for financial bid opening and evaluation | 07/09/2024 |
| Bid Processing Fee (Non-refundable) | INR 5000/- (Rupees Five Thousand only) in the form of a Demand Draft drawn in favour of **"District Education Officer"** drawn in any Scheduled Commercial Bank payable at Latehar. The bid processing fee shall be submitted along with the 1st inner Envelope of the Technical Proposal. |
| Earnest money deposit (EMD) (Refundable) | INR 2,00,000/- (Rupees Two Lakhs only) in the form of a Demand Draft drawn in favour of **"District Education Officer"** drawn in any Scheduled Commercial Bank payable at Latehar. |
| Address of at which the tenders (Hard copies) are to be submitted: | District Eductaion Office (DEO) Girl School Campus, Latehar |
| Place of opening of tenders: | District Eductaion Office (DEO) Girl School Campus, Latehar |
| Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. |
| Method of Selection | **L1 Based Selection after qualifying technical** |

Complete Bid Document, terms & conditions are available on official website of the district: - https://latehar.nic.in/

PR 334179 Human Resource Developement (24-25)_D

**DISTRICT EDUCATIONO FFICER LATEHAR**

# एक साल में ही हो जा रहा है थानेदार व एसपी का ट्रांसफर, कैसे कंट्रोल होगा अपराध

**परवेज कुरैशी @, प्रभात मंत्र**

**रांची।** राज्य में बढ़ते हुए अपराध , उग्रवाद, आतंकवाद, साइबर ठग, छिनताई, लूट, डकैती, हत्या, बलात्कार , गौ तस्करों, जमीन दलालों सहित ऐसे अन्य अपराध और अपराधियों, नक्सलियों, उग्रवादियों, आतंकवादियों ऐसे लोगों पर अंकुश लगाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी थाना से लेकर जिला के एसपी तक की होती है। इस तरह के अपराध रोकने के लिए सबसे जरूरी होती है, कि कोई भी पुलिस अधिकारी अपने थाना में या फिर जिला मुख्यालय में कम से कम 3 सालों तो जरूर रहने दें। तभी वे अपने क्षेत्र की जानकारी से लेकर सफेदपोश चेहरे और अपराधियों तक की गतिविधियों की जानकारी रख सकते हैं।

**एक साल में ही बदल रहे हैं थानेदार,एसपी :** ऐसे थाना या जिला की अगर बात करें तो 12 घंटे से लेकर 6 महीने और साल भर के अंदर ही कई थानेदार , और एसपी तक का तबादला हो गया। किसी को तो दो से तीन बार एक जगह से दूसरे जगह पर तबादला कर दिया गया। ऐसी परिस्थिति में न अपराध कंट्रोल होगा और ना ही पुलिस पदाधिकारी को कम करने में मन लगेगा , नतीजा अपराधी अपराध जैसी घटनाएं जारी रखेगा। हाल के दिनों में अगर देखा जाए, 2023 से लेकर 24 तक ऐसी कोई भी थानेदार या एसपी नहीं हैं जो अपने जिला में एक साल भी पद पर टिका हो। यह चर्चा इसलिए हो रही है की 3 दिन पहले ही गृह कारा आपदा विभाग झारखंड सरकार द्वारा सूची जारी की गई थी, जिसमें आईपीएस अधिकारी अपराध अनुसंधान विभाग पर पदस्थापित निधि द्विवेदी को जामताड़ा एसपी बनाया गया था, लेकिन करीब 12 घंटे में उसे विलोपित कर दिया गया। वहीं जामताड़ा में एसीबी में पद पे पदस्थापित एहतेशाम वकारिब को जामताड़ा का एसपी बना



दिया गया, तो वहीं खलारी डीएसपी रहे रहे चुके अनिमेष नैथानी को प्रमोशन मिलने के बाद जामताड़ा एसपी बनाया गया था, और संभवत 6 महीना बाद ही उसे वहां से हटकर गोड्डा भेज दिया गया। ठीक इसी तरह से अपराधियों सहित साइबर ठगों, गौ तस्करों पर कड़ाई से कार्रवाई करने वाले एसपी दीपक शर्मा को भी एक साल के अंतराल में ही उनकों उनके स्थान से हटाकर सीधे एससीआरबी में पदस्थापित कर दिया गया। बताया जाता है कि लगातार साइबर ठगों और गौ तस्करों पर कार्रवाई करने के कारण दीपक शर्मा पर दबाव भी बनाया जा रहा था , कि वे गौ तस्करों पर कार्रवाई न करें। इसमें डीआईजी रैंक के एक अधिकरी से लेकर छुटभैया नेता तक शामिल थे। वहीं गिरिडीह में डॉक्टर विमल कुमार को एसपी बनाया गया है , जबकि 21 जुलाई 2024 को डॉ विमल रामगढ़ एसएसपी पद से हटाकर पुलिस मुख्यालय भेज दिया गया। रांची के ट्रैफिक एसपी पर तैनात रहे कुमार गौरव को कुछ ही दिनों बाद जामताड़ा एसपी बनाया गया, फिर यहां से भी उसे लातेहार भेज दिया गया। मनीष टोप्पो रांची ग्रामीण एसपी को चाईबासा और विशेष शाखा और पियूष पांडेय को भी एक जिला में एक साल रहने नहीं दिया गया। वहीं बरियातू थानेदार सुरेश मंडल जो अपने कार्यकाल के एक साल भी पूरा नहीं हुई और उसे भी हटाकर रांची से दूसरे जिला स्थानांतरित करते हुए पलामू भेज दिया गया। गिरिडीह जिला के थाना में तैनात रहें मनोज कुमार को बरियातू थाना में पद स्थापित किया गया, चुटिया थाना प्रभारी रहे उमाशंकर को एक्सट्रीम बार में हुए गोली कांड के बाद उसे हटा दिया गया। डोरंडा थाना प्रभारी रहे लक्ष्मीकांत को हटाकर सदर थाना फिर सदर थाना से निलंबित कर उन्हें चुटिया थाना भेज दिया गया। ऐसे कई सहायक अवर निरीक्षक , थानेदार और एसपी शामिल हैं जो करीब 2023 से लेकर 2024 अगस्त महीने तक दो से तीन बार , एक जगह से दूसरे जगह तक तबादला हो चुका है।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड चुनाव को लेकर अपने प्रभारी की नियुक्ति कर दी है : प्रेमशाही

**रांची :** भारत आदिवासी पार्टी झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने बयान जारी कर कहा की 8 महीने के भीतर चार विधायक वह एक सांसद चुनकर सदन के भीतर भेजने वाली भारत आदिवासी पार्टी ने झारखंड चुनाव को लेकर अपने प्रभारी की नियुक्ति कर दी है। जिसमें झारखंड चुनाव के लिए विधायक थावरचंद डामोर, राष्ट्रीय सदस्य बेलोसा बबीता कच्छप एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर जितेंद्र मीणा को उनके कार्य कुशलता एवं झारखंड की भौगोलिक सामाजिक एवं राजनीतिक स्थितियों की जानकारी को देखते हुए प्रभारी नियुक्त किया है। गौरतलब है कि बीते दिनों राज्य में सतत सामाजिक व राजनीतिक रूप से सक्रिय रहने वाले प्रेम शाही मुंडा को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है पार्टी इस बार राज्य में मजबूती से चुनाव लड़ने को लेकर नजर आ रही है। मुझे आशा ही नहीं उम्मीद है कि इनके प्रभारीयों के नेतृत्व में भारत आदिवासी पार्टी ऊंचाई पर पहुंचेगीद्य तीनों प्रभारी का हार्दिक हार्दिक स्वागत है।

### कृषि एवं उद्योग विभाग की स्थाई समिति की हुई बैठक

**रांची :** कृषि एवं उद्योग विभाग की स्थाई समिति की बैठक सभापति आदिल अजीम की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागर में हुई। आदिल अजीम ने सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देश दिया काम में तेजी लाएं। खाद एवं बीज की उपलब्धता की समीक्षा की गयी। कृषकों को डीएपी का उपयोग कम कर जैविक खाद (जैविक खेती) का उपयोग करने हेतु सलाह देने संबंधी चर्चा की गयी, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु केंपेन आयोजित करने के संबंध में चर्चा की गयी।सभी खंड और पंचायत से मिट्टी की जांच कराई जा रही है जिससे किसानों को जानकारी मिलेगी कोन से जमीन पीआर कोन सा और कितना खाद देना है इस काम में तेजी लाने का निर्देश दिया साथ ही।

# कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष और सदस्य 31 को आएंगे रांची



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड के लिए गठित स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश, सदस्य पूनम पासवान और प्रकाश जोशी 31 अगस्त को 2.30 बजे रांची पहुंचेंगे।

इस संबंध में शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि रांची पहुंचने के बाद स्क्रीनिंग कमेटी के पदधारी 31 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक दल नेता, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, झारखंड से आने वाले राष्ट्रीय पदाधिकारी, वर्तमान एवं पूर्व सांसदों, विधायक दल उप नेता कांग्रेस के मंत्रियों पूर्व मंत्रियों, अग्रणी मोर्चा संगठन के अध्यक्षों से मुलाकात करेंगे। एक अगस्त को कांग्रेस भवन में समिति जिला अध्यक्षों, विभिन्न विभागों के अध्यक्षों, बोर्ड, निगम, आयोग के अध्यक्षों तथा विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से मुलाकात करेगी। इस क्रम में समिति के सदस्य सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए राजनीतिक, सामाजिक, समीकरण भौगोलिक परिस्थितियों तथा अन्य पहलुओं की विस्तृत रूप से जानकारी लेकर उस पर समीक्षा करेंगे और सक्षम उम्मीदवारों की सूची तैयार करने की प्रक्रिया करेंगे।

# सात दिवसीय भागवत कथा शुरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस लाइन, रांची में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के सातवें दिन कथा शुभारंभ का उद्घाटन संयुक्त रूप से रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा। कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह, प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रवक्ता सह राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह,भाजपा नेता सह रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा अध्यक्ष मुनचुन राय, राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता राजेश सिन्हा, झारखंड मानवाधिकार संघ के अध्यक्ष दिनेश किनु ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत किया।

# योगासन की मदद से बीमारी कर सकते हैं ठीक: जगदीश सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारी वजन उठाने, ऊंची जगह से कूदने, तेज दौड़ने, मानसिक तनाव और अचानक झुकने की वजह से कई बार नाभि खिसकने की समस्या हो जाती है। यह एक पीड़ादायक समस्या है। इसमें नाभि के स्थान पर नाड़ी ऊपर या नीचे खिसक जाती है। इस दौरान पेट में दर्द, दस्त, शरीर में कमजोरी होना बेहद आम है। इतना ही नहीं नाभि खिसकने पर घबराहट और जी मिचलाने की समस्या भी होती है। लंबे समय तक अगर नाभि खिसकने की समस्या रहती है, तो इससे कई दूसरी तरह की समस्याएं जन्म ले लेती हैं। इसमें बीपी, अनिद्रा, तनाव, कब्ज और लिवर सिरोसिस शामिल हैं। ऐसे



में इसे समय पर ठीक करना बेहद जरूर होता है। अगर आप भी नाभि खिसकने की समस्या से परेशान हैं, तो कुछ योगासनों की मदद से इसे ठीक कर सकते हैं। नौकासन प्रारम्भिक स्थिति में लेट जायें, हथेलियाँ जमीन पर रहें। गहरी श्वास लेते हुए पैरों, भुजाओं, कन्धों, सिर और धड़ को जमीन से ऊपर उठायें। कन्धों और पैरों को जमीन से 15 सेन्टीमीटर से अधिक ऊपर न उठायें। शरीर को नितम्बों पर संतुलित करें और मेरुदण्ड को सीधा रखें। दृष्टि पैरों की उँगलियो को ओर रहे।

# चंपाई सोरेन के भाजपा में जाने से गठबंधन को कोई फर्क नहीं पड़ता : केशव महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के बाद कांग्रेस के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि चंपाई सोरेन को जिस तरह से मान - सम्मान झारखंड मुक्ति मोर्चा में मिलता रहा और हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उन्हें महागठबंधन ने संयुक्त रूप से निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री पद भी दिलाया वे मुख्यमंत्री बने। इस बीच उनके मन में ऐसा क्या आया और किस लिए और किनके कहने पर वे झामुमो पार्टी छोड़कर , यहागठबंधन को दरकिनार कर भाजपा का दामन थामना स्वीकार किया यह तो वही बता सकते हैं। लेकिन जहां तक सरकार के स्वास्थ्य पर फर्क पड़ेगा, ऐसा कुछ नहीं होने जा रहा है। इतना ही नहीं कोल्हान में भी कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा मजबूत हुई है। हम लोग फिर से झारखंड में एक मजबूत सरकार बनाकर दिखाएंगे। अब भाजपा में अगर चंपाई सोरेन गए हैं तब उनकी क्या स्थिति होगी वह आने वाला दिन बताया।

# हत्यारोपित को जेल में रहने के बाद मिली सशर्त जमानत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अपर न्यायायुक्त पवन कुमार की अदालत ने शुक्रवार को हत्या के आरोपित संजय नायक की जमानत याचिका सुनवाई के बाद सशर्त स्वीकार किया। शर्त के तहत आरोपित को केस के ट्रायल पूरी होने तक प्रत्येक तारीख को कोर्ट में हाजिरी लगानी होगी। वह नामकुम कांड संख्या 215/2019 मामले में आरोपित है। उसमें उसको जमानत की सुविधा प्राप्त है लेकिन मामले की सुनवाई के लिए निर्धारित तारीख को कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ।

इस पर अदालत ने उसका बंध पत्र रद्द करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने दोबारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हत्या मामले के आरोपित नामकुम निवासी संजय नायक को मिली जमानत का मिस यूज करने के आरोप में 22 दिन जेल में रहना पड़ा। तब उसे फिर से सशर्त जमानत की सुविधा कोर्ट ने प्रदान की।




# स्वस्थ शरीर में होता है स्वस्थ मन : फादर एन. लकड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** संत जेवियर्स कॉलेज राँची में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कॉलेज परिसर में अगले तीन दिनों तक बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और बैडमिंटन जैसे इंडोर खेल का आयोजन किया जा रहा है। खेल के पहले दिन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर एन. लकडा, एसजे ने खेल का उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ दिमाग के लिए स्वस्थ शरीर का होना आवश्यक जो कि हमें शारीरिक मेहनत करने से होगा।



इस अवसर पर उप-प्राचार्य डॉ. फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने भी कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कॉलेज परिसर में बेहतर वातावरण तैयार है। विद्यार्थी इसका भरपूर लाभ लेते हैं और स्पोर्ट्स के क्षेत्र में आगे बढ़ते हैं। पहले दिन के खेल में कॉलेज के प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने जमकर इसका लुफ्त उठाया। मौके पर कॉलेज के उप प्राचार्य (इवनिंग) डॉ. फादर अजय मिंज, एसजे, रजिस्ट्रार डॉ. फादर केनेडी सोरेंग, एसजे, स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रो. राम मुर्मू, डॉ. धीरजमणि पाठक सहित अन्य उपस्थित थे।

# 27वें एक्सपो उत्सव के लिए कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जेसीआई राँची ने अपने 27 वें एक्सपो उत्सव के कार्यालय का उद्घाटन कॉमर्स टावर, लाइन टैंक रोड स्थित अपने कार्यालय में शुक्रवार, 30 अगस्त को किया।अध्यक्ष जेसी विक्रम चौधरी ने बताया की इस वर्ष एक्सपो 26 सितम्बर से 2 अक्टूबर के बीच मोराबादी मैदान रांची में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश के 350 से अधिक स्टॉल धारक अपना स्टॉल एक्सपो में लगाएंग। एक्सपो 2024 के मुख्य संयोजक जेसी श्याम अनुराग ने बताया की कार्यालय में अब प्रतिदिन पदाधिकारी एवं सदस्यगण एकत्रित होंगे एवं एक्सपो के तैयारी की चर्चा करेंगे और एक्सपो की बेहतरी के लिए योजना बनाए जाएंगे एवं टीम को उनके कार्यो से अवगत कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि हर साल एक्सपो 5 दिनों का होता है पर इस साल झारखंड का यह बहुचर्चित कंस्यूमर फेयर 7 दिनों का होगा।एक्सपो के मीडिया प्रभारी जेसी प्रतीक जैन ने बताया कि इस वर्ष एक्सपो में ऑटोमोबाइल्स के सभी बड़े ब्रांड अपने स्टाल लगा रहे हैं एवं एक्सपो को बिल्कुल नए रूप में पेश करने की तैयारी की जा रही है।ऑटो जोन के अलावा फर्नीचर जोन, महिलाओं के लिए खास पिंक हेंगर, फूड जोन, स्टार्ट अप जोन, एम्यूजमेंट पार्क आदि भी रहेंगे। एक्सपो में रोज़ नये नये इवेंट्स भी होंगे।इस कार्यक्रम के अवसर पर सचिव मयंक अग्रवाल, अभिषेक केडिया, मनीष रामसिसरिया, आनंद धानुका, नारायण मुरारका,अभिनव मंत्री, गौरव अग्रवाल अमित खोवाल, संजय जैन व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# आरपीएफ ने 85 लोगों से वसूला जुर्माना



**रांची :** रांची रेलवे स्टेशन पर रेलवे न्यायिक मजिस्ट्रेट की देखरेख में आरपीएफ इन्स्पेक्टर ने शुक्रवार को एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत कुल 85 आरोपितों के खिलाफ रेल अधिनियम कि धारा 162 के तहत (45 मामले) तथा रेल अधिनियम कि धारा 147 के तहत (40 मामले) दर्ज किए गए। बाद में सभी से कुल 4,250 रुपये जुर्माना वसूला गया।

# पति की लंबी उम्र के लिए महिलाएं छह सितंबर को रखेंगी निर्जला तीजा व्रत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हरतालिका तीज का व्रत भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि छह सितंबर को मनाया जाएगा। यह व्रत सुहागिन महिलाओं का वर्ष भर का सबसे महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध व्रत है। यह व्रत सौभाग्वती महिलाएं अपने सौभाग्य को अक्षुण्ण बनाए रखने और कुंवारी कन्याएं अपने भावी जीवन साथी एवं सुखी दांपत्य को प्राप्त करने के लिए करेंगी। हरितालिका तीज पर सुहागिन महिलाएं अपने पति के लंबी उम्र की कामना के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। पंडित मनोज पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि हरतालिका तीज में भगवान शिव, माता गौरी और गणेशजी की पूजा का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि तृतीया तिथि पांच सितंबर को सुबह 10.05 बजे से प्रारंभ होगा और छह सितंबर को दोपहर 12.09 बजे समाप्त होगा। हस्त नक्षत्र पांच सितंबर को पूरा दिन रहेगा, छह सितंबर को सुबह 8.10 बजे समाप्त होगा। इसलिए छह सितंबर को उदयातिथि में तृतीया होने से इस दिन पूरे दिन तृतीया मान्य होगा। इसलिए तीज की पूजा छह सितंबर को दिन भर होगा। उन्होंने बताया कि हरतालिका तीज व्रत प्रदोषकाल में किया जाता है। इसमें दिन और रात के मिलन का समय होता है। इस व्रत को पूरे दिन और रात निर्जला रहकर किया जाता है।



# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 30 अगस्त 2024 को रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 1, 2, 3, एवं 4 में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में लोगों की शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। 31 अगस्त 2024 को जिले के 25 पंचायतों और रांची नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 5, 6, 7, और 8 में शिविर का आयोजन किया जायेगा। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। हेसल पंचायत, अनगड़ा, चतरा पंचायत, अनगडा, जामटोली पंचायत, बेडो, जरिया पंचायत, बेडो, हुमटा पंचायत, बुण्डू, छापर पंचायत, बुडमू, पतरातु पंचायत, चान्हो, बलसोकरा पंचायत, चान्हो, कुल्ली पंचायत, ईटकी, ईचापीडी पंचायत, कांके, पिठोरिया पंचायत, कांके, तुमांग पंचायत, खलारी,




देवगांव पंचायत, लापुंग, करगे पंचायत, माण्डर, चेटे पंचायत, नगडी, नगडी पंचायत, नगडी, ईरबा पंचायत, ओरमांझी, करमा पंचायत, ओरमांझी, सताकी पंचायत, राहे, तारूप पंचायत, रातु, बंता उत्तरी, सिल्ली, बंताहजाम दक्षिणी, सिल्ली, गलउ पंचायत, सोनाहातु, जामुदाग पंचायत, सोनाहातु, मानकीडीह पंचायत, तमाड में वहीं 2 सितंबर को चिलदाग पंचायत, अनगडा, साल्हन पंचायत, अनगडा, दिघिया पंचायत, बेडो, करांजी पंचायत, बेडो, ऐदलहातु पंचायत, बुण्डू , बाडे पंचायत, बुडमू, चोरेया पंचायत, चान्हो, करकट पंचायत, चान्हो, कुर्गी पंचायत, ईटकी , काटमकुली पंचायत, कांके, मनातु पंचायत, कांके, मायापुर पंचायत, खलारी, ककरिया पंचायत, लापुंग, ब्राम्बे पंचायत, माण्डर, बालालौंग पंचायत, नगडी, नारो पंचायत, नगडी, रामपुर पंचायत, नामकुम, सिठियो पंचायत, नामकुम, कूटे पंचायत, ओरमांझी, बरवे पंचायत, ओरमांझी, चकला पंचायत, ओरमांझी, होटलो पंचायत, राहे, पाली पंचायत, रातु, तिगरा पंचायत, रातू, लोवादाग पंचायत, सिल्ली, टुटकी पंचायत, सिल्ली, बारूहातु पंचायत, सोनाहातु,बारेंदा पंचायत, सोनाहातु, उलीलोहर पंचायत, तमाड शामिल हैं।

# दो सितंबर को पेट्रोल-डीजल पंप रहेगा बंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दो सितंबर को पेट्रोल-डीजल व अन्य ईंधनों का मिलना मुश्किल होगा, क्यूंकि झारखंड में पेट्रोल पंप बंद रहेंगे। कमीशन बढ़ाने और वैट घटाने की मांग को लेकर झारखंड के पेट्रोल पंप संचालक अब आरपार की मूड में आ गए हैं।

पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन अपनी ने इस मांग को लेकर दो सितंबर को पूरे राज्य के पेट्रोल पंपों को बंद करने का फैसला लिया है। झारखंड में कुल 1600 से अधिक पेट्रोल पंप संचालित है। ऐसे में एक साथ सभी पेट्रोल पंपों के बंद होने से प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की किल्लत हो सकती है। पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन का कहना है कि डीलर मार्जिन को लेकर राज्यपाल से मिल कर ज्ञापन सौंपा जायेगा। इससे पहले डीलर और पेट्रोल पंपकर्मी काला बिल्ला लगा कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। सभी जिले के डीलर्स अपने-अपने यहां के विधायकों और सांसदों को ज्ञापन सौंपेंगे।



अगर सरकार तब भी नहीं मानी तो 2 सितंबर को राज्य के लगभग 1600 पेट्रोल पंप एक दिन के लिए बंद रखे जायेंगे।

## टोयोटा ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ की साझेदारी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने व्यापक और सुलभ वाहन वित्तपोषण समाधानों को सक्षम करने के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य ग्राहकों की उभरती जरूरतों को पूरा करना और टोयोटा वाहनों को पहले से कहीं अधिक सुलभ बनाने के लिए अभिनव और आकर्षक समाधान प्रदान करना है। निजी उपयोग के लिए खरीदे गए टोयोटा के किसी भी वाहन की ऑन-रोड कीमत पर 90 फीसदी तक वित्तपोषण मुहैया कराया जा सकेगा। फाइनेंसिंग विकल्प ग्राहकों को 84 महीने तक की लचीली अवधि चुनने में मदद करेंगे। इसमें प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें वर्तमान में 8.80 फीसदी प्रति वर्ष से शुरू होंगी।

## ब्यूरोक्रेसी और डायनेमिक वर्क इनवायरमेंट के बीच हो बैलेंस अप्रोच : डॉ. जॉन मथाई



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एक्सएलआरआइ में एचआर फॉर द ग्रेटर गुड कॉन्क्लेव 2024 का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस कॉन्क्लेव में पब्लिक सेक्टर की प्रसिद्ध 14 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कॉर्पोरेट लीडर्स, एचआर प्रोफेशनल, इंडस्ट्री एक्सपर्ट और शिक्षाविद एक प्लेटफॉर्म पर जुटे, जहां मुख्य रूप से इस बात पर चर्चा हुई कि ऑर्गनाइजेशनल सस्टेनेबिलिटी, नैतिकता और कर्मचारियों के कल्याण में ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर उद्घाटन सत्र में साउथ इस्टर्न कोल फिल्ड्स लिमिटेड के डायरेक्टर बिरंची दास उपस्थित थे। उन्होंने एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसिल्वा, डीन एकेडमिक्स प्रो. संजय पात्रो और एचआर कॉन्क्लेव के कन्वेनर जतिंदर कुमार झा के साथ संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

## डिमना रोड में हीरो प्रीमिया, हार्ले डेविडसन की नई बाइक की लांचिंग



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एनएच-33, सुधा कॉम्पलेक्स, डिमना चौक स्थित हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, दुनिया की सबसे बड़ी दो पहिया वाहन निर्माता की प्रीमियम वाहनों की प्रमुख शो-रूम ''हीरो प्रीमिया'' हार्ले डेविडसन X440 बाइक तीन नए रंगों के साथ 2.60 लाख रुपये की आकर्षक कीमत पर उपलब्ध है। यूनिसन प्रीमिया ने हार्ले-डेविडसन X440 के लिए तीन नए रंग योजनाएं पेश की हैं। शुक्रवार को डिमना रोड स्थित शोरूम में लॉन्च किया गया।

## जोड़सा में मां मनसा देवी की प्रतिमा विसर्जित

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड के सुदूरवर्ती जोड़सा गांव के कुम्हार पाड़ा में स्थापित सांपों की देवी मां मनसा की प्रतिमा को शुक्रवार की देर शाम श्रद्धालुओं ने अश्रुपूरित नेत्रों से बनिया तालाब में विसर्जन कर दिया। इसके पहले महिलाओं ने मां मनसा देवी की आरती उतार सालों भर सुख समृद्धि बनाये रखने हेतु प्रार्थना की। इस दौरान जांत मंगल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोगों ने आसछे बोछर आबार होबे का नारा लगाते हुए देर शाम बानिया तालाब में विसर्जन कर दिया। मौके पर देवेंद्र कुंभकार, दिलीप कुंभकार, सीमंत कुंभकार, शंभु कुंभकार, प्रह्लाद कुंभकार समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## कुकड़ू में आजसू पार्टी की जनजागरण पदयात्रा



**तिरुलडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुकड़ू प्रखंड में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो के नेतृत्व में जनजागरण पदयात्रा निकाली गई। यह कार्यक्रम प्रखंड कार्यालय के समीप से शुरू होकर कुकड़ू हाट मैदान तक चलाया गया। जिसमें कुकड़ू प्रखंड के सभी पंचायत के कार्यकर्ता शामिल हुए। पदयात्रा के माध्यम से बेरोजगार युवाओं के बायोडाटा संग्रह का कार्य भी किया गया जिससे पता लग सके कि वर्तमान सरकार ने जो वादा किया था 5 लाख नौकरी प्रतिवर्ष देने का उसमें अभी तक कितने बच्चे बेरोजगार है व कितनों को नौकरी दी। मौके पर प्रभारी सुनील महतो, आजसु केंद्रीय सचिव सत्यनारायण महतो, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव ,कुकड़ू प्रखंड अध्यक्ष अरूण महतो, चांडिल प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप, रंजीत महतो समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महिलाओं को समाज की कुरीतियों से मुकाबला करने के लिए संगठित होना जरूरी : नरगिस खातून




**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चक्रधरपुर में सृजन महिला विकास मंच के द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सुरक्षित पलायन एवं घरेलु महिला कामगार के अधिकारों के संरक्षण हेतु किया गया। इसमें अतिथियों के रूप में लोक अदालत सदस्य मालती लागुरी, पूर्व बाल कल्याण समिति सदस्य सुनीति, महिला थाना प्रभारी सशी भेंगरा, अधिवक्ता अभिषेक, डीएलएसए से रेनू देवी शामिल हुए। साथ ही प्रखंड के 10 पंचायत से 70 सुरक्षित पलायन मंच के प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला में शिरकत किया।

## नीमडीह निवासी का ड्यूटी से घर जाने के क्रम में दुर्घटना, अस्पताल में मिलने पहुंचे कल्याण चंद्र सिंह



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नीमडीह थाना क्षेत्र के सीमा गुंडा गांव निवासी ठाकुरदास महतो ड्यूटी से वापस घर जाने के क्रम में दुर्घटना होने से गंभीर रूप से घायल हो गया है। वह टाटा स्टील के ठेका कंपनी में काम करते हैं। घटना शुक्रवार करीब दो बजे की है। स्थानीय लोगों ने घायल ठाकुरदास को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलने पर ईचागढ़ राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह एमजीएम अस्पताल पहुंचे और घायल ठाकुरदास महतो और उनके परिवारजनों से मुलाकात की। वहीं बेहतर इलाज हेतु उन्हें टीएमएच रेफर किया गया है। इस दौरान घायल ठाकुर के भाई गोवर्धन दास महतो व विवेक महतो उपस्थित थे।

## केन्दो पंचायत में लगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम, सन्नी उरांव ने किया उद्घाटन



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चक्रधरपुर प्रखंड के केन्दो पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन गुरुजी आशीर्वाद योजना के अध्यक्ष सन्नी उरांव, अंचलाधिकारी गिरजनन्द किस्कु, मुखिया शांति देवी और विधायक प्रतिनिधि पिरु हेंब्रम ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को जानकारी दी गई। साथ ही लाभुकों ने विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन दिया। वहीं विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। मौके पार अंचलाधिकारी ने लाभुकों को योजनाओं की जानकारी दी।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू

## जमशेदपुर सदर प्रखंड के पूर्वी कीताडीह पंचायत के शिविर में शामिल हुए डीसी व डीडीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राज्य सरकार के निर्देशानुसार पूर्वी सिंहभूम जिला में शुक्रवार से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत हुई। 30 अगस्त से 15 सितंबर तक आयोजित इस कार्यक्रम के पहले दिन 10 प्रखंड के 18 पंचायत एवं 2 नगर निकायों में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त (डीसी) अनन्य मित्तल द्वारा जमशदेपुर सदर प्रखंड के पूर्वी कीताडीह पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया गया। शिविर में उप विकास आयुक्त



(डीडीसी) मनीष कुमार, बीडीओ सुधा वर्मा, प्रखंड प्रमुख पानी सोरेन, उप प्रमुख शिव हांसदा व अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। मौके पर जिले के वरीय पदाधिकारियों ने परिसर में पौधारोपण पर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। उपायुक्त ने शिविर में पहुंचे लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होने विशेषकर आवास विहिनों के लिए शुरू की गई अबुआ आवास योजना को लेकर बताया कि राज्य सरकार वैसे सभी व्यक्ति जिनके पास पक्का मकान नहीं है उनके लिए यह योजना लेकर आई है। उसी प्रकार 10वीं और 12 वीं उत्तीर्ण छात्र जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है वे गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना के लिए अपना आवेदन पंचायत स्तरीय शिविरों में जमा कर सकते हैं। इस दौरान उपायुक्त ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से उसका लाभ उठाने की अपील की। पंचायत स्तरीय शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

## बन्ना गुप्ता ने सर्वजन पेंशन योजना के 834 लाभुकों के बीच बांटे पेंशन स्वीकृति पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राज्य के स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने शुक्रवार को मानगो डिमना रोड राजस्थान भवन में जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मानगो में रहने वाले बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों को राज्य सरकार की सर्वजन पेंशन योजना के तहत 834 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट का वितरण किया। अब इन लाभुकों को पेंशन मिलना प्रारंभ हो जाएगा। इस अवसर पर मंत्री ने कहा है कि मैंने जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को पेंशन स्कीम से जोड़ने के लिए कैंप के माध्यम से कार्यकर्ताओं को आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया था। आज इसी का परिणाम है के मुझे इन सभी को पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट बाटने का मौका मिला है। इस शुभ कार्य से मैं सचमुच बहुत खुश हूं। मैंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है इसी तरह से आगे भी क्षेत्र में कैंप लगाकर जरुरतमंदों का आवेदन को जमा करवा कर उन्हें इस योजना से जोड़ें। इस दौरान ईश्वर सिंह, अजय मिश्रा, संजय शर्मा, कंटू यादव, उमेश शर्मा, चमन सिंह, राकेश दास, सुबोध पाल, रवि शंकर, पवन ओझा, नितेश मित्तल, प्रभाकर साहू व मुकेश गुप्ता सहित बहुत सारे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का विधायक व एसडीएम ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़/तिरुलडीह :** ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का विधायक सविता महतो व एसडीएम ने निरीक्षण किया। ईचागढ़ के सितु व कुकड़ु के तिरूलडीह में कार्यक्रम के दौरान विधायक व एसडीएम ने एक एक स्टालों का अवलोकन कर ग्रामीण लाभूकों से भी समस्याओं से रूबरू हुए। वहीं विधायक सविता महतो व एसडीएम शुभ्रा रानी ने कार्यक्रम में लोगों को विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं का लाभ उठाने का अपील की। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों का 21 स्टाल लगाए गए थे। स्टालों में आबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, मनरेगा, विधवा, वृद्धावस्था पेंशन योजना, कल्याण विभाग, चिकित्सा विभाग आदि विभागों का आवेदन लिया गया। प्रखंड स्तरीय योजनाओं का तत्काल स्वीकृती प्रदान किया गया। सखी मंडलो के महिलाओं के बीच डेमो चेक , स्कूली बच्चियों के बीच साइकिल



वितरण, मनरेगा जॉब कार्ड, केसीसी ऋण सहित कई परिसम्पतियों का वितरण भी किया गया। वहीं विधायक सविता महतो ने बताया कि आज सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया। अब बारी बारी से सभी पंचायतों में ये कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, ताकि लोगों को प्रखंड, अंचल व जिला जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं एसडीएम ने बताया कि आज विधायक के साथ सरकार आपके द्वार कार्यक्रमों का निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोग अपने पंचायत में ही सभी योजनाओं का आवेदन देकर उसका लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक होकर सरकार की योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। मौके पर बीडीओ किकु महतो,सीओ दीपक प्रसाद सहित सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## घरों में लार्वा मिलने पर जुर्माना वसूलें, सितंबर माह में भी डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण जरूरी : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिले में डेंगू के प्रसार को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। नगर निकायों में लार्वा जांच अभियान हो या साफ-सफाई, फॉगिंग, लापरवाही बरतने वालों से जुर्माना वसूलना सभी एहतियातन कदम उठाये जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा समाहरणालय सभागार में प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य विभागीय पदाधिकारियों तथा निजी अस्पताल, कंपनी प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अबतक के कार्रवाई की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल, वीबीडी पदाधिकारी डॉ. ए. मित्रा, डीआरसीएचओ डॉ. रंजीत पांडा, एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ. असद,



जुस्को तथा निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि समेत जिले में अबतक 60 लोग डेंगू पॉजिटिव पाये गए हैं जिसमें पूर्वी सिंहभूम जिला के 42 लोग शामिल हैं। डेंगू जांच अभियान को लेकर बताया गया कि 2 लाख 26 हजार 61 घरों में सर्च किया गया जिसमें 9617 घर इंफेक्टेड पाये गए। वहीं 50 हजार रुपए से ज्यादा का जुर्माना वसूला गया। उपायुक्त ने अबतक की कार्रवाई को संतोषजनक बताते हुए सितंबर माह में भी और सतर्क एवं सजग होकर कार्य करने का निर्देश डेंगू टास्क फोर्स को दिया। उपायुक्त ने सभी नगर निकाय, जुस्को एवं डेंगू टास्क फोर्स को जांच में लार्वा मिलने वाले घरों के मालिक के विरूद्ध अनिवार्य रूप से जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही डेंगू का प्रभावी तरीके से रोकथाम संभव है, इस लड़ाई में इंफॉरम्शन और कम्यूनिकेशन महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

## मंत्री बनने पर रामदास सोरेन को विधायक मंगल कालिंदी ने दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष और घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन को मंत्रीमंडल में शामिल किए जाने और उनके शपथ लेने के बाद जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने उनसे मिलकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि रामदास सोरेन एक अनुभवी और जुझारू नेता हैं उनके अनुभव का सरकार और पूर्वी सिंहभूम क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी



के द्वारा की जा रही राज्य की सेवा में पूरी मेहनत, लगन और ताकत से रामदास दा उनका साथ देंगे। पूर्वी सिंहभूम का दोगुनी रफ्तार से विकास का नया कीर्तिमान स्थापित होगा। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन और अन्य मंत्री गण और विधायकगण भी उपस्थित थे।

## खरसावां में कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां प्रखंड अंतर्गत नारायणबेड़ा, टांकोडीह, हुडागंदा, नवाडीह, बिरूजारा, रिडिंग व जोटोडीह में कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन विधायक दशरथ गगराई की धर्मपत्नी बासंती गगराई, जिला परिषद सदस्य कालीचरण बानरा व विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप आदि के द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत 1.47 करोड़ की लागत से खरसावां प्रखंड अंतर्गत दो किलोमीटर लंबी रिडिंग से चुरकाडीह तक पथ। इसके अलावे विधायक योजना के तहत 3.25 लाख की लागत से नारायणडीह में स्नान घाट, नवाडीह



में 5. 82 लाख की लागत से पीसीसी पथ निर्माण कार्य, बिरूजारा में 3.87 लाख की लागत से गांधी चबुतरा एवं शेड निर्माण, जोटोडीह में 3.87 लाख की लागत से गांधी चबुतरा एवं शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। जबकि विधायक निधि से 3.25 लाख की लागत से टांकोडीह में निर्मित स्नान घाट निर्माण कार्य, अनुसूचित जाति अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग झारखंड सरकार के द्वारा खरसावां नारायणबेडा में 12.72 लाख की लागत से निर्मित आदिवासी संस्कृति एवं कला केन्द्र भवन एवं 18.73 लाख की लागत से खरसावां के पुराना हुडागंदा में जाहेरास्थान घेराबंदी निर्मित निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया।

## भाजमो कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी में हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजन प्रखण्ड अध्यक्ष अतुल गुप्ता की अध्यक्षता में भुईयांडीह में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिलाध्यक्ष आनन्द



**आनंद बिहारी दुबे ने किया स्वागत**

बिहारी दुबे ने नव आगंतुक सदस्यों को एवं पदाधिकारियों को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी में शामिल कराया। जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने सभी नव आगंतुक सदस्यों को शपथ दिलाया तथा माला पहनाकर कांग्रेस पार्टी का झंडा प्रदान किया। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले नेता में विनोद यादव (भुईयांडीह मंडल अध्यक्ष भाजमो) के नेतृत्व में लगभग सभी पदाधिकारी एवं मंडल क्षेत्र में पड़ने वाले सभी बूथ कमिटी के सैकड़ों सदस्यों के साथ कांग्रेस पार्टी में सदस्यता ग्रहण किया। विनोद यादव ने हुंकार भरते हुए कहा कि अब कांग्रेस पार्टी का समय आ गया है जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी ही इस बार नेतृत्व करेगी, कांग्रेस पार्टी को जीतने के लिए एड़ी चोटी लगा दूंगा, आम जनता भरोसा रखें गरीब महिलाओं, बेरोजगारों सभी का कल्याण सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही करेगी। सदस्यता ग्रहण करने वाले पदाधिकारी एवं सदस्यों में मोहर यादव, रामवृक्ष यादव, अखिलेश यादव, नरेश यादव, उमेश यादव, रामदास मेहता, गंगा प्रजापति, अजय यादव, पंकज यादव, विद्यानाथ पासवान, भुनेश्वर यादव, चन्द्र शर्मा, गोविंद पांडे, हरिहर साहू, इंद्रजीत यादव जंग बहादुर, भोगेंद्र यादव, मुन्ना यादव, ललन यादव, मुकेश शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, पवन सिंह, छोटू प्रकाश, आर के वर्मा, राजकुमार, राजू मास्टर, रामकिशन, रमेश यादव, रतन तिवारी, बिरजू शर्मा, रवि यादव, सियाराम यादव, सीमा राम, सुजीत ठाकुर, सुखेंद्र यादव, विक्की यादव, सुनील सिंह, गीता देवी, किरण देवी, कोमल देवी, लता देवी, ममता देवी, रंजना देवी, रीना देवी, रीना शर्मा, सुमन यादव, तारा देवी, उर्मिला यादव, उषा यादव, इंदू देवी, मोहन साव, बबीता देवी माली, रिंकी सिंह, अजय गुप्ता, लालबाबू, राम किशोर मुख्य रूप से शामिल हुए।

## कुचाई के मरांगहातु पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ कुचाई प्रखंड के मरांगहातु पंचायत भवन में विधिवत उद्घाटन डीआरडीए निदेशक अजय कुमार तिर्की, बीडीओ साधु चरण देवगम, सीओ अनंत शयनम विश्वकर्मा व बीटीएम राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते डीआरडीए निदेशक अजय तिर्की ने बताया कि सरकारी योजनाओं को सुगमता के साथ लोगों तक पहुंचाने के लिए ही सभी पंचायतों में शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से जागरूक हो कर योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन करने की अपील की। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुजीत मुर्मू, बीटीएम राजेश कुमार, बीएओ लिबुनश हेंब्रम, डॉ. शुभंकर दास, डॉ. अजीत कुमार, राजेश कुमार व सुरेंद्र गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## ओल्ड बारीडीह में दुर्गा पूजा के लिए भूमि पूजन संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ओल्ड बारीडीह लंबा मैदान दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से शुक्रवार को पंडाल निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन हुआ। इस शुभ अवसर पर पुरोहित ने विधिवत पूजा कराई। पूजा का मुख्य उद्देश्य देवी दुर्गा के लिए पवित्र स्थान का चयन के साथ शुद्धिकरण करना। अध्यक्ष नितिन झा ने कहा कि यहां पिछले 66 वर्षों से पूजा आयोजन होता आ रहा है। इस वर्ष भी कॉलोनीवाशी एवं मेंबर के साथ मिलकर विधिपूर्वक इस पूजा का आयोजन किया जायेगा। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष और भी अच्छा किया जायेगा। इस वर्ष पंडाल एवं प्रतिमा आकर्षण का केंद्र एवं विद्युत सजावट भी विशेष रहेगा।

## कदमा रंकिणी मंदिर में दुर्गा पूजा के लिए भूमि पूजन संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को कदमा स्थित रंकिणी मंदिर में दुर्गा पूजा के लिए भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर पूजा कमिटि के लोगों ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष का पूजा पंडाल कदमा में निश्चय ही आकर्षण का केंद्र होगा एवं इस भव्य पंडाल को तैयार करने में बंगाल के कंटाई से आये हुए अनुभवी कारीगरों सहित अन्य लोगों की विशिष्ट भूमिका होगी। इस पंडाल की बनावट काफी बारीकी से की जायेगी एवं लाईटिंग भी बंगाल के कारीगरों द्वारा की जायेगी। उक्त जानकारी देते हुए दुर्गा पूजा कमिटि प्रबंधन ने कहा कि पूजा में ढाकी कंटाई बंगाल की है। मूर्ती केदार मल्लीक द्वारा बनाई जा रही है। पंडाल में रंग-बिरंगी लाईटों की अनोखी व्यवस्था की जायेगी जो देखने लायक होगी। इसके अलावा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जायेंगे



साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के लिए कदमा थाना की सहायता के अलावा प्राईवेट सिक्युरीटी गार्ड की व्यवस्था की जाएगी। अग्नि शामक उपकरण भी लगाये जाऐंगे। दुर्गा पूजा के संचालन कमिटी में अध्यक्ष दिलिप दास, महासचिव जनार्दन पाण्डेय, उपाध्यक्ष केजी गोविन्द के अलावा एस रमेश कुमार, एआर डे (बापी दा), हरभजन सिंह, दीपक विश्वास, आरएमपी सिंह एवं पीके सिंह, सुभाष, नन्द कुमार, गोविन्द प्रसाद सिंह, संजय कुमार सहित कमिटि के अन्य सदस्य उपस्थित थे।


**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 16/2024–25

दिनांक 29/08/2024

मद का नाम :– 15वें वित्त आयोग मद।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि | टेंडर कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बरकट्ठा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, सूर्यकुण्ड का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह | तृतीय कॉल |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 03.09.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 03.09.24 से 11.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 13.09.2024 पूर्वाह्न 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 334151 District(24-25)D

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




संपादकीय

## किसानी, बेरोजगारी का चुनाव

**हरियाणा** में किसान और बेरोजगारी निर्णायक चुनावी मुद्दे साबित हो सकते हैं। संयुक्त किसान मोर्चा की हरियाणा ईकाई ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, केंद्रीय कृषि मूल्य आयोग, जो एमएसपी तय करता है, किसान आंदोलन के दौरान मारे गए 736 किसानों के स्मारक की मांग और अन्य जुड़े मामलों पर विमर्श करना तय किया है। ये कोई मान्यता प्राप्त किसान संगठन नहीं हैं। केंद्र और राज्य सरकार अपने स्तर पर एमएसपी को लेकर लगातार विमर्श करती रही हैं। यह दीगर है कि फिलहाल कोई भी निष्कर्ष सामने नहीं है। अब किसानों के विमर्श का निष्कर्ष कुछ भी रहे, लेकिन यह हरियाणा के विधानसभा चुनाव की दशा-दिशा तय कर सकता है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हाल ही में कुरुक्षेत्र में रैली को संबोधित किया था, जिसमें एमएसपी को लेकर गारंटी दी गई थी कि सरकार एमएसपी पर ही फसलें खरीदेगी। संयुक्त किसान मोर्चा ने उस गारंटी को खारिज कर दिया। किसान राष्ट्रीय स्तर पर एमएसपी की कानूनी गारंटी मांग रहे हैं, लिहाजा केंद्रीय मंत्रियों से ही बातचीत होती रही है। केंद्र सरकार ने ही एक कमेटी बनाई थी, जिसके फैसले अभी सार्वजनिक किए जाने हैं। हरियाणा की फसलों की खरीद सीमित है तथा हरियाणा के किसानों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री की गारंटी को 'चुनावी स्टंट' करार दिया है। किसानों का दावा है कि मुख्यमंत्री सैनी के घोषित नए एमएसपी से उन्हें 3851 करोड़ रुपए का नुकसान होगा। नुकसान का यह आंकड़ा किस आधार पर तय किया गया है, यह स्पष्ट नहीं है। हालांकि किसान आंदोलन में हरियाणा अपेक्षाकृत सक्रिय नहीं था और न ही आंदोलन के बाद किसान नेताओं को कोई राजनीतिक सफलता मिली। पंजाब और हरियाणा में जिन किसान नेताओं ने चुनाव लड़े, वे पराजित हुए और जमानतें भी जब्त हुईं। हरियाणा में सबसे अधिक करीब 24 फीसदी आबादी जाटों की है। वे ही अधिकतर किसानी से जुड़े हैं। उनका समर्थन भाजपा, कांग्रेस, इंनेलो, जेजेपी आदि दलों के लिए विभाजित है। सत्ता-विरोधी लहर होने के बावजूद भाजपा 5 लोकसभा सीटों पर जीती और 5 सीटें कांग्रेस के हिस्से आईं। अब भी यही सीधा मुकाबला रहना है, क्योंकि अन्य दल बहुत कमजोर हो चुके हैं अथवा टूट-फूट कर बिखर चुके हैं। फिर भी यह चुनाव आसान नहीं होगा। हरियाणा में भाजपा सरकार और पार्टी के खिलाफ जबरदस्त लहर है। यह लहर पार्टी के भीतर भी महसूस की जा सकती है। भाजपा नेतृत्व ने लोकसभा चुनाव से पूर्व ही इसे पढ़ लिया था, लिहाजा तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को हटा कर नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया गया। वह 12 मार्च, 2024 से मुख्यमंत्री हैं। नायब सैनी ने 'नॉन स्टॉप' बैनर से अपनी सरकार का अभियान शुरू किया। अखबारों में पूरे पृष्ठ के विज्ञापन छपवाए गए और दावे किए गए कि हरियाणा हर क्षेत्र में अब 'नॉन स्टॉप' है। एमएसपी का जिक्र भी किया गया। उसे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कांग्रेसी धड़े ने चुनौती दी, जिसका नारा है- 'हरियाणा मांगे हिसाब।' कांग्रेस में शैलजा के नेतृत्व वाला भी धड़ा है और आलाकमान इस धड़ेबाजी को खत्म नहीं कर पाया है। हालांकि बेरोजगारी, किसान-संकट और रुकी, स्थिर, गतिहीन अर्थव्यवस्था आदि मुद्दे हरियाणा में अच्छी तरह परिचित रहे हैं, लेकिन विधानसभा चुनाव के आते-आते विपक्ष ने उन्हें गरमा दिया है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के डाटा के अनुसार, हरियाणा में बेरोजगारी दर सर्वाधिक है, जबकि सरकार का डाटा इसके बिल्कुल उलट है और वह बेरोजगारी के मामले में हरियाणा को चौथे स्थान पर मानती है। राज्य की औद्योगिक गतिविधियां सीमित हैं व रोजगार प्रभावित है।


संयुक्त किसान मोर्चा की हरियाणा ईकाई ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, केंद्रीय कृषि मूल्य आयोग, जो एमएसपी तय करता है, किसान आंदोलन के दौरान मारे गए 736 किसानों के स्मारक की मांग और अन्य जुड़े मामलों पर विमर्श करना तय किया है। ये कोई मान्यता प्राप्त किसान संगठन नहीं हैं। केंद्र और राज्य सरकार अपने स्तर पर एमएसपी को लेकर लगातार विमर्श करती रही हैं। यह दीगर है कि फिलहाल कोई भी निष्कर्ष सामने नहीं है। अब किसानों के विमर्श का निष्कर्ष कुछ भी रहे, लेकिन यह हरियाणा के विधानसभा चुनाव की दशा-दिशा तय कर सकता है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हाल ही में कुरुक्षेत्र में रैली को संबोधित किया था, जिसमें एमएसपी को लेकर गारंटी दी गई थी कि सरकार एमएसपी पर ही फसलें खरीदेगी। संयुक्त किसान मोर्चा ने उस गारंटी को खारिज कर दिया। किसान राष्ट्रीय स्तर पर एमएसपी की कानूनी गारंटी मांग रहे हैं, लिहाजा केंद्रीय मंत्रियों से ही बातचीत होती रही है। केंद्र सरकार ने ही एक कमेटी बनाई थी, जिसके फैसले अभी सार्वजनिक किए जाने हैं।


कानून के तहत धरमिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए विशेष रूप से सर्मपित संपत्तियों को संदर्भित करता है

## वक्फ संशोधन और भाजपा का पुर्नरुत्थान

हरीश अहमद मिनहाज

**अब** समय आ गया है कि आम जनता को अब न सिर्फ सड़क से संसद तक सरकार से लड़ना होगा बल्कि साथ ही वक्फ बोर्ड में बैठे माफिया, सरगना और अपराधी छवि के लोगों के साथ जिला प्रशासन, राज्य सरकार और केंद्र सरकार से भी लड़कर वक्फ बोर्ड की कब्जे वाली जमीन को आजाद करा कर समाज के नव निर्माण में अपनी महती योग दान देकर वक्फ बोर्ड की जायदाद को जनहित में सदुपयोग कर चार चांद लगाए। वक्फ अरबी भाषा का शब्द है। जो ववुफा शब्द से बना है, जिसका अर्थ होता है हरना, वक्फ का मतलब वाकिफ - परिचितय भी है। वक्फ अल्लाह के नाम पर र्अपित वस्तु या परोपकार के लिए दिया गया धन होता है। इसमें चल और अचल संपत्ति को शामिल किया जाता है। बता दें कि कोई भी मुस्लिम अपनी संपत्ति वक्फ को दान कर सकता है। कोई भी संपत्ति वक्फ घोषित होने के बाद गैरहस्तांतरणी य हो जाती है। वक्फ इस्लामी कानून के तहत धरमिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए विशेष रूप से सर्मपित संपत्तियों को संदर्भित करता है। इन संपत्तियों का प्रबंधन वक्फ या किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियुत्त मुतव्वली द्वारा किया जाता है। भारत में वक्फ की अवधारणा दिल्ली सल्तनत के समय से चली आ रही है। सुल्तान मुइजुद्दीन मुहम्मद गौरी की ओर से मुल्तान की जामा मस्जिद को एक गांव सर्मपित किया गया था। साल 1923 अंग्रेजों ने सबसे पहले मद्रास धरमिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम पेश किया था। इसका मुसलमानों और ईसाइयों ने बड़े पैमाने पर विरोध किया था। इस प्रकार, उन्हें बाहर करने के लिए इसे फिर से तैयार किया गया, इसे केवल हिदुओं पर लागू किया गया और बाद में इसका नाम बदलकर मद्रास हिदू धरमिक और बंदोबस्ती अधिनियम 1927 कर दिया गया। 1954 में जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने वक्फ अधिनियम पारित किया था। जिसके तहत वक्फों का केंद्रीकरण किया गया। इस अधिनियम के तहत सरकार ने 1964 में केंद्रीय वक्फ परिषद की स्थापना की। 1995 में कानून में संशोधन करके प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में वक्फ बोर्ड के गठन की अनुमति दी गई। केंद्रीय वक्फ परिषद अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक वैधानिक निकाय है। जिसकी स्थापना वक्फ अधिनियम, 1954 में दिए गए प्रावधान के अनुसार वक्फ बोर्डों के कामकाज और औकाफ के उचित प्रशासन से संबंधित मामलों पर केंद्र सरकार के लिए सलाहकार निकाय के रूप में 1964 में की गई थी। देश में कुल 31 वक्फ बोर्ड हैं। देश में चार लाख 27 हजार से ज्यादा वक्फ संपत्ति पंजीवृत हैं। काफी संपत्ति ऐसी हैं जिनका पंजीकरण नहीं हो सका है। वक्फ संपत्ति के प्रबंधन का काम वक्फ बोर्ड करता है। यह एक कानूनी इकाई है। बोर्ड संपत्तियों का पंजीकरण, प्रबंधन और संरक्षण करता है। देश में शिया और सुन्नी दो तरह के वक्फ बोर्ड हैं। अध्यक्ष के अलावा बोर्ड में राज्य सरकार के सदस्य, मुस्लिम विधायक, सांसद, राज्य बार काउंसिल के सदस्य, इस्लामी विद्वान और वक्फ के मुतवल्ली को शामिल किया जाता है। वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन के अलावा बोर्ड वक्फ में मिले दान से शिक्षण संस्थान, मस्जिद, कब्रिस्तान और रैन-बसेरों का निर्माण व रखरखाव करता है। रेलवे और रक्षा विभाग के बाद देश में तीसरी सबसे बडी वक्फ बोर्ड के पास सबसे अधिक संपत्ति है। देश में वक्फ बोर्ड के आठ लाख एकड़ से ज्यादा जमीनें हैं। इनमें अधिकांश मस्जिद, मदरसा, और कब्रिस्तान शामिल हैं। वक्फ बोर्ड की अनुमानित संपत्ति की कीमत 1.2 लाख करोड़ रुपये है। करीब साढ़े नौ लाख एकड़ जमीन होने के बावजूद बोर्ड के पास किसी गरीब मुसलमान की मदद के लिए पैसा नहीं है। यानी अकेले वक्फ बोर्ड के पास ही तीन दिल्ली जितनी जमीनें हैं। जो 8.7 लाख संपत्तियों को नियंत्रित करती है। जिनकी अनुमानित आय का श्रोत 12000 करोड़ रुपया होना चाहिऐ। तुष्टिकरण की राजनीति कहिए या मुस्लिम राजनीति का ध्रुवीकरण, केंद्र सरकार संसद में वक्फ अधिनियम 1995 में संशोधन के लिए विधेयक पेश किया है। दावा यह की वक्फ बोर्डों की पारदर्शिता और जिम्मेदारी बढ़ाने के लिए है। विधेयक में वक्फ की ओर से संपत्ति के दावों की जांच करने और बोर्ड में महिलाओं को शामिल करने की अनिवार्यता पर जोर दिया गया है। मुख्य रूप से वक्फ बोर्डों के मनमाने अधिकार को कम करने के उद्देश्य से हैं, जो वर्तमान में उन्हें अनिवार्य सत्यापन के बिना किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति के रूप में दावा करने की अनुमति देता है। वक्फ अधिनियम के सेक्शन 40 पर बहस छिड़ी है। इसके तहत बोर्ड को रिजन टू बिलीव की शत्ति मिल जाती है। अगर बोर्ड का मानना है कि कोई संपत्ति वक्फ की संपत्ति है तो वो खुद से जांच कर सकती है और वक्फ होने का दावा पेश कर सकता है। दरअसल, अगर कोई संपत्ति एक बार वक्फ घोषित हो जाती है तो हमेशा ही वक्फ रहती है। इस वजह से कई विवाद भी सामने आए हैं। अब सरकार ऐसे ही विवादों से बचने की खातिर संशोधन विधेयक लेकर आई है। वक्फ की एक बेशकीमती संपत्ति को वक्फ बोर्ड के कुछ सदस्यों के द्वारा गलत तरीके से बेचे जाने का मामला भी इस समय अदालत में लंबित है। वक्फ बोर्ड में 12792 और ट्रिब्यूनल अदालत में 90207 केस लम्बीत है। हाल के वर्षो में कई राज्य बोर्डो पर आरोप लगाया गया है कि वे भूमि की बढ़ती मांग के कारण अवैध रिश्वत के बदले में कम दरों पर डेवलपर्स और निजी खरीददारों को वक्फ भूमि बेच रहे हैं। जबकि वक्फ अधिनियम, 1955 की धारा 13 के अधीन कोई भी व्यक्ति किसी चल या अचल सम्पत्ति को, जो वक्फ सम्पत्ति है, किसी अन्य व्यक्ति को नहीं बेचेगा, उपहार में नहीं देगा, विनिमय नहीं करेगा, बंधक नहीं रखेगा या हस्तांतरित नहीं करेगा। केंद्र की राय है कि यदि वक्फ की संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन होगा तो इसको गलत तरीके से बेचा-खरीदा नहीं जा सकेगा। इसका सदुपयोग गरीब मुसलमानों के हितों में किया जा सकेगा। सरकार का कहना है कि वक्फ बोर्डो पर माफियाओं का कब्जा है। परंतु धर्मनिरपेक्ष परटियों का कहना है इसे संविधान से मिले 'धरमिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन' है। यह विधेयक अनुच्छेद 14, 15 और 25, 26, 29 में दिए गए सिद्धांतों का उल्लंघन करता है। बहरहाल.....अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया है। जिसमें धारा 40 को निरस्त करने और वक्फ बोर्डों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने जैसे प्रमुख बदलावों का प्रस्ताव किया गया है। वक्फ कानून 1995 के सेक्शन 40 को हटाना चाहती है। इस कानून के तहत वक्फ बोर्ड को किसी भी संपत्ति को वक्फ की संपत्ति घोषित करने का अधिकार है। इसमें कहा गया है कि बोर्ड में दो गैर-मुस्लिम सदस्य सदस्य होने चाहिए, और पिछड़े मुस्लिम वर्गो से कम से कम एक सदस्य। इसमें बोहरा और आगाखानी समुदायों से भी एक-एक सदस्य होना चाहिए। इसका उद्देश्य वक्फ बोर्डो की संरचना और कामकाज को बदलने के लिए धारा 9 और 14 में संशोधन करना है, जिसमें महिलाओं के लिए प्रतिनिधित्व को शामिल किया गया है।


सड़क से संसद तक सरकार से लड़ना होगा बल्कि साथ ही वक्फ बोर्ड में बैठे माफिया, सरगना और अपराधी छवि के लोगों के साथ जिला प्रशासन, राज्य सरकार और केंद्र सरकार से भी लड़कर वक्फ बोर्ड की कब्जे वाली जमीन को आजाद करा कर समाज के नव निर्माण में अपनी महती योग दान देकर वक्फ बोर्ड की जायदाद को जनहित में सदुपयोग कर चार चांद लगाए। वक्फ अरबी भाषा का शब्द है। जो ववुफा शब्द से बना है, जिसका अर्थ होता है हरना, वक्फ का मतलब वाकिफ - परिचितय भी है। वक्फ अल्लाह के नाम पर र्अपित वस्तु या परोपकार के लिए दिया गया धन होता है। इसमें चल और अचल संपत्ति को शामिल किया जाता है।


दृष्टि कोण

## बांग्लादेश को ताकत का एहसास कराए भारत

**सन** 1971 की जंग में पाकिस्तान की मदद के लिए एडमिरल 'जॉन मेकेन' के नेतृत्व में आया अमरीका का सातवां एटमी जंगी बेड़ा 'यूएसएस एंटरप्राइज' बंगाल की खाड़ी में तथा ब्रिटेन का एयरक्राफ्ट कैरियर 'एचएमएस ईग्ल' अरब सागर में ही खड़े रह गए, लेकिन विश्व की सर्वोत्तम भारतीय थलसेना ने 16 दिसंबर 1971 को ढाका के 'रामना रेसकोर्स गार्डन' में पाक सेना को घुटनों के बल बिठाकर पाकिस्तान को पूरी दुनिया में बेआबरू कर दिया था। हिमाचल प्रदेश के कैप्टन 'जतिंदर नाथ सूद' के नेतृत्व में 'पांचवीं गोरखा' रेजिमेंट के जवानों ने बांग्लादेश के महाज पर आठ दिसंबर 1971 को 'पीरगंज' में हमला करके पाक सेना की किलेबंदी को ध्वस्त करके भारत की जीत का एक सुनहरा शिलालेख लिख दिया था। पीरगंज के युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले कैप्टन जतिंदर नाथ सूद को सेना ने 'वीर चक्र' (मरणोपरांत) से नवाजा था। बेशक बांग्लादेश भारतीय सैन्य पराक्रम के रहमो करम से आजाद हुआ था। लेकिन काबिलेगौर रहे कि बांग्लादेश के सैन्य अफसरों की फौजी तालीम सन् 1971 तक पाकिस्तान में ही हुई थी। इसीलिए बांग्लादेश की सेना तथा मजहबी जमातें जज्बाती तौर पर पाकिस्तान से आजाद नहीं हुई हैं। अतः बांग्लादेश को भारत विरोधी मानसिकता विरासत में मिली है। इस्कंदर अली मिर्जा, अयूब खान, याहिया खान, टिक्का खान व जिया उल हक जैसे पाकिस्तान के नामुराद जरनैलों से मिले जम्हूरियत को कुचलने वाले संस्कारों को बांग्लादेश की सेना ने भी पूरी अकीदत से तसलीम कर लिया था, जिसका पहला परिणाम सन् 1975 में ही सामने आ गया था। सन् 1971 में मुक्ति आंदोलन का नेतृत्व करने वाले बांग्लादेश के संस्थापक व राष्ट्रपति बंगबंधु 'शेख मुजीबुर रहमान' को बांग्लादेश की सेना ने 15 अगस्त 1975 के दिन उनके परिवार के कई सदस्यों सहित हलाक करके तख्तापलट कर दिया था। पाकिस्तान की तर्ज पर बांग्लादेश में तख्तापलट व तशद्दुद का जो दौर सन् 1975 में शुरू हुआ था, वो मौजूदा वक्त तक जारी है। शेख मुजीबुर रहमान की हलाकत व तख्तापलट की साजिश में मुल्लविश 'खोडांकर मुस्ताक अहमद' बांग्लादेश के सदर बने मगर मात्र तीन महीने बाद ही सेना ने तख्तापलट कर दिया था। नवंबर 1975 को राष्ट्रपति बने 'अबू सादात मोहम्मद सईम' को डेढ़ वर्ष बाद ही इस्तीफा देना पड़ा था। शेख मुजीबुर रहमान के कत्ल के एक अन्य अहम किरदार व साबिक वजीरे आजम खालिदा जिया के शौहर जनरल 'जियाउर रहमान' सन् 1977 में बांग्लादेश के राष्ट्रपति पद पर काबिज हो गए। पाक सेना में मेजर रहे जियाउर रहमान ने सन् 1965 की जंग में खेमकरण सेक्टर में भारत के खिलाफ युद्ध में हिस्सा लिया था तथा पाक सेना ने जिया को 'सितारा-ए-जुर्रत' से नवाजा था। सन् 1971 में जियाउर रहमान ने मुक्ति वाहिनी के सेक्टर कमांडर के तौर पर बांग्लादेश की आजादी में भी अपना किरदार अदा किया था तथा जंग के दौरान अपने कमान अधिकारी 'ईस्ट बंगाल रेजिमेंट' के पाक कर्नल 'जंजुआ' का कत्ल करके चटगांव के 'कलुरघाट' रेडियो स्टेशन से 27 मार्च 1971 को बांग्लादेश की आजादी की घोषणा कर दी थी। बांग्लादेश ने जिया को अपने सैन्य एजाज 'बीर उत्तम' से नवाजा था। लेकिन बांग्लादेश की सेना ने 30 मई 1981 के दिन अपने राष्ट्रपति व सिपाहसालार जियाउर रहमान का कत्ल करके तख्तापलट के मजमून को फिर दोहरा दिया था। भारत की मुखाल्फत करने वाले सियासी दल 'बीएनपी' की स्थापना जियाउर रहमान ने ही की थी। भारत व भूटान दोनों देशों ने छह दिसंबर 1971 को जंग के दौरान ही बांग्लादेश को मान्यता प्रदान की तथा अन्य मुल्कों से भी बांग्लादेश को मान्यता देने की अपील की थी। लेकिन सन्-1980 के दौर में बांग्लादेश के वजीरे आजम रहे 'शाह अजीजुर रहमान' ने 1971 की जंग में पाक सेना का पूरा सहयोग किया था तथा बांग्लादेश में भारतीय सैन्य कार्रवाई का विरोध 'यूएनओ' के मंच पर जाकर किया था। 'रविंद्र नाथ टैगोर' द्वारा लिखित बांग्लादेश के कौमी तराना 'आमार सोनार बांग्ला' को हटाने की आवाज भी शाह अजीजुर रहमान ने ही बुलंद की थी। मगर बांग्लादेश के सैन्य प्रमुख 'हुसैन मोहम्मद इरशाद' ने सन् 1982 में तख्तापलट को अंजाम देकर प्रधानमंत्री अजीजुर रहमान को सत्ता से बेदखल कर दिया था।



# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का ग्रामीण उठाएँ लाभ सुधीर मंगलेश





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के दुलमी पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के कार्यक्रम को आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश प्रमुख रेणु देव उप प्रमुख धर्मवीर महतो नोडल पदाधिकारी के रुप में भुअर्जन पदाधिकारी बिजेंद्र कुमार, गंगा चौधरी राकेश कुमार प्रकाश करमाली सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन राज्य सरकार द्वारा आम जनता को उनके पंचायत में आकर पदाधिकारियों द्वारा उन्हें योजनाओं का लाभ देने और लाभ पहुँचाने के लिए पंचायत स्तर पर आयोजन किया जा रहा है।विशेषकर ग्रामीण जनता लाभ उठाएं और जो योजनाओं से संबंधित योजनाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, तो शीघ्र ही संबंधित प्रतिनिधियों या उपस्थित अधिकारियों से मदद लें।अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के स्टॉल का निरीक्षण किया गया।

सभी विभाग के लगे स्टोल कर्मी अपने अपने विभाग के योजनाओं के बारे बताया। लाभुकों को अबूआ आवास, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना फूलो झानो योजना के तहत चेक, राशन कार्ड, जॉब कार्ड,, सावित्री किशोरी स्मृति योजना व सामाजिक योजना का फार्म लिया गया। व दर्जनों छात्रों के बीच साईकिल वितरण किया गया?

मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा मुखिया प्रमेशवर पटेल शेख बहादुर संजय प्रसाद व अंचल व प्रखंड के कई

## रामगढ़ जिला में व्यवसाय एवं आमजन दहशत में - चेंबर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** पिछले कुछ माह से रामगढ़ जिले में गिरती विधि व्यवस्था एवं आए दिन हो रही छीनताई, लूट, हत्या,रंगदारी से यहां के व्यवसाय एवं अनजान दहशत में है इसी संबंध में रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी की एक बैठक चैंबर भवन में आयोजित की गई जिसमें रामगढ़ जिला की गिरती विधि व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की गई साथ ही रामगढ़ थाना में अभी तक स्थाई रूप से थाना प्रभारी की नियुक्ति नहीं होने से थाने की व्यवस्था अस्त-व्यस्त होने एवं थाना में किसी तरह की शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं होने से भी यहां के व्यापारी एवं आमजन काफी परेशान है इस संबंध में चेंबर अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने कहा कि दो दिन पूर्व हमारे व्यवसाय राजेंद्र अग्रवाल जो अपनी दुकान बंद करके अपने घर जा रहे थे उनकी स्कूटी से 86000 नगद पैन कार्ड आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य सभी कागजात व चेक लेकर बदमाश भाग गए इस संबंध में थाना में रिपोर्ट करने पर थाना द्वारा किसी भी तरह का उचित कार्रवाई नहीं की गई ना ही व्यापारियों की बात को सुना गया इसके साथ ही रोज चैंबर सदस्यों के परिवार के साथ घटनाएं हो रही है जिससे भी चैंबर बहुत चिंतित है बैठक में चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल उपाध्यक्ष मनजीत साहनी मानद सचिव मानू चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी विधि व्यवस्था समिति के सभापति पूर्व अध्यक्ष आनंद अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य अमरेश गाणक अमित साहू पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह पंकज तिवारी एवं अन्य उपस्थित थे

## ममता देवी ने इरफान अंसारी से मिलकर रामगढ़ की सड़क और पुलिया समस्याओं का समाधान मांगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी रामगढ़ विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न समस्याओं मसलन पुलिया, सड़क आदि की समस्याओं के संबंध में ग्रामीण कार्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मिलकर चर्चा की!मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी जी ने रामगढ़ की दो महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण जिसमें बाजार समिति से बाजार टांड भाया दिनेश स्टील जो जर्जर अवस्था में है उसके निर्माण एवं लोधमा ग्राम के बड़की नदी पर निर्मित ब्रिज से कर्मा ग्रेड 2 रोड हुहुआ सीमाना तक के निर्माण के लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए विभागीय सचिव को डीपीआर तैयार करने का निर्देश जारी कर दिया! माननीय मंत्री महोदय ने पूर्व विधायक के आग्रह पर दोनों सड़क बहुत ही जल्द विधानसभा चुनाव से पूर्व आरंभ करने का आश्वासन दिया है , पूर्व विधायकशश़ ममता देवी ने डॉक्टर इरफान अंसारी को धन्यवाद देते हुए कहा कि डॉक्टर इरफान अंसारी जनहित के कार्यो के त्वरित निष्पादन पर विश्वास करते हैं उनकी यही अच्छाई आम लोगों के बीच में उन्हें लोकप्रिय बनता है।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय, रामगढ़ के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर तीन दिवसीय 27,28,29 अगस्त 2024 को हुआ। इसका समापन 29 अगस्त 2024 को हुआ। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया, जिसमे छात्र- छात्राओं की ऊर्जा और उत्साह का शानदार प्रदर्शन रहा।कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व. राधा देवी और स्व. गोविंद साह और हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद जी को पुष्पांजलि अर्पित करके की गई।फुटबॉल टूर्नामेंट में फाइनल में पहुंचे शारीरिक शिक्षा एवं स्नातक (कला) विभाग के टीम रहे और विजयी स्नातक (कला) विभाग के टीम हुए।विजेता टीम को सभी अतिथियों ने ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्रा नीतू कुमारी ने की। तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट नेतृत्व शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अमन वर्मा, संजयराय चौधरी , योतेंद्र मंडल , धनेश्वर बीपी, प्रदीप कुमार रजक, राजू साव एवं अजीत कुमार महतो ने किया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ)समरेंद्र नाथ साहा,प्रति कुलपति प्रो (डॉ)रश्मि,वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो( डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार, राधा गोविंद इंटर कॉलेज के प्राचार्या इंदिरा महतो ,विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

## पीवीयूएन कटिया टाउनशिप में महिलाओं का धरना प्रदर्शन



**पतरातु(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पीवीयूएन कटिया टाउनशिप में विस्थापित प्रभावित को नहीं रखने पर आक्रोषित गांव की महिलाओं ने टाउनशिप के गेट के समक्ष धरने पर बैठ गई। विस्थापित प्रभावित के महिला-पुरुषों को बहाल करो आदि नारा महिलाओं के द्वारा लगाया जा रहा था। तथा सभी महिलाओं के द्वारा कहा जा रहा था कि जब टाउनशिप बन जाएगा तो विस्थापित प्रभावित को स्थाई प्रवृत्ति के रोजगार में प्राथमिकता दी जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है और बिना पॉलिसी बनाये लोगों को रखा जा रहा है यह विस्थापितो के साथ धोखा है और यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है प्रबंधन के आग्रह पर विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष आदित्य नारायण प्रसाद, मुखिया किशोर कुमार महतो,राजा राम प्रसाद,अब्दुल क्यूम अंसारी, प्रदीप महतो,प्रिय नाथ मुखर्जी, कौलेश्वर महतो,मनु मुंडा आदि ने महिलाओं को समझा बुझा कर धरना को स्थगित करवाया।तत्पश्चात् एच आर हेड जियाउर रहमान,राजेश डूंगडूंग,विवेकशील श्रीवास्तव के साथ समस्या को लेकर वार्ता में तत्काल मनोरंजन सुकृति और विजय कंस्ट्रक्शन आदि के द्वारा हाउसकीपिंग,क्लीनिंग,गार्डनिंग आदि कामों में मनमाने तरिके से रखे गए लोगों को हटाने और उनके स्थान पर विस्थापित-प्रभावित महिला पुरुषों को नियुक्त करने का आश्वासन प्रबंधन के द्वारा दिया गया।

## रामगढ़ रांची रोड में महिंद्रा शोरूम का हुआ शुभारंभ



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महिंद्रा की ऑथराइज्ड डीलर प्रतीक ऑटोमोबाइल का नया शोरूम का शुभारंभ रांची रोड रामगढ़ में किया गया । इस मौके पर कंपनी के नेशनल हेड मिस्टर बनेश्वर बनर्जी एवं जोनल सेल्स हेड पंकज देशमुख एवं रिजनल सेल्स मैनेजर अभिजीत बशु के द्वारा किया गया प्रतीक ऑटोमोबाइल के ऑनर पीयूष हेतंशरिया ने बताया कि कस्टमर डिमांड को देखते हुए हमने अपना दूसरा शोरूम शुभारंभ किया है यह ग्राहक के लिए प्राइवेट एवं कमर्शियल सेगमेंट के काम से कम रेट में गाड़ियां उपलब्ध है साथ ही साथ इजी फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध की गई है इस शुभ अवसर पर लोगों में काफी हर्षल लाल देखा गया साथ ही नई गाड़ियों की डिलीवरी भी की गई इस मौके पर सेल्स टीम के मोहम्मद जमील अहमद राजू मित्रा अंकिश सिन्हा अरविंद पांडे एवं शहीद मौजूद थे ।

# आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** प्रखंड के कुंदा पंचायत सचिवालय परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग सभी विभागों के स्टाल लगाए गए। शिविर का उद्घाटन डीएसई अभिषेक बड़ाईक, सीओ शंभू राम तथा मुखिया मनोज कुमार साहू ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया। हालांकि रुक रुक हो रही बारिश के कारण लाभुकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।फिर भी मुखिया के प्रयास से टेंट से हटाकर पंचायत सचिवालय के सभागार में स्टॉल लगाया गया। जिसमें ग्रामीणों के द्वारा सर्वाधिक आवेदन अबुआ आवास,वृद्धावस्था पेंशन तथा राशन कार्ड, मंईयां सम्मान योजना, पशूधन योजना के लिए आवेदन लिए गए। इस मौके पर मुखिया ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जन समस्याओं के निष्पादन के लिए किया गया है। लोगों को सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो। सीओ ने आगे बताया कि इसके लिए इस महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन हर पंचायत में किया जा रहा है। लोगों से अपील कीया कि सभी जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। जो लोग शिविर में आवेदन नहीं दे सके हैं, ऐसे लोग बाद में भी प्रखंड, अंचल या संबंधित विभाग में आवेदन देकर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं तथा पुरुषों ने वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, अबुवा आवास योजना आदि से संबंधित आवेदन दिए। सीओ ने बताया कि शिविर में प्राप्त हुए आवेदन का निष्पादन शीघ्र कर दिया जाएगा।

## एक बार फिर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** हेमंत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बरवाडीह प्रखंड के केचकी पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को विशेष शिविर का आयोजन करते एक बार फिर आगाज हुआ है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड बीडीओ रेशमा रेखा मिंज अंचलाधिकारी मनोज कुमार विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह बीससूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल उप मुखिया रिया देवी,विजय बहादुर सिंह संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य जनता की समस्याओं को सीधे पंचायत स्तर पर हल करना है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अब ग्रामीणों को त्वरित रूप से कार्यक्रम के माध्यम से किया जाएगा। इस दौरान बीडीओ ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और लाभार्थियों को शिविरों के माध्यम से योजनाओं का लाभ देने की गुंजाइश बताई। आगे उन्होंने बताया मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना के तहत गरीब परिवारों को 15 लाख रुपये तक की चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। इसी प्रकार, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत युवाओं को ऋण दिए जाने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा सोचाई कूप संवर्धन योजना, और किसानों के लिए फसल बीमा योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी साझा किया गया।

## ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट और स्पार्क रांची के द्वारा आयोजित कार्यशाला



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष में अनुमंडल स्तरीय घरेलू कामगार के अधिकार पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सिमरिया थाना प्रभारी मानव मयंक, एदला पंचायत की मुखिया शकुंतला देवी, लोक प्रेरणा केंद्र के सचिव मौसमी बाखला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर थाना प्रभारी मानव मयंक ने कहा कि हमारे क्षेत्र में बहुत सी महिलाएं एवं लड़कियां असुरक्षित रुप से प्रवास कर रही है और आए दिन अलग अलग हिंसा का शिकार हो रही है। ऐसे में जरूरी है कि हम कहीं भी काम करने जाते हैं तो वहां की पूर्ण जानकारी लेकर जाए ताकि आने वाले समय में किसी भी तरह की समस्या उत्पन्न होने पर पहल कर सहयोग किया जा सके। थाना प्रभारी मानव मयंक ने संबोधित करते हुए कहा की प्रखंड के किसी भी क्षेत्र में अगर किसी भी तरह की सहयोग की जरूरत होती हो तो बेखौफ थाना आ सकते हैं और मदद ले सकते हैं। शकुंतला देवी ने कही कि पंचायत प्रतिनिधि होने के नाते हम सभी लोग तत्पर हैं और लोगों को मदद करने के लिए हमेशा तैयार हैं। कार्यक्रम में लोक प्रेरणा केंद्र के सचिव मौसमी बाखला ने कही कि घरेलू कामगार महिलाओं के साथ अगर किसी भी तरह की समस्या आती है तो उसका निवारण के लिए हमारे संस्था में एक सूचना केंद्र बनाया गया है जिसमें सूचना कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रतिमा, सरोज, अनिता मिस्त्रा, रानी, कविता, सुनिधि, भूमिका, दुलारी, पूजा, रंजू एवं किशोरियों ने अपनी अहम योगदान दिया।

# रेफरल अस्पताल गारू में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मेडिकल शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारू :** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत रेफरल अस्पताल गारू में एक विशेष मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों गरीब और जरूरतमंद परिवारों ने हिस्सा लिया। इस शिविर में रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर अमित कुमार आजाद के नेतृत्व में एक मेडिकल टीम ने ग्रामीणों की निशुल्क जांच की और आवश्यक दवाओं का वितरण की गई । डॉक्टर अमित कुमार आजाद ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों में रह रहे लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, जो अक्सर आर्थिक तंगी या अन्य कारणों से समय पर चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त नहीं कर पाते। ग्रामीण क्षेत्र से शिविर में खासकर वृद्ध, महिलाएं और बच्चे अधिक संख्या में पहुंचे, जिनकी पूरी जांच की गई और तुरंत उपचार कर निशुल्क दवा वितरण की गई। मुख्यालय के स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से उन्हें बहुत मदद मिलती है। सरकार द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन पंचायत में किया जा रहा है, जिससे लोगों को अपने घर के पास ही मुफ्त चिकित्सा सुविधाएं मिल रही हैं। डॉक्टरों और मेडिकल टीम ने शिविर में आए मरीजों की स्वास्थ्य समस्याओं का ध्यानपूर्वक इलाज की गई और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक की गई।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अक्सी पंचायत में शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** राज्य सरकार द्वारा आयोजित आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत अक्सी पंचायत भवन परिसर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आयोजित शिविर में विभिन्न समस्याओं एवं आवेदन लेकर सैकड़ो लोग पहुंचे। जहां शिविर में लगे मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता, मुख्यमंत्री सारथी योजना, अबुआ आवास, सावित्रीबाई फुले योजना, महिला एवं बाल विकास, कृषि एवं पशुपालन, राजस्व, शिक्षा समेत अन्य विभागों के स्टाल में अपनी-अपनी जरूरत के अनुसार लोगों ने आवेदन दिया। आयोजित शिविर में मुख्य रूप से अबुआ आवास, मईया सम्मान योजना एवं फसल बीमा के लिए बहुत से लोगों ने आवेदन दिया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों का शुगर बीपी की जांच करते हुए दवा का भी वितरण किया गया। वही आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, रोजगार कार्ड, श्रमिक कार्ड, इत्यादि की सेवाएं भी ग्रामीणों को स्टोल लगाकर प्रदान की गई। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, अंचल निरीक्षक गौतम कुमार, उत्तम, शशि, कुणाल, उदय कुमार गुप्ता समेत प्रखंड के विभिन्न विभागों के कर्मी एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## गिद्धौर गोदाम से गोदाम प्रबंधक व परिवहन अभिकर्ता के बिना ही डीलर उठाव कर रहे है खाधान्न



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड़ कार्यालय परिसर में संचालित खाद्य आपूर्ति गोदाम से डीलरो को खाधान्न दिया जा रहा है। डीलरों को गोदाम से शुक्रवार को बारिसाखी के राजेन्द्र साव व मुंशी साव को खाधान्न दिया गया। खाधान्न बिना गोदाम प्रबंधक चितरंजन शर्मा व परिवहन अभिकर्ता बिरेन्द्र दांगी के अनुपस्थिति में दिया गया। यहां तक कि वाहन चालक को दिए चालान में नही गोदाम प्रबंधक व परिवहन अभिकर्ता का हस्ताक्षर है। चालान में ऑपरेटर के हस्ताक्षर है।वहीं एमओ जौंन कुमार मरांडी ने बताया कि खाधान्न उठाव के समय गोदाम प्रबंधक व परिवहन अभिकर्ता के मौजूदगी में दिया जाना चाहिए।

## प्रखंड़ पंचायत भवन में स्तरीय जनसुनवाई का किया गया आयोजन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड़ के विभिन्न पंचायत भवनों में शुक्रवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में सामाजिक अंकेक्षण दल के लोग मौजूद थे। जनसुनवाई कार्यक्रम में मनरेगा से संचालित डोभा, कुआं, तालाब, दीदी वाड़ी, सेड समेत अन्य योजनाओं का पांच जुड़ी सदस्यों ने जनसुनवाई किया। जुड़ी सदस्यों ने योजनाओं की अभिलेख, बोर्ड समेत का 15 दिनों के अंदर दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। जनसुनवाई कार्यक्रम ग्रामीणो की उपस्थिति में किया गया।

## दुर्गा पूजा समिति को लेकर चट्टीगाड़ीलौंग में की गई बैठक, अशोक ठाकुर बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** दुर्गा पूजा समिति चट्टीगाड़ीलौंग की एक बैठक आयोजित कि गई। जिसकी अध्यक्षता चुरामन विश्कर्मा एवम् संचालन मिथलेश कुमार ने किया। दूर्गा पूजा समिति चट्टीगाडीलौंग 2024 का पुनर गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अशोक ठाकुर, सचिव भीम साव, कोषाध्यक्ष धनंजय प्रजापति, उपाध्यक्ष मुकेश प्रजापति, गोविन्द पंडा, गणेश गुप्ता, मंजीत गुप्ता, मिथलेश कुमार गुप्ता, संरक्षक रवींद्र गुप्ता, चुरामण विश्वकर्मा, मनोज नायक, बसंत शर्मा, प्रसाद नायक को बनाया गया है। मौके पर दिपक शर्मा, किशोरी प्रजापति, बबलू विश्कर्मा, संतोष कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र पांडेय, विकास कुमार प्रजापति, नकुल राम, रविंद्र कुमार गुप्ता, मिथुन कुमार नायक, बबलू कुमार प्रजापति, दीपक कुमार नायक, गीत गुप्ता, रंजीत गुप्ता, कमलेश कुमार, रंजीत कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार प्रजापति, ईश्वर कुमार प्रजापति, मोहन प्रसाद गुप्ता सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## अलग अलग कांड संख्या के तहत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** थाना क्षेत्र के दो अभियुक्तों को अलग अलग कांड संख्या के तहत आज दिनांक 30.08.2024 दिन शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया. थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया कि बारियातु थाना काण्ड संख्या 48/24 दिनांक 22.07.2024 धारा-65 (1) B.N.S. एवं धारा-4/6/8 P.O.C.S.O. Act के प्राथमिकी अभियुक्त अब्दुल मलिक उर्फ मो0 मलिक अंसारी उम्र 18 वर्ष पिता अब्दुल कयूम उर्फ मो0 कयूम अंसारी पता रत्नादाग, डाढ़ा थाना- बारियातु जिला- लातेहार व बारियातु थाना काण्ड संख्या- 53/24 दिनांक 29.08.2024 धारा-303 (2) क्र्ह.स. के प्राथमिकी अभियुक्त मो0 नेसार उम्र 43 वर्ष पिता कुर्बान मियाँ पता साल्वे थाना- बारियातु जिला- लातेहार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# भाजपा के हुसैनाबाद विस प्रभारी से मिले प्रभात कुमार सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह ने बिहार के विधायक सह भारतीय जनता पार्टी के हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी आलोक रंजन झा का रांची में गुलदस्ता देकर स्वागत किया। प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह ने राज्य की राजनीति के साथ साथ हुसैनाबाद की राजनीति पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि पलामू की सभी पांच विधानसभा सीट पर एनडीए की स्थिति काफी मजबूत है। आगामी विधानसभा चुनाव में भी सभी सीटों पर एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित होगी। अभी से से कार्यकर्ता जुट गए हैं। उन्होंने हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा प्रभारी श्री झा को हुसैनाबाद आने का न्योता भी दिया। उन्होंने कहा कि उनके हुसैनाबाद आने से एनडीए कार्यकर्ताओ का मनोबल बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि पलामू की जनता वर्तमान सरकार से काफी नाराज है। बालू की समस्या से आम लोग परेशान हैं। इस सरकार ने भ्रष्टाचार चरम पर है। अधिकारियों पर सरकार का लगाम नहीं है। गरीबों की योजनाओं में भी लेन देन का खेल चल रहा है। पलामू की जनता एक राज्य में एनडीए सरकार बनाने में एक बार फिर अपने क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी को भेजना चाहती है।

## अपर समाहर्ता ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष अपर समाहर्ता चतरा द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अबुआ आवास, राशन कार्ड से संबंधित मामले शामिल है। अपर समाहर्ता ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

# बालुभांग में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के बालुभांग पंचायत सचीवालय परिसर मे स्थानीय मुखिया केदार गंझु की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, मुखिया केदार गंझु एवं राजसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की राज्य सरकार गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं.जिसका सिधा लाभ आप सभी को देने को उद्देश्य से आपके पंचायत में शिविर लगाया गया है। उन्होने सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया. साथ ही मुख्य मंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए इस योजना का लाभ लेने का आह्वान किया। बीससुत्री अध्यक्ष, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, राजसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार ने भी झारखंड सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में बिस्तार से बताते हुए लोगो को लाभान्वित होने की अपील किया। कहा कि शिविर के अलावा आप प्रखंड कार्यालय से भी संपर्क कर सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी महत्वकांक्षी योजनाओं का जानकारी प्राप्त कर लाभ ले सकते है।सभी स्टॉल में लोगो ने अपने आवश्यकता के अनुसार आवेदन जमा किए। शिविर मे आन द स्पॉट कई काम किए गए। साथ ही अष्टम वर्ग के विद्यार्थियों के बीच साईकिल वितरण किया गया।मौके पर आपुर्ती पदाधिकारी चंदन कुमार, सीआई अनिल होरो, सभी राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचीव, 15 वें वित पंकज पाण्डेय आवास कॉर्डिनेटर शशि पूनम कुजूर, नागरिक सहायता केंद्र पर श्रवन उरांव पशुचिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुशिला बागे डॉ निरज, लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर, सहित कई प्रखंड व अंचल कर्मी के अलावा कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

# भगिया पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का डीटीओ ने किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** हेमंत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बालूमाथ प्रखंड के भगिया पंचायत में शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन जिले के जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, बीडीओ सोमा उराँव, अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य जनता की समस्याओं को सीधे पंचायत स्तर पर हल करना है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अब ग्रामीणों को त्वरित रूप से दिया जाएगा। जिससे उन्हें जिला मुख्यालय या प्रखंड कार्यालय की दौड़ लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव ने शिविर में सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। और लाभार्थियों को शिविर में योजनाओं का लाभ प्रदान किया। शिविर में मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना, सावित्री बाई फुले योजना, आधार कार्ड, स्वास्थ्य विभाग, बिरसा सिचाई कूप संवर्धन योजना, और किसानों के लिए फसल बीमा योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी भी दी गई। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल भी लगाए गए थे। जिनमें मेडिकल टीम, मनरेगा, आवास, बिजली विभाग, प्रज्ञा केंद्र, शिक्षा विभाग, जेएलपीएस, कृषि विभाग और पेंशन योजना शामिल थे। इन स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को उनकी समस्याओं का समाधान और योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

## पुलिस कप्तान के आदेश पर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ थाना क्षेत्र स्थित बिरसा चौक आईआरबी कैंप के समीप पुलिस अधीक्षक लातेहार के आदेश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एस आई जोसेफ लकड़ा एवं आई आर बी के जवानों के द्वारा यातायात के नियम की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों को समझाते व नियम की जानकारी देते नजर आए। वहीं दर्जनों दो पहिया एवं चार पहीया वाहन चालकों का ड्राइवरी लाइसेंस, हेलमेट इत्यादि की जांच करते हुए ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के नाम वाहन संख्या एवं मोबाइल नंबर दर्ज किया गया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं आमजनों की समस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैन्सी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं को सुना। उपायुक्त ने आमजनों की समस्याओं के बाबत कहा कि इनकी परेशानियों को हल करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार में शहरी सहित विभिन्न प्रखंडों से 20 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित कर समाधान की मांग की। जिनमें मकान मुआवजा, रोजगार, गंभीर बीमारी में मदद, ऑनलाईन रसीद, लंबित म्यूटेशन, प्रमाण पत्र, आवास, सेवानिवृति पावना, राशनकार्ड, बकाया मानदेय, अवैध कब्जा, अवैध कब्जा, धोखाधड़ी इत्यादि मामले शामिल रहे।

**जबरन जमीन हथियाने का मामला, मदद की गुहार :** मौके पर हरहद थाना मुफस्सिल के मो. कौशन आलम ने उनकी भूमि का जालसाजी से दस्तावेज बनाकर जबरन जमीन हथियाने एवं जान से मारने की धमकी दूसरे पक्षकार के द्वारा दिये जाने का आवेदन देकर न्याय करने की गुहार लगाई। जिसपर उपायुक्त ने तत्काल अंचलाधिकारी सदर को जांचोपरांत उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**भारी बारिश में मकान गिरने से बेघर हाने का आवेदन, आपदा सहायता की मांग :** इस क्रम में ईचाक बरवां की रिता देवी ने भारी बारिश में कच्च मकान गिर जाने से बेघर होने के बाबत आवेदन देकर आपदा मुआवजा की मांग करते हुए राहत प्रदान करने का अनुरोध किया। जिसपर उपायुक्त ने अंचलाधिकारी ईचाक को जांचोपरांत उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



**जनता दरबार में समास्याओं को सुना गया, समाधान के दिये गये निर्देश :** इसके साथ ही जोगीडीह ईचाक की पिंकी देवी ने रोजगार उपलब्ध कराने, टाटीझरिया के अंकित ने गंभीर बिमारी पर आर्थिक सहायता, ईचाक के ईश्वर प्रजापति ने ऑनलाईन रसीद, महेश कुमार दारू नेलम्बे समय से म्यूटेशन लंबित होने, रिंकी देवी ईचाक ने पति के मृत्यु प्रमाण पत्र, चुरचू की गीता देवी ने अबुआ आवास, विष्णुगढ़ के महादेश गोप ने सेवानिवृति के पश्चात लंबित पावना भुगतान, मंजु कुमारी डीपूगढ़ा ने मानदेय भुगतान, कुम्हार टोली के सुमा वर्मा ने धोखाधड़ी, किसान फुटकर विक्रेता हजारीबाग ने कटकमसांडी बाजार परिसर में गुमटी अतिक्रमण हटाने आदि से संबंधित आवेदन समर्पित किये गये। मौके पर आये सभी आवेदनों को उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत उचित एवं त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# माण्डू में अबकी बार होगा बदलाव : जयराम महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत झारखंड आंदोलनकारी स्व0 टेकलाल महतो की जन्मभूमि चानो पंचायत के फुटबॉल मैदान में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा प्रखंड कमिटि द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो एवं संचालन जिला अध्यक्ष सह उप प्रमुख सरयु साव ने किया। बतौर मुख्यातिथि जेएलकेएम केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो विष्णुगढ़ चानो में भव्य स्वागत किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए जयराम महतो अपने चिरपरिचित अंदाज में स्कार्पियो की छत पर चढ़कर जमकर गरजे। यह धरती टेकलाल बाबू की जन्मभूमि है,मैं टेकलाल महतो समेत सभी आन्दोलनकारियो को नमन करता हूँ । मैं टेकलाल बाबू का सम्मान करता हूँ,परन्तु उनके पुत्र ने उनकी विरासत में डेंट लगाया है,माण्डू में विकास के नाम लोगो को छला गया है। यहाँ के लोग पलायन को मजबूर हैं,सड़के टूटी है।भाजपा के सांसद ने भी पूर्व माण्डू को अनदेखा किया है,वर्षो से लोग यहाँ छले जा रहे है,राजनीति ने नई करवट ली है,माण्डू की जनता ने इस बार बदलाव की ठानी है। माण्डू से इस बार शिक्षित,ईमानदार और बेदाग छवि का जेएलकेएम प्रत्याशी होगा जिसे आप कैंची छाप में वोट देकर इन राजनेताओं को सबक सिखाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय महामंत्री सरजू पटेल, केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद उर्फ माही पटेल, जिला अध्यक्ष सह उप प्रमुख सरयु साव, केंद्रीय युवा मोर्चा के उमेश मेहता, केंद्रीय महिला मोर्चा की रूपा महतो, जिला कोषाध्यक्ष पूनम कुमारी, इंजीनियर मुकेश कुमार, सन्नी कुमार प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो, उपाध्यक्ष नंदलाल महतो, सुरेश कुमार,सचिव गंगाधर ,कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, संगठन मंत्री विशेश्वर महतो, महामंत्री गुलाब महतो, उमेश कुमार, किशोर कुमार, सत्यनारायण महतो, टहल महतो, चूरामन महतो, प्रदीप महतो, माही बाबू,धानेश्वर महतो, नवरत्न कुमार समेत कई पंचायत प्रभारी एवं सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं पुरूष शामिल थे।

# बरही मल्लाह टोली से 42वर्षीय हरि मालाकर लापता, प्रशासन स खोजबीन का लगाया गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र के मल्लाह टोली निवासी अनीता देवी अपने पति हरी माली के गुमसुदगी को लेकर बरही थाना में आवेदन देकर पुलिस प्रशासन से जल्द खोजबीन करने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने बताया कि मेरे पति हरि माली रात करीब 12 से 1:00 बजे रात्रि तक हम लोगों के साथ ही थे और जब मैं अचानक सुबह करीब 4:30 बजे उठी तो मैंने देखा कि मेरे पति अपने घर में नहीं है। मैंने तुरंत ही आस पड़ोस के लोगो को इस बात की जानकारी दी। तो लोगों ने चारों ओर दिन भर ढूंढने का भरपूर प्रयास किया परंतु उनका कहीं कुछ पता नहीं चल पाया। जिसके बाद थक हार कर 29 अगस्त की रात को ही बरही थाना में आवेदन देकर गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। वहीं लापता हरी माली के परिजनों ने बताया कि उन्होंने अपना मोबाइल भी घर पर ही छोड़ दिया है। इस वजह से उनकी खोजबीन में कठिनाई हो रही है। आगे परिजनों ने बताया कि अचानक उनके लापता हो जाने से उनकी पत्नी, दो बच्चे समेत पूरा परिवार काफी चिंतित है। घर पर वह इकलौता कमाऊ व्यक्ति थे। वहीं परिजनों ने बताया कि घर से निकलते समय हरी माली नें ग्रे रंग का टीशर्ट और काला रंग का पैंट पहने हुए था। जिनका उम्र 42, रंग सांवला, कद 5 फीट 4 इंच है।अनीता देवी ने दैनिक अखबार के माध्यम से6204802718, 7255032295 मोबाइल नंबर साझा करते हुए कहा कि जैसे ही इनका कोई पता चले तो इसकी सूचना दें।

# आत्मा ने विष्णुगढ़ के 30 किसानों को जिला स्तरीय कृषक परिभ्रमण करवाकर उन्नत कृषि की दी जानकारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** हजारीबाग द्वारा आत्मा समेति सहायय योजना अंतर्गत विष्णुगढ़ प्रखंड के 30 किसानों को जिला स्तरीय कृषक परिभ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत भूमि संरक्षण प्रशिक्षण केंद्र डेमोटांड हजारीबाग ले जाया गया। इस प्रशिक्षण केंद्र में ऑर्गेनिक खेती ,चाय ,कॉफी बागान, स्वीट कॉर्नर, फूलगोभी ,बंदगोभी ,बैंगन ,सब्जी के बारे में विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया। प्लॉट पर जाकर दिखाया गया वैज्ञानिक विधि जैसे मल्चिंग द्वारा टपक सिस्टम से खेती करने से फायदे एवं उपज का उपाय बताई गई आमदनी बढ़ाने की भी जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार राणा कृषक मित्र सुरेश महतो ,मालती देवी ,अनीता देवी ,कमली देवी , ललिता देवी गीता देवी, गुरूदयाल महतो, तुलसी महतो,सुनीता देवी अन्य किसान उपस्थित रहे।

# एसीबी की टीम ने मुखिया व मुखिया प्रतिनिधि को रिश्वत लेने के आरोप में किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग की टीम ने अबुआ आवास के नाम पर 25000 रुपये रिश्वत लेने के मामले में रंगे हाथ बड़कागांव पूर्वी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव को गिरफ्तार किया। वहीं मुखिया बिमला देवी को भी अपने साथ एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर अग्रतर कारवाई के लिए हजारीबाग ले गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़कागांव पूर्वी पंचायत निवासी के भगवान रोड स्थित अबुआ आवास के लाभुक बसंत साव ने एसीबी को मुखिया द्वारा घूस मांगने की बात को लेकर आवेदन दिया था। जिसपर जांच-पड़ताल कर एसीबी की टीम गठित की गई और शुक्रवार की सुबह 6:30 बजे मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव को उसके घर पर ही 25000 घूस लेते रंगे हाथ दबोचा। वहीं गांव वालों ने कहा की मुखिया प्रतिनिधि व मुखिया को अन्य लोगों के द्वारा फंसाया जा रहा है। जिसको लेकर सैकड़ों ग्रामीण एसीबी कार्यलय हजारीबाग पहुंच गए और मुखिया को फंसाये जाने की बात कह रहे थे।

# विष्णुगढ़ में एक्सिस बैंक का भव्य उद्घाटन

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय में विष्णुगढ़-गोमियाँ मार्ग के किनारे,बासुदेव ऑटो टाटा शोरूम के बगल में एक्सिस बैंक की शाखा का भव्य उद्घाटन किया गया। बतौर मुख्यातिथि विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानन्द दास ने फीता काटकर ,दीपप्रज्वलन कर शाखा का उद्घाटन किया गया। एक्सिस बैंक की शाखा खुलने से ग्रामीणों में संतोष का भाव साफ दिखाई दे रहा था,कुछ लोगो ने तो साफ तौर पर कहा अब ग्राहकों को बेहतर सर्विस मिलेगी जिससे खाता धारकों को लेन-देन के कार्य मे सुविधा होगी। विष्णुगढ़ एक्सिस बैंक शाखा प्रबंधक ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारे बैंक से खाताधारकों को कृषि ऋण,होम लोन,एमएसएमई बिजनेस लोन,कृषि संयत्र लोन,गोल्ड लोन,कॉमर्शियल व्हेकिल कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट लोन,पर्सनल लोन,कार लोन,टू व्हीलर लोन आकर्षक ब्याज दरों के साथ उपलब्ध है। ग्राहको की सेवा हमारी पहली प्राथमिकता में शामिल है। कार्य का आरम्भ हो गया है,कुछ वर्षो में विष्णुगढ़ के बैंकिंग क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन होंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से विष्णुगढ़ मुखिया,चेडरा मुखिया निर्मल कुमार, कलस्टर हेड बैंकिंग मनोज तिवारी,कलस्टर हेड सेल बिनोद कुमार,ब्रांच ऑपरेशन हेड रजनीश गुप्ता,सहकर्मी संदीप मुखर्जी,मिथलेश पाण्डेय, नवीन कुमार,अर्जुन तिवारी,पंचम महतो,मनीष आनंद,हिरामन महतो,अनिल सोनी,दीपू बरनवाल,सुनील अकेला समेत सैकड़ो की संख्या में विष्णुगढ़ के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पताल में हाथियों का झुंड मचा रहा उत्पात घरों और फसल को रौंदा



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के पताल पंचायत अंतर्गत पड़रिया टांड में गुरुवार की रात हाथियों की झुंड ने प्रमिला देवी पति तापेश्वर महतो एवं निराशो देवी पति जगरनाथ महतो के घर तोड़कर तहस नहस कर दिया! गृह स्वामी किसी तरह रात के अंधेरे में जान बचाकर भागने में कामयाब रहे! घटना पर पीड़िता प्रमिला देवी ने कहा कि मैं घर से बेघर हो चुकि हूं! हाथियों ने मेरा घर को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है! सर छुपाने तक कि जगह नहीं है! मैं सरकार से मांग करती हूं कि खाने पिने के सामग्री धान मकई गेंहू और चावल खा गए! साथ ही खेत में लगे मकई, धान की फ़सल नष्ट कर दिया!उसकी हर्जना मिले! वन विभाग की टीम ने तकरीबन 10 बजे के आसपास अपने दल बल के साथ जंगली हाथियों को पताल क्षेत्र से भगाने में कामयाब रहे! घटना पर जे बीकेएसएस जेकेएलएम के केंद्रीय संघठन सचिव विकास महतो ने संज्ञान लेते हुए बीडीओ सीओ को पताल पंचायत और बुंडू पंचायत के घटना से अवगत कराया और नष्ट मकान फसल की मुआवजा दिलाने की बात कही और कहा कि क्षेत्र में आधौगिकी करण के कारण जंगल नष्ट होते जा रहे हैं जिस कारण हाथियों के आवागमन का कारीडोर भी समाप्त होते जा रहा है परिणाम स्वरूप हाथी आबादी वाले इलाके में घुस कर उत्पात मचा रहें हैं! वन विभाग सक्रिय हो कर हाथियों को क्षेत्र से भगाए!

# सांसद मनीष जायसवाल ने 1.23 करोड़ की योजना का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारु :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कन्या उत्क्रमित मध्य विद्यालय दारु के उनयन हेतु विविध निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद मनीष जायसवाल ने फीता काटकर औ 11 नारियल फोड़कर किया। इस विद्यालय की चारदिवारी निर्माण की मांग विद्यालय प्रबंधन और ग्रामीणों द्वारा वर्षो से किया जा रहा था। डीएमएफटी मद से बनने वाला यह योजना की प्राकलित राशि 1.23 करोड़ है। इस राशि से विद्यालय की चारदिवारी, तीन कमरे, शौचालय, बोरिंग और विद्यालय भवन की मरम्मती का कार्य किया जाएगा । यह कार्य सत्यम शिवम् सुंदरम एजेंसी द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक धीरज कुमार ने बुके देकर और माला पहनाकर सांसद का स्वागत किया। सांसद ने कहा कि चारदिवारी निर्माण का प्रयास काफी वर्षो से किया जा रहा था। जो आज सफल हो पाया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, बलदेव बाबू, अरविंद पप्पू, किशुन प्रसाद, नागेश्वर महतो, विकास यादव, राजन सिन्हा,अरविन्द कुमार, महिंद्र प्रसाद,सुमन सिन्हा, रौशन् सिन्हा, राजेश कुमार,महावीर ठाकुर सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

# बरही में विहिप का 60वां स्थापना दिवस सह विशाल हिन्दू महासम्मेलन में उमड़ा जन सैलाब

- सामाजिक समरसता व संगठित होकर धर्मांतरण, लव जेहाद, लैंड जेहाद को रोका जा सकता है : अम्बरीश जी
- धर्म की रक्षा करो, वेदों की और लौटो, हर गांव को हिंदू गांव बनाए तभी भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा : मनोज पोद्दार






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** प्रखंड अंतर्गत बरसोत मैदान में विश्व हिंदू परिषद का 60वां स्थापना दिवस सह विशाल हिन्दू महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्वलन कर की गई, जिसमें प्रमुख अतिथियों सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री सह केंद्रीय विशेष सह संपर्क प्रमुख अम्बरीश जी, विशिष्ट अतिथि प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, प्रांत संपर्क प्रमुख प्रिंस जी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय सह सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहू, हजारीबाग जिला संघ चालक श्रद्धा नंद सिंह, कोडरमा जिला सह संघ चालक दयानंद चौरसिया, जिला मंत्री अरविंद मेहता, जिला बजरंग दल संयोजक प्रशांत सिंह, जिला सत्संग प्रमुख सहदेव जी, जिला आचार्य प्रमुख रवि पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष विनोद साहु, जिला गौरक्षा प्रमुख इन्द्रदेव गुप्ता, जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार ,जिला मिलन प्रमुख सुमंत पाण्डेय आदि उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि को समिति की ओर से अंगवस्त्र एवं शस्त्र भेंट कर स्वागत किया। विशाल हिंदू महासम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अम्बरीश जी ने कहा कि विहिप की स्थापना 1964 में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर स्वामी चिन्मयानंद के आश्रम, पवई मुंबई में की गई थी, जिसका उद्देश्य विश्वभर में हिंदू समाज को संगठित, सशक्त और जागरूक बनाना है। उन्होंने विहिप द्वारा समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, वनवासी कल्याण, धर्म रक्षा और गो रक्षा के क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सनातन धर्म के मान विन्दुओं और प्रतीकों पर विधर्मियों द्वारा किए जा रहे अनवरत हमले और उससे सनातन धर्म को बचाने के लिए विश्व हिंदू परिषद द्वारा किए गए सामाजिक जागरण और समाजोत्थान के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सामाजिक और धार्मिक जागरण के द्वारा ही हम समाज को सुरक्षित और सशक्त बना सकते हैं तथा देश धर्म की रक्षा कर सकते हैं। हमारे समाज में विघटन कारी शक्तियां पूरी तरह से हावी है, जिसका परिणाम आज हमारा सनातन समाज धर्मातरण, लव जेहाद, लैंड जेहाद के रूप में झेलने को विवश है। जिस दिन सनातन परंपरा को मानने वाला समाज राजनीति, पंथ, भाषा, और जातिवाद से ऊपर उठकर एकजुट हो जायेगा उस दिन देश के भीतर और बाहर की सभी समस्याओं का अंत हो जायेगा। आज सनातन समाज के सामने मठ मंदिर की सुरक्षा, सरकारी अधिग्रहण से मुक्ति, धर्मातरण, लव जेहाद, लैंड जेहाद, संस्कार क्षरण, विदेशी घुसपैठ, जनसंख्या असंतुलन, सनातन संस्कृति के खात्मे के लिए बनाए गए काले कानून जैसी अनेकानेक ज्वलंत समस्याएं हैं, जिसे हम सभी कार्यकर्ता सामाजिक, नैतिक और धार्मिक जागरण के द्वारा समाज को एकत्रित करके ही हल कर सकते हैं। वही मनोज पोद्दार ने कहा कि धर्म की रक्षा करो, वेदों की और लौटो, हर गांव को हिंदू गांव बनाए तभी भारत हिंदू राष्ट्र बन पायेगा। वहीं प्रशांत सिंह ने कहा कि रामलला आएंगे और मंदिर वहीं बनाएंगे का सपना पूरा हो गया, अब श्री कृष्णा नगरी को अपना बनाना है।

# कांग्रेस टिकट देगी तो जरूर लड़ूंगा चुनाव : डॉ आरसी मेहता



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने कहा की यदि कांग्रेस उसे हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से पुणः प्रत्याशी बनाती है तो वे पूरे दमखम के साथ विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने आगे कहा कि पिछली बार उन्हें कम समय मिला था प्रचार प्रसार का इस बार उनके पास पर्याप्त समय है और वह पिछले 5 साल से लगातार क्षेत्र में बने हुए हैं इसलिए अगर कांग्रेस इस बार उन्हें सदर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनती है तो वे पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ेंगे और वह आशा करते हैं कि वह इस बार चुनाव जीतेंगे भी। उक्त बातें उन्होंने जुलु पार्क अवस्थित मेहता कुशवाहा भवन में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने आगे कहा कि वे पिछले 5 साल से लगातार क्षेत्र की समस्याओं को लेकर संघर्ष करते आ रहे हैं। आम जनता के साथ उनका सीधा संवाद है इस बार वे आशा करते हैं कि पिछली बार से अधिक मत लायेंगे और परिणाम भी उनके पक्ष में रहेगा। उन्होंने पिछले 5 साल के अपने संघर्षो के बारे में बताते हुए कहा कि नगवा टोल प्लाजा में स्थानीय लोगों से जो टोल लिया जाता था इसके लिए उन्होंने आंदोलन कर स्थानीय लोगों के लिए टोल फ्री करवाया, हजारीबाग के जिला परिषद चौक के निकट अवस्थित सिंपसन पार्क का नाम बदलवाया साथ ही साथ कई अन्य कार्य भी किया। इस प्रेस वार्ता में उनके साथ कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान के अलावा कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

# करियातपुर में जिला परिषद की भूमि पर चला प्रशासन की बुलडोजर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** उत्क्रमित उच्च विद्यालय करियातपुर परिसर में जिला परिषद भूमि पर शुक्रवार को अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का बुलडोजर चला। बुलडोजर चलते ही अतिक्रमणकारियों दुकानदारों में हड़कम मच गया। हालांकि इस बात की सूचना बरही प्रशासन की ओर से पूर्व मे ही दी गई थी। अतिक्रमण बरही एसडीओ के दिशा निर्देश पर किया गया। जिसके लिए जिला परिषद भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए बरही अंचल के मजिस्ट्रेट उप निरीक्षक सह प्रभारी अंचल निरीक्षक रितलाल रजक, अंचल अमीन चेतलाल यादव, बरही थाना के एसआई सुमित साव पुलिस बल के साथ मौजूद थे।जानकारी के अनुसार बरही अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय करियातपुर के प्रधानाध्यापक के उल्लेखित जिला परिषद हजारीबाग की भूमि ग्राम करियातपुर के खाता संख्या 152 प्लॉट संख्या 1646 भूमि पर से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई थी, जिसके आलोक में 30 अप्रैल 2024 को तिथि निश्चित की गई थी। इधर अतिक्रमण के शिकार हुवे भुक्त भोगी सोनू कुमार गुप्ता, ने कहा की यहां पर हमलोगो का व्यवसाय चल रहा था, जिससे परिवार का भरण पोषण हो रहा था। दुकान के टूटने से पूरा परिवार पर आफत आ गई है। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासन से मांग किया की स्कूल का बाउंड्री का निर्माण हो लेकिन हम लोगों के लिए भी व्यवसाय के लिए कुछ जगह दी जाए जहां पर हम लोग अपना दुकान चला सके, और अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें।

# सरना फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड के पताल पंचायत फुटबॉल मैदान में सरना क्लब के द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप हजारीबाग जिला इंटक सचिव अंकित राज ऊर्फ सुमीत के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया! इस मौके पर इंटेक नेता ने संबोधित करते हुवे उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक विकास होता है और अपनी प्रतिभा का उजागर करने का मौका भी इस तरह के आयोजन से मिलता है! हमारे तरफ से जितना हो सके शारीरिक आर्थिक सहयोग किया जायेगा! इस मौके पर आयोजनकर्ता सरना क्लब अध्यक्ष दिनेश महतो, सचिव सुनील महतो कोषाध्यक्ष नंदकिशोर महतो टिकेश्वर महतो पिंटू मुंडा दीपक मुंडा पंचायत अध्यक्ष फुलेश्वर महतो दिलीप महतो संजय ठाकुर कारण मुंडा रंजीत गंझू झड़ी गंझू नरेश गोप विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र साव उमेश यादव गुरदयाल सिंह मंगल सिंह विष्णु पांडे बैजू सिंह बलु सिंह किशुन देव प्रसाद, रामनंदन राम नरेश साव अनिल सोनी हिरा राम बिनोद पासवान तालकेश्वर महतो तेजनाथ महतो कमला महतो समेत कमेटी के सदस्य मजूद थे!

# आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर दारू बीडीओ ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारु :** दारु प्रखण्ड कार्यालय में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता को लेकर बीडीओ हारून रसीद अध्यक्षता में बैठक किया गया। इस बैठक में विभिन्न विभागों के साथ संयुक्त बैठक की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग,कृषि विभाग जेएसएलपीएस,आपूर्ति विभाग एंव पंचायत ड्ढस्ध्न आदि के लोग मौजूद थे। बीडीओ ने लोगो को जानकारी देते हुए कहा कि 1 सितंबर से 11 सितंबर तक चलेगी। दारू प्रखंड के 9 पंचायतो में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाना है। ताकि ग्रामीणों को कल्याणकारी योजना का लाभ दिया जा सके। इसमे सभी विभाग के द्वारा सक्रिय भूमिका निभानी है। सरकार की इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सभी विभाग के अधिकारियों को मिलकर सफल बनाना है। सभी विभाग के पदाधिकारियों ने कहा की कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# राष्ट्रीय फुटबॉल रेफरी परमेश्वर गोप एवम उमेश कुमार को गौशाला के अध्यक्ष ने किया सम्मानित

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग के रहनेवाले राष्ट्रीय फुटबॉल रेफरी परमेश्वर गोप एवम उमेश कुमार को पिंजरापुर के गौशाला में समाजसेवी एवं गौशाला के अध्यक्ष श्रद्धानंद सिंह ने सम्मानित किया । उल्लेखनीय है कि झारखंड से एकमात्र फुटबॉल रेफरी परमेश्वर का का चयन इंडियन सुपर फुटबॉल लीग में हुआ है। यह देश का सबसे बड़ा फुटबॉल टूर्नामेंट है। पूरे देश से मात्र 35 फुटबॉल रेफरी का चयन हुआ है जिसमें हजारीबाग के परमेश्वर गोप का भी नाम है जो हजारीबाग के फुटबॉल खेल प्रेमियों के लिए काफी हर्ष की बात है जबकि राष्ट्रीय फुटबॉल रेफरी उमेश कुमार लगातार संतोष ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट में बतौर रेफरी जाते रहे हैं। खेल प्रेमी श्रद्धानंद सिंह ने इस मौके पर कहा कि मुझे काफी गर्व महसूस हो रहा है क्योंकि हमारे लड़के हजारीबाग के साथ ही साथ झारखंड का नाम को भी रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर राकेश कुमार, सरोज यादव, फुटबॉल संघ के सचिव भैया मुरारी सिन्हा, पूर्व मुखिया अरुण यादव, धनेश्वर यादव, सफीउल्लाह खान, गुड्डु, संजय राणा, अनिल कुमार, रविंद्र कुमार उपस्थित थे।

## रामगढ़ कोषागार में स्टांप पेपर हुआ उपलब्ध

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त चंदन कुमार के अथक प्रयास से रामगढ़ जिला के अधिवक्ताओं की जिला में स्टांप पेपर, अधिवक्ता कल्याण मुद्रण आदि रामगढ़ कोषागार में उपलब्ध कराने की बहु प्रतीक्षित मांग पूरी हुई हैं जिला स्थापना के समय से आज तक कोषागार में स्टांप पेपर



उपलब्ध नहीं होने से अधिवक्ताओं के साथ-साथ आम जनों को भी काफी परेशानी हो रही थी इस संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर शुक्रवार को जिला अधिवक्ता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल कोषागार पदाधिकारी मंजू शोभा एक्का से मिला और उनसे जानकारी प्राप्त की उन्होंने बताया कि उपायुक्त रामगढ़ के प्रयास से पर्याप्त मात्रा में रामगढ़ कोषागार में न्यायिक मुद्रांक, गैर न्यायिक मुद्रा, अधिवक्ता कल्याण मुद्रांक उपलब्ध है जिसको नियमों अनुसार अधिवक्ता संघ एवं आमजन प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने जिलाअधिवक्ता संघ की ओर से उपायुक्त चंदन कुमार का आभार व्यक्त किया साथ ही कोषगार पदाधिकारी से संघ को सहयोग करने का अनुरोध भी किया वार्ता के दौरान संघ के अध्यक्ष के साथ में कार्यकारिणी सदस्य सुबोध कुमार पांडे मीनू कुमारी उपस्थित थे।

## रजरप्पा कालोनी निवासी डॉ माला चक्रवर्ती समाजसेवी पंचतत्व में हुई विलीन

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत हॉस्पिटल कॉलोनी निवासी व बरियातु गोला की आरएमपी डॉ माला चक्रवर्ती 46 वर्षीय पति डॉ दुर्गा प्र.चक्रवर्ती का अस्पताल में निधन हो गया, बताया गया कि डॉ चक्रवर्ती को सांस लेने में काफी दिक्कत हो रही थी जिसे देखते हुए बेहतर इलाज के लिए 27 अगस्त को रांची के प्रतिष्ठित अस्पताल आलम नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के दौरान 28 अगस्त को मृत घोषित कर दिया, उनके निधन से पूरे रजरप्पा क्षेत्र में शोक की लहर है पूरे क्षेत्र में महिला चिकित्सक के रूप में बहुत ही चर्चित प्रतिष्ठित और मान सम्मान मिलता रहा , उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में 26 वर्षो से काफी अनुभव था ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत अधिक इलाज करने का अनुभव प्राप्त था विशेष कर महिला रोगों की जानकारी था, मृतक डॉ अपने पीछे एक पुत्र निखिल चक्रवर्ती व पुत्री स्नेहा चक्रवर्ती को सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए, अचानक निधन होने से पूरा परिवार के सदस्य मातम में डूबे है बरियातू गांव का माहौल पूरा गमगीन है, शव को रांची से अपने पैतृक आवास बरियातु आते ही परिजन छाती पीट-पीट कर रोने लगे बेटा - बेटी दहाड़ मारकर रोने लगे थे, नहीं कर पाई थी इसका सबसे बड़ा अफसोस है, बहुत ही हृदय विदारक घटना से पुरा गांव में शोक पसरा हुआ हैं उनका अंतिम संस्कार बरियातू भैरवा डैम के समीप श्मशान घाट पर किया गया जिसमें एकलौता पुत्र निखिल चक्रवर्ती अपनी मां को मुखाग्नि दिया और फक्कड़ रो पड़ा अंतिम संस्कार में शिबू चक्रवर्ती श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती दुर्गा प्रसाद चक्रवर्ती सुनील चक्रवर्ती, मनोज पोदार,शंकर घोषाल, सपन घोषाल, तपन घोषाल मनोज महतो विनोद बिहारी महतो विवेक गोस्वामी राहुल कुमार दीपू कुमार अमित कुमार सहित पास पुरुष का सैकड़ो ग्रामीण दाह संस्कार में शामिल हुए।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की हुई शुरुआत जिले के 4 स्थानों में लगाए गए शिविर

**गुमला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न पंचायतों एवं वार्डो में शिविर लगाने का कार्य प्रारंभ हुआ। शुक्रवार को जिले के 4 पंचायतों में शिविर लगाए गए। सिसई प्रखंड के मुर्गु पंचायत, गुमला प्रखंड के डूमरडीह



पंचायत, पालकोट प्रखंड के बागेसेरा पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 1 में शिविर लगाए गए। उक्त शिविरों में सैंकड़ों नागरिकों की भीड़ देखने को मिली, एवं विभिन्न योजनाओं के तहत नागरिकों को ऑन द स्पॉट योजनाओं का लाभ दिया गयाज्ञात हो की राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में राज्य भर में दिनांक 30 अगस्त से लेकर 15 सितंबर तक जिले के विभिन्न पंचायतों अंतर्गत आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविरों का आयोजन किया जाएगा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत लगाए जा रहे शिविरों में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, केसीसी, अबुआ आवास योजना,आयुष्मान कार्ड, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, सामुदायिक और व्यक्तिगत वन पट्टा, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना सहित कई कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को आच्छादित करने का कार्य किया जा रहा है। आज यानी 31 अगस्त को घाघरा प्रखंड के दीरगांव पंचायत भवन, सिसई प्रखंड के कुदरा पंचायत भवन, बसिया प्रखंड के ओकबा पंचायत भवन, कामडारा प्रखंड के कामडारा पंचायत भवन, बिशुनपुर प्रखंड के गुरदरि पंचायत भवन, गुमला प्रखंड के कुलाबिरा पंचायत भवन, नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 2 में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## उरीमारी परियोजना के डम्फर सेक्सन में कार्यरत बासदेव कारमाली का निधन

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के उरीमारी परियोजना के डम्फर सेक्सन में कार्यरत भुरकुंवा निवासी सीसीएलकर्मी बासदेव कारमाली का रांची के मेडिका अस्पताल में शुक्रवार कि शाम इलाज के क्रम में निधन हो गया। वहीं बासदेव के निधन कि सुचना मिलते ही पुरे उरीमारी में शोक कि लहर दौड़ गई। बता दें कि बासदेव कारमाली अपने पिछे पत्नी सहित भरा पुरा परिवार छोड़ गए हैं। वहीं उनके साथ काम करने वाले सभी कर्मीयों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।



## रामगढ, मांडु , बडकागांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लडने की चाहत रखने वालो ने दिया आवेदन

**रामगढ :** आगामी विधानसभा को देखते हुए रामगढ़ जिला अंतर्गत इच्छुक कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण ने तीनों विधानसभा रामगढ़ मांडू बड़कागांव के उम्मीदवारों ने अपना आवेदन रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान को बायोडाटा/आवेदन दिया गया! जिसमें कुल आवेदन की संख्या जिसमें (1). रामगढ़ विधानसभा से - ममता देवी ,बजरंग महतो ,शांतनु मिश्रा, शहजाद अनवर, बलजीत सिंह बेदी, राजेंद्र नाथ चौधरी ,राजकुमार यादव, हाजी अख्तर आजाद, रियाज अंसारी, प्रीति दीवान ,शेख तारिक अनवर, चितरंजन दास चौधरी, आसिफ इकबाल ,जाकिर अख्तर, अजीत कुमार करमाली, हाफिज आलम, दुरवेज आलम आदि थे ।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं. एस. जी. 664–17–संकेत–2024–25**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं०–(1) कार्य का नाम –** धनबाद मंडल के अंतर्गत शक्तिनगर (एसकेटीएन) यार्ड में मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एमएसडीएसी) का प्रावधान हेतु। **(2) कार्य का आकलित मुल्य :** ₹ 5,11,63,194.67 (लगभग) **(3) कार्य का अग्रधन राशि :** ₹ 4,05,800.00 **(4) निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 17.09.2024 (12:30 बजे)। **(5)** ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट **http//www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता, धनबाद**

पीआर/1005/डीएचएन/एस एण्ड टी/टी/24-25/40


# रामगढ़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता पांडे गिरोह के चार सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिले में पांडे गिरोह के कुख्यात अपराधी लगातार सक्रिय हैं। वे लोग विभिन्न कंपनियों के मालिकों और ठेकेदारों को लगातार अपना निशाना बना रहे हैं। भदानीनगर ओपी क्षेत्र में ठेकेदारों से लेवी वसूलने के लिए निकले 4 अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले की जानकारी शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने दी। गिरफ्तार अपराधियों में हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नापोखुर्द गांव निवासी ओम प्रकाश साहू उर्फ़ प्रकाश साहू, मुकेश साहू उर्फ़ पठान, सागर कुमार और गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत वाशरी कॉलोनी निवासी सूरज सिंह शामिल हैं।



**ठेकेदारों को धमकी दे रहे थे अपराधी :-** एसपी अजय कुमार ने बताया कि यह पांच अपराधी अपने पास 14 मोबाइल रखे हुए थे। अलग-अलग नंबरों से अलग-अलग ठेकेदारों को धमकी दी जा रही थी। दो मोटरसाइकिल यामाहा आर 1-5 जेएच 01 एफबी 4819 और बजाज पल्सर जेएच 01 एफएच 4960 से पांचो अपराधी घूम रहे थे। पुलिस की टीम देवरिया पंचायत भवन के पास पहुंची तो बाइक पर सवार पांचो लोग संदिग्ध हालत में पीसीसी सड़क पर घूमते हुए दिखे। पुलिस ने पीछा कर चार अपराधियों को पकड़ा, एक अपराधी भागने में सफल रहा। उन लोगों ने खुद को पांडे गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया। साथ ही पीसीसी सड़क के ठेकेदार से लेवी वसूलने की बात भी कही।

**ओम प्रकाश साहू है कुख्यात अपराधी :-** एसपी अजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार ओम प्रकाश साहू उर्फ़ प्रकाश साहू काफी कुख्यात अपराधी है। उसके खिलाफ 14 मामले विभिन्न थानों में पहले से ही दर्ज हैं। रामगढ़ जिले के कुजू, रामगढ़, भुरकुंडा, बरकाकाना, हजारीबाग जिले के केरेडारी, बडकागांव, गिद्दी थाना क्षेत्र में ओमप्रकाश ने कई अपराधों को अंजाम दिया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट, कोल माइन्स एक्ट, रंगदारी के कई मामले दर्ज हैं। मुकेश साहू भी केरेडारी और गिद्दी थाना क्षेत्र में कांडों को अंजाम दे चुका है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी मामले दर्ज हैं। सूरज सिंह के खिलाफ भी गिरिडीह थाना क्षेत्र में मारपीट और हत्या की नीयत से किए गए हमले के मामले में प्राथमिकी दर्ज है।

## ट्रांसपोर्टिंग ऐजेंसी की गाड़ियों पर हमले की योजना बना रहे एक अपराधी को पुलिस ने पकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** 29 अगस्त को रात्रि करीब 10:30 बजे पुलिस अधीक्षक को सूचना प्राप्त हुई थी कि मुखलाल गंझु तालाटांड थाना पतरातु द्वारा किसी ट्रांसपोर्टिंग ऐजेंसी की गाड़ियों पर लेवी की मांग को लेकर हमले की योजना बनाया जा रहा है। एसपी ने बताया की वह योजना को कारित करने के लिए एक बंदूक को लेकर तालाटांड़ स्थित पुलिया पर बैठा हुआ है। उक्त सूचना के आलोक में एसडीपीओ पतरातु के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा ग्राम तालाटांड दुधियागढ़ा पुलिया के पास से एक भरठुआ बंदूक के साथ मुखलाल गंझु को गिरफ्तार किया गया एवं इस संबंध में पतरातु थाना कांड संख्या 224/24 धारा 25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया। गिरफ्तार मुखलाल गंझु को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामारी दल में एसडीपीओ पतरातू विरेन्द्र कुमार राम, पुलिस निरीक्षक योगेन्द्र सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, पुअनि शिवा कच्छप एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## टाइगर जयराम महतो आज के समय मे एक व्यक्ति नहीं एक विचार बन चुके हैं : रमेश कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शुक्रवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के रामगढ़ प्रखण्ड मे आगामी 7 सितंबर को पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो का कार्यक्रम होना तय हुआ है। कार्यक्रम की विशेष तैयारी को लेकर रामगढ़ पटेल चौक माही होटल में जिला अध्यक्ष देवानंद महतो की अध्यक्षता तथा संचालन पार्टी के जिला महासचिव व प्रोटेम प्रभारी डॉ राजेश कुमार महतो ने किया। इस तैयारी बैठक में केंद्रीय पदाधिकारी , जिला पदाधिकारी, जिला मीडिया प्रभारी,प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी व सक्रिय सदस्यों ने अपना बहुमूल्य सुझाव दिया । सभी ने कहा की टाइगर जयराम महतो का कार्यक्रम बहुत दिनों के बाद रामगढ़ प्रखंड को मिला है। इसलिए इस कार्यक्रम को सफल हर हाल में सभी को मिल-जुल के करना है। क्योंकि वर्तमान स्थिति में अगर कोई झारखंड का विकास कर सकता है। तो सिर्फ टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है, इसलिए सभी संप्रदाय के लोगों को एक साथ जुड़ कर सभी को इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना है। तथा ग्रामीण क्षेत्र से भी खासकर महिलाओं को इस कार्यक्रम में अधिक से



अधिक संख्या मे उपस्थिति कैसे सुनिश्चित हो, इस पर विशेष विचार विमर्श की गई । तथा सभी ने कहा कि आज के समय में सभी वर्ग के लोग टाइगर जयराम महतो के विचारों से प्रभावित है। टाइगर जयराम महतो आज एक व्यक्ति नहीं एक विचार बन चुका है । और 2024 निश्चित तौर पर एक बदलाव के संकेत है। आपसी भाईचारा मनमुटाव को भूला कर कार्यक्रम को सफल बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। और इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी , जिला मीडिया प्रभारी रमेश कु महतो, प्रखंड कोर कमेटी सदस्य ,पंचायत पदाधिकारी व सक्रिय सदस्य उपस्थित हुए।

## बालू खनिज के अवैध खनन व परिवहन पर 1 हाईवा वाहन को किया गया जब्त, प्राथमिकी दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में प्राप्त सूचना के आधार पर गुरुवार देर रात को पतरातू अंचल अंतर्गत बालू खनिज के अवैध परिवहन/ खनन के विरुद्ध जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान खैरामांझी द्वार के समीप हाईवा वाहन संख्या JH 02 AK 4135 पर लगभग 600 घन फिट बालू लदा पाया गया। जांच के क्रम में वाहन में किसी भी प्रकार का चालान नहीं




पाया गया जिसके उपरांत पतरातू थाना में हाईवा वाहन मालिक, चालक एवं अन्य संलिप्त लोगों के विरूद्ध सरकारी संपत्ति की चोरी, खनन राजस्व की छति, माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायधिकरण के आदेश का उल्लंघन तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के धारा 4/21, झारखंड लघु खनिज नियमावली 2004 यथा संशोधित के नियम 4/54 एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining Transportation and Storage) Rule 2017 के नियम 9/13 के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

## बड़कीपोना में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों की कई समस्याओं का किया गया समाधान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजना सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चितरपुर प्रखंड के बड़कीपोना पंचायत सचिवालय में आयोजित शिविर में विभिन्न विभाग के कर्मियों ने स्टॉल लगाकर पंचायत के लोगों की समस्या सुना व ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का निष्पादन किया गया। शिविर में आवास, पेंशन, राशन, जाति, आय, निवास, मनरेगा सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामगढ़ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी व विशिष्ट अतिथि डीडीसी , बीडीओ ज्ञानमणि एक्का, सीओ दीपक मिंज, जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ



शंकर चौधरी, 20 सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह द्वारा लाभुकों के बीच और स्कूली बच्चों को साईकल का वितरण किया गया। साथ ही सभी विभागों के स्टॉल का निरीक्षण करते हुए सभी को बेहतर काम करने का निर्देश दिया। वही अतिथियों के द्वारा एक-एक कर आमजनों की समस्या को जाना और समस्याओं का ऑन स्पॉट निष्पादन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर आयोजित शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आकर अपनी समस्या को रखें, आपकी समस्याओं का निदान जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लें। मौके पर पंसस शंभु कुमार, प्रदीप कुमार सहित कई मौजूद थे।

## जरुरतमंदों व गरीबो के लिए 31 अगस्त से शुरू होगा खाना बैंक

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की बैठक शहर के सुभाष चौक के निकट सम्पन्न हुई ।इस बैठक में रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी भाजपा नेता व रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने जरूरतमंदों व भूखे लोगो को निःशुल्क खाना उपलब्ध कराने के लिए खाना बैंक की शुरुआत करने का प्रस्ताव बैठक में लाया, जिसका सभी पदाधिकारियों ने सर्व सम्मति से समर्थन किया। धनंजय कुमार पुटूस ने बताया कि आज भी ऐसे कई गरीब व मिडिल क्लास के लोग हैं जो आर्थिक तंगी व पैसों के अभाव में भर पेट खाना नही खा पाते है इस मुहिम की शुरुआत कर हमलोग जरूरतमंदों व भूखे लोगो को खाना बैंक के माध्यम से निःशुल्क खाना उपलब्ध करेंगे। बैठक में धनंजय कुमार पुटूस के साथ कैलाश महतो,सुरेन्द्र राम,मल्लिका दत्ता,पिन्टू मालाकार,अजय राम,श्रीधर सिंह, रघुवरण स्वामी,मनीषा कौंडल,सिकंदर सोनी उपस्थित हुए।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।**

**अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

**(e-Procurement Call) 2nd call**

ई–पुनर्निविदा सूचना संख्या – 17/R1/24-25/RWD/SIM दिनांक – 30-08-2024

**1.**कार्य की विस्तृत विवरणी:मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अन्तर्गत शीर्ष **(4515)**

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | टेंडर कॉल संख्या | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/SIM/ 17/R1/STPKG- 09/2024-25 | ठेठईटांगर | 1. गरजा रेगांरी पथ से पोरहाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.870 कि0मी0) | 1313.398 (तेरह करोड़ तेरह लाख उनचालीस हजार आठ सौ रूपये मात्र) | द्वितीय | 15 महिना |
| | | | 2. L060 कोनपाला से पतराटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.000 कि0मी0) | | | |
| | | | 3. L049 ठेठईटांगर बोलबा पथ से रोयांटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.100कि0मी0) | | | |
| | | | 4. ठेठईटांगर बोलबा पथ से धोरीबहार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 7.000कि0मी0) | | | |
| | | | 5. L022 मेरोमडेगा से गिरिजा टोली पहाड़ टोली पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 3.000कि0मी0) | | | |
| | | | 6. ताराबोगा आर0ई0ओ0 पथ से गोबरधसा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 4.000कि0मी0) | | | |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 02-09-2024
3. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 09-09-2024 अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. ई–पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 11-09-2024 अपराह्न 11:30 बजे।
5. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,सिमडेगा।
6. ई–पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06525-299956 एवं मोबाईल नम्बर 9973512046
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 अनु0 दि0 09-10-2023 के निर्देशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र के अनुसार मान्य होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।

PR 334210 Rural Work Department(24-25)D



**झारखण्ड सरकार**

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**

**(कृषि प्रभाग)**

**कार्यालय भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा।**

संयुक्त कृषि भवन, द्वितीय तल्ला, सिमडेगा –835223

राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 में कृषक समूहों एवं अन्य को ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों के अनुदानित पर वितरण हेतु मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना हेतु आवेदन आमंत्रण की सूचना

विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या 53 दिनांक 16.08.2024 द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 में राज्य योजना अन्तर्गत पानी पंचायतों जलछाजन समितियों, महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/ कृशक समूहों/लैम्पस/पैक्स एवं अन्य कृशक संगठनो को मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजनान्तर्गत एक बड़ा ट्रैक्टर एवं इसके साथ कम दो कृशि यंत्रों के क्रय करने पर कुल पैकज राशि 10.00 लाख में बड़े ट्रैक्टर पर अधिकतम 50 प्रतिशत एवं दो कृशि यंत्रो के क्रय करने पर अधिकतम अनुदान 80 प्रतिशत देय होगा परन्तु कुल अधिकतम अनुदान 5.00 लाख(पांच लाख) रूपये ही देय होगा। मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना हेतु निर्धारित आवेदन प्रारूप में जिले के कृशकों को आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। प्रकाशन कि तिथि से दिनांक 15.09.2024 तक कार्यालय दिवस में प्रातः 11 बजे से संध्या 5 बजे तक भूमि संरक्षण कार्यालय, सिमडेगा से आवेदन फॉर्म प्राप्त कर पूर्ण रूपेण भरकर आवश्यक कागजात के साथ जमा कर सकते है।

मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना का पैकेज तैयार करने हेतु ट्रैक्टर एंव सहायक कृषि यंत्रों की सूची एवं अनुदान निम्न प्रकार से होगी।

| S.N | Detail of Machines | Package Cost | Target | Subsidy & Condition |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tractor (34.0-40.0 max PTO HP ps) approved model tested by FMTTI, with standard tool Kit, Seat, Hitch, hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachment etc. & 2 Agriculture implements. | RS. 10.00 Lakh | 50 | -One Tractor with Minimum two Implements from S.No. 02 to 12 have to be taken in tractor package. -Maximum Subsidy on tractor @ 50% & on Agricultural Implements @ 80% of quoted L-1 prices as per EoI, -Farmers Group Maximum Subsidy on tractor package will be Rs. 5.00 lakh. |
| 2 | Rotavator (4'-5') | RS. 3.00 Lakh | 30 | any farmers group having tractor and need extra Implements they can get subsidy @ 80% or Maximum Rs.2.00 lakh whichever is Minimum of quoted L-1 price as per EoI. |
| 3 | Cultivator (7-13 tyne) | | | |
| 4 | Disc Harrow (11-18 disc) | | | |
| 5 | Ridger/Trencher/Aguer (Tractor Drawn) | | | |
| 6 | Zero Tillage Drill/Seed Cum Fertilizer Drill | | | |
| 7 | Cage Wheel pair (Compatible to above PTO HP Tractor) | | | |
| 8 | Wheat Thresher (Tractor Drawn) | | | |
| 9 | Multicrop Thresher (Tractor Drawn) | | | |
| 10 | Paddy Thresher (tractor Drawn) | | | |
| 11 | Power Maize Thresher/Maize Dehusker cum Sheller (T.D.) | | | |
| 12 | MB Plough (2 bottom) | | | |

1. जिन समूहों के सदस्यो में से कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालक का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक (प्रमाण पत्र अंचालाधिकारी द्वारा निर्गत) भूमि होगी, उसे प्राथमिकता दी जायेगी।
2. जिले को प्राप्त भौतिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत स्थानीय क्षेत्रीय माननीय विधायक के अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुये जिला स्तरीय गठित चयन समिति द्वारा स्वीकृत किया जा सकेगा।
3. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृशक समूहों को पूर्व में कृशि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक स्थापना या अन्य किसी योजना केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना के माध्यम से उपरोक्त योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नहीं होगी।

विशेष जानकारी के लिए अधोहंस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का पता–
1. भूमि संरक्षण पदाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा।
संयुक्त कृषि भवन, द्वितीय तल्ला, सिमडेगा – 835223

PR 334221 Land Reforms(24-25)D

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,सिमडेगा।

## हरेन्द्र सिंह ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने अपने लक्ष्य ÷धनबाद फर्स्ट÷ के तहत भूली मंडल अंतर्गत भूली डी ब्लाक, सेक्टर-9 में एक जनसंवाद सभा का आयोजन किया। इस सभा में उन्होंने स्थानीय निवासियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को समझा और उनके समाधान हेतु अपने विचार प्रस्तुत किए। हरेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि ÷धनबाद फर्स्ट÷ का मुख्य उद्देश्य 2029 के लिए धनबाद का एक ड्राफ्ट विजन तैयार करना है जो केवल क्षेत्र के विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि एक स्वस्थ और समृद्ध समाज का निर्माण करना है। वहीं हरेन्द्र सिंह के द्वारा मुनिडीह स्थित बारडुभी पंचायत भवन में एक निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर बारडुभी के मुखिया एवं भाजपा धनबाद प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के सहयोग से किया गया। शिविर मे सैकड़ों लोगों ने अपना मुफ्त इलाज कराया। उपस्थित लोगों ने हरेन्द्र सिंह का आभार प्रकट किया।

## महुदा में चला विशेष वाहन चेकिंग अभियान



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महुदा थाना के सामने धनबाद बोकारो मुख्य पथ में वरीय पुलिस पधाधिकारी के आदेश अनुसार मोटर भेकेल विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। महुदा थाना प्रभारी के नेतृत्व में धनबाद से आए पुलिस जवान ने कई दर्जन गाड़ियों को पकड़ा और चलान काटा, जिसमे हेलमेट नहीं पहन कर वाहन चलाना अन्य अन्य कमिया चालकों का मिला।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय के द्वारा खेल-कूद का हुआ आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग अंतर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के निदेशानुसार राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय के द्वारा खेल-कूद का आयोजन किया गया। गिरिडीह आउटडोर स्टेडियम में फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया तथा गिरिडीह इनडोर स्टेडियम में बैडमिंटन का आयोजन किया गया।

आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार कार्यक्रम के तहत ऑन द स्पॉट विभिन्न मामलों का किया गया निष्पादन

## सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से लाभुकों को किया गया लाभान्वित

पप्पु वर्मा@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह जिला अन्तर्गत आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार कार्यक्रम के तहत गिरिडीह जिले के विभिन्न पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वरीय अधिकारियों के साथ प्रतिनियुक्त नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना को लेकर अलग कैम्प लगाया है, ताकि लोगों को आवेदन जमा करने में कोई समस्या न हो। वही महिलाओं में झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना को लेकर लोगों में काफी



उत्सुकता देखी गई। कार्यक्रम के दौरान अबुआ आवास योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, आपूर्ति, पंचायती राज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कृषि सहकारिता पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, राजस्व, ऊर्जा, स्वास्थ्य, स्वीकृति पत्र, जेएसएलपीएस विभागों द्वारा अपना-अपना स्टॉल लगाकर आमजनों को योजनाओं की जानकारी व लाभ से लाभान्वित किया गया। साथ ही आमजनों के समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए जिला स्तर से कार्यक्रम में मिलने वाले आवेदनों व शिकायतों की मॉनिटरिंग की जा रही है। इस हेतु ऑनलाईन सिस्टम के माध्यम से आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान ही रोजाना मिलने वाले आवेदनों व शिकायतों की इंट्री किया जायेगा और आवेदक भी अपना आवेदन को ट्रैक कर सकते हैं और जिला स्तर पर उपायुक्त के द्वारा स्वयं सारी गतिविधियों की निगरानी की जा रही है। जिला स्तर के अधिकारियों व विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई इसके अलावे आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा सरकार की चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से सभी को अवगत कराया गया।

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार

## ऑन-द-स्पॉट जाति, आवासीय व आय प्रमाण-पत्र का हुआ वितरण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दिनांक 30 अगस्त 2024 को शुरू हुए आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान धनबाद प्रखंड के अरलगड़िया पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अरलगाड़िया पंचायत के विशेश्वर महतो की पुत्री लक्ष्मी कुमारी को ऑन द स्पॉट जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। लाभुक लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि जब उन्हें पता चला कि उनके पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वारा के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा तब उन्होंने शिविर में आवेदन देने का मन बनाया। सुबह शिविर में पहुंच कर उन्होंने जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र के लिए आवश्यक कागजात के साथ जमा किया। लगभग 1 घंटे में उनकी बेटी का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत हो गया। शिविर में उपस्थित पुटकी अंचलाधिकारी विकास आनंद ने उन्हें प्रमाण पत्र सुपुर्द किया। ऑन द स्पॉट प्रमाण पत्र मिल जाने से लाभुक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि इस प्रमाण पत्र से उनके कई आवश्यक काम अब आसानी से पूरे हो सकेंगे।

## डिग्री कॉलेज जामाडोबा को मिला नीट आधारित नौ प्रोफेसर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जामाडोबा स्थित डिग्री कॉलेज को नीट आधारित अलग अलग विषयों के नौ प्रोफेसर मिला, जिसमे आज एक शिक्षक ने योगदान दिया। कॉलेज को हिंदी, अर्थशास्त्र, इतिहास, भूगोल, समाजशास्त्र, भौतिक विज्ञान, गणित में एक एक तथा वाणिज्य विषय में दो प्रोफ़ेसर मिला। प्रोफ़ेसर के योगदान देने से अब कॉलेज में निरंतर कक्षाए होगी। उक्त बातो की जानकारी कॉलेज के प्राचार्य आर पी सिंह ने दिया। उन्होंने कहा की इन सभी प्रोफ़ेसर के योगदान से छात्र तथा छात्राओं को सभी विषयों की पढ़ाई में निरंतरता मिलेगी।

कॉलेज में विज्ञान, वाणिज्य, कला विषयों में लगभग 1400 छात्र तथा छात्राएं है, जिसमे 14 प्रोफ़ेसर की जरुरत है। नौ प्रोफ़ेसर के आ जाने से कुल 12 प्रोफ़ेसर हो चुके है। श्री सिंह ने कहा की कॉलेज का पहला प्राचार्य होने के नाते मुझे कॉलेज का बुनियाद मजबूत करना है, ताकि भविष्य में छात्रो को समस्याओ का सामना न करना पड़े। आज भी कॉलेज में कई समस्याए है, जिसका निदान तेजी से की जा रही है। डिग्री कॉलेज जामाडोबा आगे के दिनों में अपनी एक अलग पहचान बनाएगी।

## नया वक्फ कानून मुसलमानों के अधिकारों और वक्फ संपत्तियों की मूल भावना के खिलाफ : जफर इकबाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झरिया निवासी समाजसेवी मोहम्मद ज़फ़र इकबाल क़ादरी ने सभी मुस्लिम भाइयों, उलमा, मदरसों के प्रशासकों, खानकाहों के सज्जादा नशीनों और मुसलमानों के प्रतिनिधि संस्थानों से अपील करते हुए कहा है कि, आप सब इस नए वक्फ क़ानून के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएँ। यह समय की मांग है कि हम सब मिल कर इस क़ानून के खिलाफ कड़ा विरोध करें ताकि हमारे अधिकारों और हमारी धार्मिक संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। हम सभी पर यह जिम्मेदारी है कि हम सरकार पर दबाव डालें ताकि यह क़ानून वापस लिया जाए या इसमें मुसलमानों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा कानूनी लड़ाई के माध्यम से इस क़ानून को संवैधानिक आधार पर



चुनौती दें। आगे उन्होने कहा की पूरे देश में संगठित विरोध प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को यह विश्वास दिलाएँ कि मुसलमानों के अधिकारों पर समझौता नहीं किया जा सकता। भारत के सभी मुसलमानों से यह अपील की जाती है कि वे एकजुट होकर इस क़ानून के खिलाफ आवाज उठाएँ। नया वक्फ क़ानून मुसलमानों के अधिकारों और वक्फ संपत्तियों की मूल भावना के खिलाफ है। कानूनी दृष्टिकोण से यह आवश्यक है कि मुसलमानों की चिंताओं को गंभीरता से लिया जाए और उनका उचित समाधान निकाला जाए।

## चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों का परिचालन विस्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** आगामी पर्व त्यौहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनको सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए रेलवे द्वारा चलायी जा रही स्पेषल ट्रेन का परिचालन विस्तार करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

1. गाड़ी सं. 04137 ग्वालियर-बरौनी स्पेशल अब दिनांक 01.09.2024 से 29.12.2024 तक प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को ग्वालियर से चलायी जायेगी । (कुल 35 फेरे)

2. गाड़ी संख्या 04138 बरौनी-ग्वालियर स्पेषल दिनांक 02.09.2024 से 30.12.2024 तक प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार को बरौनी से से चलायी जायेगी । (कुल 35 फेरे)

3. गाड़ी सं. 05289 मुजफ्फरपुर-पुणे स्पेशल अब दिनांक 07.09.2024 से 28.09.2024 तक प्रत्येक शनिवार को मुजफ्फरपुर से चलायी जायेगी । (कुल 04 फेरे)

4. गाड़ी सं. 05290 पुणे-मुजफ्फरपुर स्पेशल अब दिनांक 09.09.2024 से 30.09.2024 तक प्रत्येक सोमवार को पुणे से चलायी जायेगी । (कुल 04 फेरे)

5. गाड़ी सं. 05557 रक्सौल-लोकमान्य तिलक स्पेशल अब दिनांक 03.09.2024 से 24.09.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को रक्सौल से चलायी जायेगी । (कुल 04 फेरे)

6. गाड़ी सं. 05558 लोकमान्य तिलक-रक्सौल स्पेशल अब दिनांक 05.09.2024 से 26.09.2024 तक प्रत्येक गुरूवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से चलायी जायेगी । (कुल 04 फेरे) ।

## ऑन-द-स्पॉट सैकड़ों लाभुकों को मिला लाभ



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दिनांक 30 अगस्त 2024 को शुरू हुए आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान टुण्डी प्रखंड के बरवाटांड़ पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दर्जनों छात्र छात्राओं का ऑन द स्पॉट जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। वहीं कई छात्राओं के बीच साइकिल का भी ऑन द स्पॉट वितरण किया गया। इसके अलावा दर्जनों लाभुकों को ऑन द स्पॉट पेंशन की भी स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही मनरेगा कार्ड वितरण, जेएसएलपीएस वीडियो के बीच पहचान पत्र का भी वितरण किया गया। ऑन द स्पॉट प्रमाण पत्र मिल जाने से लाभुक ने माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि इस प्रमाण पत्र से उनके कई आवश्यक काम अब आसानी से पूरे हो सकेंगे।

बस में छूटा युवती का पर्स, खलासी ने विजय रथ बस से पर्स निकालकर बाबा सम्राट बस में रखा,

## सीसीटीवी कैमरे में हुई पूरी घटना कैद, जांच में जुटी पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में उत्पाद विभाग की भर्ती परीक्षा में शामिल होने गिरिडीह पहुंची युवती का पर्स रांची से गिरिडीह आने वाली बस विजय रथ में छुट गया। लेकिन ज़ब युवती ने बस के कंडेक्टर से अपने पर्स की मांग की तो बस के खलासी ने पर्स छूटने की बात को साफ इंकार कर दिया। इसी के बाद पुरे मामले का खुलासा हुआ। मिली जानकारी के अनुसार रामगढ़ से एक युवती उत्पाद विभाग की भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए विजय रथ बस में बैठ कर गिरिडीह पहुंची, गिरिडीह बस स्टैंड पहुंचने के बाद युवती अपना मोबाइल और पर्स गलती से विजय रथ बस में छोड़



कर चली गयी। घटना के बाद युवती वापस बस स्टैंड पहुंची और बस के कंडेक्टर से पर्स और मोबाईल वापस करने की बात की।लेकिन बस के कंडेक्टर ने युवती का पर्स और मोबाईल छूटने की बात से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद युवती काफी परेशान हो गयी। ठीक कुछ देर के बाद बस स्टैंड में खड़ी बाबा सम्राट (आलीशान) बस के मालिक राजू खान को सूचना मिली की उनके बस में एक मोबाइल और पर्स पाया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद बाबा सम्राट बस के मालिक राजू खान बस स्टैंड पहुंचे और तुरंत सीसीटीवी फुटैज़ खंगालना शुरू किया।जिसमें पाया गया की विजय रथ का कंडेक्टर विकास कुमार बाबा सम्राट बस में युवती का पर्स और मोबाइल फोन रखते हुऐ पाया गया, जिसके बाद राजू खान ने विकास कुमार को पकड़ कर लाया और मुफ्फसिल थाना पुलिस को इसकी सुचना दी। इधर घटना की जानकारी मिलने के मुफ्फसिल थाना पुलिस मौक़े पर पहुंची और आरोपी युवक विकास को अपने साथ थाना ले गयी, लेकिन इसके बाद आरोपी विकास मुफ्फसिल थाना से ही भाग गया। अब पुलिस विकास की तलाश में जुट गयी है।

सरिया : खैरोन, सिंगदाहा, हरकटवा, करनोडीह, बाल्हेडीह में 5 सड़कों का विधायक ने किया शिलान्यास

## क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास हमारी प्राथमिकता : विनोद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखण्ड क्षेत्र के कोल्हरिया-खैरोन पथ, सिंगदाहा से बकराडीह पीडब्ल्यूडी रोड तक पथ निर्माण,हरकटवा में पथ निर्माण, करनोडीह पथ तथा परसिया-अमनारी-बाल्हेडीह पथ निर्माण का शिलान्यास शुक्रवार को किया गया । सभी सडकों का शिलान्यास बिधायक विनोद कुमार सिंह ने शिलापट्ट का अनावरण कर किया । इस दौरान इन गांवों में ग्रामीणों ने बिधायक का गाजेबाजे के साथ स्वागत किया । शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बिधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास हमारी प्राथमिकता है ,हम क्षेत्र के सभी गांवों के सडकों को पक्की सडक बनाने, नदियों में पुल का निर्माण समेत अन्य सभी कार्य को प्राथमिकता के तौर पर कर रहें हैं । आज जिन 5 सडकों का शिलान्यास हुआ उन सडकों का लगभग 10 करोड की लागत से मुख्यमंत्री सडक योजना के तहत सुदृढ़ीकरण किया जायेगा । इन्होंने कहा कि पहले रसोईयों को दस माह का ही मानदेय मिलता था अब उन्हें साल के पूरे 12 महीने का मानदेय झारखंड सरकार देगी। केन्द्र की भाजपा सरकार ने पोषण सखियों को हटा दिया था उन पोषण सखियों को राज्य की इंडिया गठबंधन की सरकार द्वारा पुनः बहाल किया जा रहा है । गरीब-गुरुबों मजदूर किसानों व वंचितों की लडाई हम लगातार लडते रहें हैं और लडकर उनका अधिकार दिलाते रहेंगे । कार्यक्रम में बिधायक विनोद कुमार सिंह,जिप सदस्य लालमणि यादव, अनूप पाण्डेय व बासमति देवी, उपप्रमुख रामदेव यादव, मुखिया धानेश्वर साव, अजय यादव, लखिया देवी, पंसस रेणु रवानी, भोला मंडल, पवन महतो, बिजय सिंह,सोनू पाण्डेय, जिम्मी चौरसिया,बिनोद यादव, शमीम अंसारी, खुर्शीद अंसारी, महानन्द सिंह, बसंत स्वर्णकार, नागेश्वर स्वर्णकार, परमेश्वर कुशवाहा, अमन पाण्डेय, राहुलराज मंडल, बिरेंद्र यादव, चन्द्रशेखर यादव, गिरधारी पासवान, सुदामा रामबिलास पासवान, मुरलीमनोहर मंडल, लक्ष्मण मंडल समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## महुदा के पंचायतों में आपकी योजना, आपका सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखण्ड के अन्तर्गत आपकी योजना आपका सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत लोहपिट्टी पंचायत और बागड़ा पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया ,शिविर में सभी विभाग के स्टॉल लगाए गए थे, जिसमें सबसे अधिक आवेदन मांईयां सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, सावित्री वाई फुले योजना और आबुवा आवास योजना के लाभुक ने जमा किया । लोहपिट्टी पंचायत में चार बच्चों का मुंह जूठी कराया गया । स्वास्थ्य विभाग की और से स्वास्थ्य जाँच के लिए स्टॉल लगाए गये थे, मौके पर डाक्टर शोभा सिन्हा,सीएचओ मालनी टोपनो, एएनएम ऐनी रंजीता, मीना कुमारी, आँगनबाड़ी सेविका बबली रानी, सुमित्रा देवी, अनिता देवी, कुसुम देवी,लखी महतो,बुचनी देवी, तिलकी देवी ,अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सचिव रामेश्वर महतो उर्फ बोबी महतो नोडल पदाधिकारी शैलेश रंजन, राज कुमार जेएसएस प्रखण्ड बाघमारा, आशा देवी जिला परिषद सदस्य धनबाद, विनिता पोदार महिला पर्यवेक्षिका, इन्दु कुमारी महिला पर्यवेक्षिका बाल विकास परियोजना बाघमारा, के अलावे सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे ।

## विधायक के पहल पर डीसी ने लिया एक्शन राजस्व कर्मचारी का हुआ ट्रांसफर जांच टीम गठित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** बीते दो दिनों से सोशल मीडिया पर सरिया अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी आलोक त्रिगुणाइत के द्वारा जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र में साइन करने के नाम पर रिश्वत लेने का वीडियो एवं विरोध करने पर साइन नहीं करने से संबंधित वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा था। जिसका संज्ञान बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने गुरुवार को लेते हुए इसकी जानकारी गिरिडीह उपयुक्त को दी । जिसके आलोक में गिरिडीह उपायुक्त ने तत्काल एक्शन लेते हुए वायरल वीडियो में रिश्वत लेने के मामले की जांच का जिम्मा भूमि सुधार उपसम्हर्ता सरिया को सौंपा गया एवं इसे लेकर भूमि सुधार उपसम्हर्ता सरिया के द्वारा ज्ञापांक 1468 द्वारा तत्काल स्पष्टीकरण पत्र जारी करते हुए आरोपी राजस्व कर्मचारी को नोटिस जारी करते हुए कहा गया है की वायरल वीडियो से स्पष्ट पता



चलता है कि आप सरकारी कार्य के बदले पैसे लेते हुए देखे गए हैं जो एक सरकारी अधिकारी के लिए गलत है। इस संबंध में 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। वही इस बीच उपायुक्त ने आरोपी राजस्व कर्मचारी को सरिया अंचल कार्यालय से गावा अंचल कार्यालय में ट्रांसफर कर दिया गया है वहीं गांवा अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी परमेश्वर उराव को सरिया अंचल कार्यालय में योगदान देने का निर्देश भी जारी की गई है। विधायक विनोद सिंह के द्वारा उक्त मामले का तत्काल संज्ञान लेने एवं त्वरित उपायुक्त के द्वारा इस संबंध में कार्रवाई किए जाने के बाद सरिया वासियों में खुशी की लहर देखी जा रही है । चुकी उक्त राजस्व कर्मचारी पर पूर्व में भी कई बार इस प्रकार के गंभीर आरोप लगा चुके थे। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की ठोस पहल नहीं होने के कारण उस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सका था।

# पंचायत स्तर पर शुरू हुआ आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत आज पंचायत स्तर पर शिविर शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार के निदेश पर सरकार की योजनाओं का लाभ इन शिविरों में दिया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से मुख्य प्रक्षेत्र (Focused Area) के अंतर्गत जिन योजनाओं के आवेदन प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जा रहे हैं उनमें झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना,अबुआ आवास योजना,मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड,सर्वजन पेंशन योजना,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त शिविर में सभी प्रकार की पेंशन योजनाएं, सामुदायिक वन पट्टा/व्यक्तिगत वन पट्टा के भी आवेदन प्राप्त किये जाएंगे। शिविर में जाति प्रमाण-पत्र, साइकिल क्रय हेतु राशि का चेक, धोती/ साड़ी/ लुंगी, राजस्व अभिलेखों में संशोधन से संबंधित प्रमाण-पत्र वितरण किये जा रहे हैं। आज लोहरदगा जिला में सभी सात प्रखण्डों में से सदर प्रखण्ड के निंगनी पंचायत, सेन्हा प्रखण्ड के सेन्हा पंचायत,कैरो प्रखण्ड के गजनी पंचायत, किस्को प्रखण्ड के अरेया पंचायत, भण्डरा प्रखण्ड के भीठा पंचायत, पेशरार प्रखण्ड के हेसाग पंचायत और कुडू प्रखण्ड के सलगी पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत शिविर लगाये गये और विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायत के आवेदन प्राप्त किये गये और परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त नगर परिषद क्षेत्र में नगर भवन में भी यह शिविर संचालित हुआ। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत दिनांक 31.08.2024 को सुबह 11 बजे से सेन्हा प्रखण्ड के बदला पंचायत के जतरा मैदान, सदर प्रखण्ड के हिरही पंचायत के उर्दू मध्य विद्यालय मैदान, कैरो प्रखण्ड के सढ़ाबे पंचायत स्थित फुटबॉल मैदान, किस्को प्रखण्ड के देवदरिया पंचायत स्थित उच्च विद्यालय खरचा, भण्डरा प्रखण्ड के आकाशी पंचायत के झखरा मैदान आकाशी और कुडू प्रखण्ड के सुंदरू पंचायत के राजकीय उत्क्रमित उर्दू कन्या मध्य विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। नगर परिषद क्षेत्र में 31 अगस्त व 01 सितंबर को कोई शिविर नहीं संचालित होगा। नगर परिषद क्षेत्र में अगला शिविर दिनांक 02.09.2024 को वार्ड 07 एवं 08 के लिए मैना बगीचा में लगाया जाएगा।

# करम पूर्व संध्या संचालन समिति कुडू के अध्यक्ष बने अवधेश उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पडहा भवन कुडू में आदिवासी छात्र संघ प्रखंड समित कुडू राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा प्रखंड समिति एवंम आदिवासी समाज के अन्य संगठन के अधिकारी एवंम सदस्यों के साथ आने वाले आदिवासियों का प्राकृतिक महापर्व करम को लेकर प्रखंड में करम पूर्व संध्या मानाने हेतु संचालन समिति के गठन को लेकर बैठक किया गया। जिसमे सर्व सहमति से निर्णय लेते अवधेश उरांव को अध्यक्ष, अमित उरांव को सचिव साथ सुबोध उरांव को कोषाध्यक्ष, वहीँ संरक्षक सुनील उरांव, सनी भगत, जतरू उरांव, सुखराम उरांव को बनाया गया, ज्ञात हो की प्रखंड के अंतर्गत अमर शहीद वीर बुद्धू भगत टीको पोखरा टोली मैदान में 11 सितम्बर 2024 दिन बुधवार को मनाया जायगा। करम पूर्व संध्या संचालन समिति के अध्यक्ष अवधेश उरांव ने अपनी बातों को रखते हुए कहा की इस बार करम पूर्व संध्या और वर्ष से बेहतर और धूम धाम से मनाया जाएगा तैयारी जोरों से चाल रहा है। हम सभी तो करम परब अपने अपने घर में मनाते हैं लेकिन पूर्व संध्या मनाने से हमलोग एक जगह जुट पाएंगे और प्राकृतिक महापर्व करम के महत्त्व को जान पाएंगे। मेरा प्रखंड के आदिवासी समाज के लोगों से आग्रह होगा की आगामी पूर्व संध्या कार्यक्रम में भारी संख्या में पारम्परिक वेश-भूसा में आने की बात कही और जितने भी खोड़हा दल आएंगे उनके लिए भी पुरस्कार दिया जायगा।

# देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार, जेल



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में पुलिस अधीक्षक लोहरदगा के माध्यम से गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि सेमरडीह निवासी उदित उराँव के पास हथियार होने की सूचना को लेकर उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई हेतु वरीय पदाधिकारी के दिशा निर्देश में दिनांक 28/08/2024 को रात्री में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया तथा छापामारी दल के द्वारा जब उदित उराँव के घर पर छापामारी की गई तो उदित उराँव को घर पर उपस्थित पाया गया एवं उनसे पुछताछ के उपरांत उदित उराँव के निशानदेही पर उनके सोने वाले कमरे में रखे टेबल के अन्दर से एक देशी कट्टा बरामद किया गया है।इस संदर्भ में किस्को थाना कांड संख्या- 21/2024, दिनांक- 29.08.2024, भारा- 25(1-B) (a)/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की गई।जिसमे गिरफ्तार अभियुक्त उदित उराँव उम्र 35 वर्ष, पे0- मंगलदास उराँव ग्राम सेमरडीह, थाना- किस्को, जिला- लोहरदगा को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। जिसमे गिरफ्तार अभियुक्त उदित उराँव का आपराधिक मामले किस्को थाना कांड संख्या- 50/2007, दिनांक 17.12.2007, धारा 457/380 भा0द वि0 तथा किस्को थाना कांड संख्या- 23/2011, दिनांक- 11.04.2011, धारा-302 भा0द0वि के तहत मामला दर्ज हैं। इस छापामारी दल में शामिल पु0 नि0 चन्द्रशेखर आजाद, किस्को अंचल, पु0 अ0 नि0 हर्षवर्द्धन कुमार सिंह, थाना प्रभारी किस्को थाना, हव0 फेकु उराँव, आ0-699 विकास कुमार सिंह, आ0-367 शिवनाथ, किस्को थाना रिजर्व गार्ड,चालक गृहरक्षक-1588 मोहसिन अंसारी किस्को थाना के साथ पुलिस बल के अन्य जवान शामिल थे।

# प्रखंड के सेन्हा पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रखण्ड क्षेत्र के सेन्हा पंचायत से की गई। प्रखंड मुख्यालय स्थित बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ जीप सदस्य राधा तिर्की, बीडीओ संग्राम मुर्मू, सीओ राकेश कुमार तिवारी, बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, उपाध्यक्ष राजकिशोर राम द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम को लेकर पहले दिन ग्रामीणों में उत्साह नही रहा। कार्यक्रम को लेकर प्रचार प्रसार कम होने के कारण ग्रामीण कार्यक्रम में नही पहुँचे। कार्यक्रम स्थल पर बिरसा हरित ग्राम योजना, बिजली व पेयजल, स्वास्थ्य, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट, मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना, अबुवा आवास योजना, राजस्व विभाग, सावित्री बाई फुले, पशुपालन एवं कृषि विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को लाभ दिया गया। तथा विभिन्न योजनाओं से मिलने वाली लाभ की जानकारी अधिकारियों द्वारा दिया गया। मौके पर मईया सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सावित्री बाई फुले योजना के लिए आवेदन लिया गया। वही मनरेगा कर्मी, एवं पंचायत सचिव, के हड़ताल के कारण कई स्टॉल खाली नजर आए। जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों द्वारा परिसम्पत्ति का वितरण किया गया। मौके पर त्रिवेणी भगत, नागमनी उरांव, अजय कुमार वर्मा, सुजीत उरांव, महेश कुजूर, निशांत शर्मा, दिवाकर पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**लोहरदगा :** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर स्थानीय मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला इंटर कॉलेज के बैडमिंटन इंडोर कोर्ट में बैडमिंटन प्रशिक्षण केंद्र के युवा बैडमिंटन खिलाड़ियों के बीच बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन कर खेल दिवस मनाया गया। मैच के बाद विजेताओं को उपविकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत एवं डॉ गणेश प्रसाद के द्वारा पुरस्कार के साथ प्रशिक्षण केंद्र की जर्सी वितरित की गई। मैच में सीनियर बालक वर्ग के विजेता राजन कुमार सिंह और उपविजेता संस्कार साहू, जूनियर बालक वर्ग के विजेता राहुल उरांव और उपविजेता रोमिल कुमार तथा बालिका वर्ग के विजेता गुंजन लिलहारी एवं उपविजेता स्वीटी कुमारी हुए। उप विकास आयुक्त लोहरदगा प्रशिक्षण केंद्र की व्यवस्था देखकर काफी प्रभावित हुए। उन्होंने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि खेल में भी करियर बनाया जा सकता है सिर्फ लोगों में इसके प्रति लगन और आत्मविश्वास बनाए रखने की आवश्यकता है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने खेल दिवस पर जानकारी देते हुए बतलाया कि प्रशिक्षण केंद्र को हर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी ताकि हमारे प्रशिक्षण केंद्र के सभी खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के बदौलत राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर लोहा मनवा सके। इस अवसर पर सचिव मुरारी गोस्वामी, कोषाध्यक्ष नसीम अख्तर, अंपायर रंजीत साहू, अरुण राम, दुबराज यादव, काजल कुमारी, राकेश शर्मा, बृजमोहन साहू, टिंकी देवी, मनीष कुमार, पीयूष साहू, विवेक उरांव, नवीन उरांव उपस्थित थे।

# बैठक आयोजित कर मुख्यमंत्री पशुधन योजना पर किया गया विचार विमर्श



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में जीप सदस्य की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री पशुधन योजना का बैठक आयोजित की गई। वही बैठक में मुख्य रुप से मुख्यमंत्री पशुधन योजना के माध्यम से गाय, बकरी, मुर्गी, बतख, और शूकर ग्रामीण किसानों के बीच वितरण करने पर विशेष चर्चा किया गया। वही जीप सदस्य राधा तिर्की ने पशु चिकित्सक डॉ. रोहित कुमार को निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम सभा कर चयनित योग्य किसानों को योजना का लाभ दें। साथ ही कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के किसानों का आजीविका का साधन मुख्य रूप से पशुपालन और कृषि है। जिसे कृषि और पशुपालन के माध्यम से किसानों का आय में वृद्धि हो और ग्रामीण क्षेत्र के किसान समृद्ध हो सके। वही डॉ रोहित कुमार ने बताते हुए कहा कि प्रखंड क्षेत्र में वर्ष 2024- 25 के लिये मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिये ग्राम सभा हो चुका है। ग्राम सभा का पंजी जिला पशुपालन पदाधिकारी को भेज दिया गया है। जिसे वरीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार चयनित किसानों को पशुधन योजना का लाभ दिया जा सकेगा। मौके पर प्रमुख फुलझरी देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, विरेन्द्र उराँव, पॉल पन्ना सहित अन्य उपस्थित थे।

# सामाजिक नेतृत्वकर्ताओं को दिया गया प्रमाणपत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला कार्यालय में जिला शिक्षा पदादिकारी के द्वारा सामाजिक नेतृत्वकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के प्रमाणपत्र दिया गया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि अभी के समय शारीरिक शिक्षा बच्चों के लिए महत्वपूर्ण है जिससे शारीरिक और मानसिक विकास बच्चों में हो पाती है और बच्चों का जुड़ाव खेल के माध्यम से भी विद्यालय में हो पाएगी जिससे विद्यार्थियों की उपस्थिति स्कूल में बढ़ेगीद्य सामाजिक नेतृत्वकर्ताओं का योदान से समुदाय मे शारीरिक गतिविधि हो पायाद्य यह कार्यशाला सिमडेगा जिला के कोलेबिरा, बानो, सिमडेगा, ठेठईटांगर, पाकरडाँड़ प्रखंड के सामाजिक नेतृत्वकर्ताओं के द्वारा 24 गाँव में प्रोजेक्ट छालंग के तत्वाधान में शारीरिक शिक्षा विद्यालय के गर्मी छूटी में किया हैद्य इसमें अल्मा मेटर और साख फाउंडेशन के द्वारा सामाजिक नेतृत्वकर्ताओं का चुनाव किया गया और दानी फाउंडेशन, पिरामल फाउंडेशन के तत्वाधान में प्रोजेक्ट छलांग के मॉड्यूल के अनुसार गर्मी छुट्टी में एक महीने का शारीरिक शिक्षा से संबंधित गतिविधि कराया गया। सामाजिक नेतृत्वकर्ताओ ने 24 समुदाय के बच्चों को शारीरिक गतिविधि प्रतिदिन को कराई गई द्य इससे बच्चों मे ड्राप आउट कि स्थिति कम हो रही है और गर्मी छुटी के बाद ज्यादा से ज्यादा बच्चे स्कूल आ रहे है। ये गतिविधियों 500 बच्चों के साथ कराया गया द्य कार्यक्रम पर अल्मा मेटर के प्रोजेक्ट मैनेजर भूपेंद्र कंसारी, क्षेत्र समन्वयक रश्मि होरो, दीपक दस, आशा तोपनो, शशि भूषण साहू और 50 सामाजिक नेतृत्वकर्ताओं के साथ कार्यशाला को सफल बनाने में पूरा योगदान दिया।

# कुडूख ऑनर्स सीट को अविलम्ब बढ़ाया जाय : अवधेश उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को बलदेव साहू महाविद्यालय लोहरदगा के प्राचार्य से आदिवासी छात्र संघ लोहरदगा के अध्यक्ष अवधेश उरांव ने मुलाक़ात कर महाविद्यालय में कुडूख ऑनर्स के सीट को बढ़ाने हेतु ज्ञापन दिया। वहीँ अवधेश उरांव ने जानकारी देते हुवे कहा की लोहरदगा जिला आदिवासी बहुल छेत्र है यहाँ कुडूख भाषा इच्छुक छात्रों का संख्या भी अधिक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्य विषयों का सीट बढ़या गया और कुडूख ऑनर्स का सीट नहीं बढ़ाया गया जिससे कुडूख ऑनर्स के इच्छुक बच्चे नामांकन से वंचित रह गए हैं। हमने अपने माध्यम से प्राचार्य से आग्रह किया की कुडूख ऑनर्स की सीट को मंथन कर अविलम्ब बढ़ाया जाया ताकि छात्रों को बिना परेशानी का नामांकन हो पाए। इस दौरान आदिवासी छात्र संघ के उपाध्यक्ष महादेव उरांव, महासचिव फूलचंद उरांव, कुडू प्रखंड अध्यक्ष अमित उरांव, कोषाध्यक्ष लखन भगत, अनिल उरांव, दीपक तिर्की, आदिवासी छात्रावास लोहरदगा 1+3 के छात्र नायक बजरंग महली, छात्रावास 2 के छात्र नायक महेश उरांव, सुशील उरांव, ओमप्रकाश उरांव, दिलेश्वर उरांव,आशिक उरांव, रंजीत उरांव, संजय उरांव आदि उपस्थित रहे।

## हेमन्त सोरेन के नीति से नाराज नगर परिषद कर्मी

# संविदा तथा दैनिक कर्मियों पर हो रहा अत्याचार, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को दूंगी ज्ञापन : भाजपा नेत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** हेमंत सोरेन के नीति और सिद्धान्तों से नाराज चल रहे नगर परिषद के संविदा एवं दैनिक मानदेय पर कार्यरत कर्मियो से भाजपा नेत्री मार्गेट बा पिंकी तथा भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा देवी मिली। भाजपा नेत्री ने कहा कि हमे अफसोस होता है कि हेमन्त सोरेन की गठबंधन सरकार अपने कार्यालयों के कर्मियों को उनके हक और अधिकार देने में भी विफल रही है। आपको हक और अधिकार दिलाने के लिए भाजपा नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी जी को सूचित करेंगे। वो सरकार के रवैये को ठीक करने और आपके अधिकार दिलाने में सहयोग करेंगे। राज्य की गठबन्धन सरकार में जनता पूरी तरह त्रस्त है। यदा-कदा विभिन्न तरीके से कहीं न कहीं जनता तकलीफ झेल रही है। नगर परिषद में कार्यरत संविदा तथा दैनिक मानदेय कर्मी अपने सेवा नियमित करने, निकाय कर्मी का वेतन भुगतान के लिए सरकार सीधे कार्यालय को आवंटन उपलब्ध कराए, आउट सोर्सिंग के कर्मियों का दैनिक भुगतान सरकार स्वंय करे। मानदेय भुगतान में हो रहे भ्रष्टाचार को समाप्त करने सहित छह सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे है नगर कर्मी। समाहरणालय, अनुमंडल, प्रखंड, अंचल के कार्यालय लिपिक सहित वन कर्मी हेमंत सरकार के खिलाफ आंदोलन में रहें हैं।

# कुडू बाईपास रोड भूमि अधिग्रहण को लेकर उचित मुआवजा दिया जाए : अनिल टाना भगत

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के कुडू प्रखंड के कुन्दो पिपरा टोली गांव में एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड आन्दोलन कारी पूर्व लोकप्रिय विधायक स्व कमल किशोर भगत के छोटे भाई झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल टाना भगत जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर को ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए अनिल टाना भगत ने कहा कि मैं रैयतो के साथ कदम से कदम मिलाकर आपके बेटे के तरह साथ देंगे रैयतो को हक अधिकार को दिलाने का काम करेंगे। अपने बड़े भैया कमल किशोर भगत जी की पुकार सुनकर उनके अधूरे सपनों को इस क्षेत्र का विधायक बनकर पूरा करने के लिए आया हूं और आप सभी से यह विनती करता हूं कि जिस प्रकार आप ने मेरे भैया कमल किशोर भगत जी को प्यार और स्नेह दिया है उसी प्रकार मुझे भी प्यार और स्नेह देकर इस क्षेत्र की जनता का सेवा करने का एक मौका देंगे। मैं आप सबों के साथ मिलकर आप लोगों की सहमति से क्षेत्र के विकास के लिए योजना बनाऊंगा और आप सबके सहयोग से उसे पूरा कर अपने भैया के सपनों को पूरा करूंगा। ग्रामीणों ने एकमत से कहा कि आप आगे बढ़ें हम आपके साथ हैं और निश्चित रूप से क्षेत्र की जनता का प्यार और स्नेह आपको प्राप्त होगा। ग्रामिणों ने कहा कि हम सबको उम्मीद है कि आप कमल किशोर भगत जी की तरह ही इस क्षेत्र के विकास के लिए तन मन धन से समर्पित होकर काम करते हुए सभी धर्म और समुदाय के लोगों को साथ लेकर चलने का काम करेंगे। इस सभा मे मुख्य रूप से सामील पिपुल्स पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, एस्टी मोर्चा के सुकरू उरांव, हिरा लाल यादव, महेश यादव,नरेश लोहरा, भुनेशवर यादव, रबी शंकर उरांव, प्रवति उरांव, रिता उरांव, सुमति उरांव, कृपा बाड़ा, कुमुदनी बाड़ा एवं समस्त गाँव वासी मौजुद थे।

# दही हांडी मटका फोड़ का हुआ भव्य आयोजन, महिला पुरुष दोनों का उत्कर्ष प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहरी क्षेत्र के गुदरी बाजार स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में जय श्रीराम समिति के द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 5 टीम बजरंग दल मालती मांडर, राधा रानी ग्रुप मांडर, श्री राम सेवा समिति कुरकुरा, मोटीया संघ बरवा टोली, हटिया गार्डन लोहरदगा ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष हिंदू एकता मंच झारखंड पुष्प रंजन, श्री राम सेना झारखंड प्रदेश राज्य प्रमुख पंकज कुमार जायसवाल, केंद्रीय सचिव समाजसेवी रांची सत्येंद्र सिंह, कमलेश कुशवाहा, श्रीकांत जी, ओमप्रकाश गुप्ता, अनिल अग्रवाल, राजेंद्र पासवान, दिनेश पासवान उपस्थित हुए वही जय श्रीराम समिति पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन, पूर्व विधायक रमेश उरांव, सुषमा सिंह, महेंद्र प्रजापति, अभय महतो, शैलेश कुमार महतो, रमेश साहू,प्रवीण कुमार ठाकुर, रितेश साहू, रोहित साहू, डबलु राय, प्रेम प्रजापति, अरुण वर्मा, विपुल तमेड़ा, उमेश कास्यकार, रेशमी देवी, संगीता कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छोटे बच्चों द्वारा एक से बढ़कर कार्यक्रम की प्रस्तुति किया गया। इधर मटकी फोड़ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले बजरंग दल मालती मांडर को 51 सौ रुपए नकद व शील्ड देकर सम्मानित किया गया वहीं महिलाओ का प्रदर्शन शानदार रहा और राधा रानी ग्रुप मंडल ने ही अपने उत्कर्ष प्रदर्शन से प्रथम स्थान पाने में सफल रही इन्हें भी 5100 एवं शील्ड देकर देकर प्रोत्साहित किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि अध्यक्ष हिंदू एकता मंच झारखंड पुष्प रंजन जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की नटखट जरूर थे परंतु उदंड नहीं। हमें योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के मित्रता और धर्म के प्रति अच्छाई को अपने जीवन मे उतारने की जरूरत है। राम सेना राज्य प्रमुख पंकज जायसवाल ने कहा इस तरह के कार्यक्रमों से धर्म संस्कृति की झलक नजर आती है जय श्री राम समिति के द्वारा किया गया।

# धूमधाम के साथ बोलबा में मनाया गया विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस

## भाव के साथ भगवान की करे भक्ति, जात पात छुआ छुत से उठे ऊपर : कौशल राज सिंह देव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विश्व हिंदू परिषद बोलबा प्रखंड समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को बोलबा बाजारटांड में स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष टकबर सिंह ने की कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत भारत माता एवं भगवान श्री राम के तस्वीर पर दीप जलाकर किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा कि भारत में जिस प्रकार सनातन धर्म टुकड़ों में बात था जिसे संगठित करने के लिए 1964 में साधु संतों एवं आरएसएस के संयुक्त प्रधान में स्थापना की गई जिससे कि देश की संस्कृति समाज जुड़ रहे। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद के माध्यम से वेद शास्त्र संस्कृति परंपरा देश की रक्षा करने का प्रयास किया गया समय समय पर इस देश में भगवान अवतार लेकर धर्म के विरुद्ध धर्म की लड़ाई लड़कर समाज को आगे बढ़ाया है। कोई उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्णा मित्र प्रेम की उदाहरण देकर सुदामा से दरिद्रता के बावजूद अपना संसार को संदेश दिया इस प्रकार भगवान श्री राम जात पात छुआ छूत से ऊपर उठकर माता शबरी के भाव में जाकर उनके जुठे बेर खाए। उन्होंने सभी लोगों को अपने बच्चों को गीता रामायण शास्त्रों की जानकारी देने की बात कही । वर्तमान समय में मोबाइल युग में बच्चों को मोबाइल ना दें ,इससे की पश्चिमी सभ्यता बच्चों के अंदर आ रही है। हमें अपनी सभ्यता संस्कृति को बचा रखने के लिए बच्चों को संस्कार देने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी लोग पारिवारिक सत्संग साप्ताहिक पूजा पाठ को विशेष ध्यान दें। वहीं उन्होंने रामराज की स्थापना करने के बाद कही इसके लिए एक गांव एक परिवार उद्देश्य से लेकर कार्य करने को कहा। इसके लिए अपनी निजी महत्वाकांक्षाओं को त्याग करने की आवश्यकता है और देश धर्म संस्कृति के महत्वाकांक्षा मन में रखनी है।

# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन-3 का तीसरा क्वार्टर फाइनल हुआ समाप्त



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** में चल रहे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन 3 का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच के शुरू होने से पहले ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज के माता जी के निधन को लेकर मैदान में उपस्थित सभी ने 2 मिनट का मौन धारण किया तत्पश्चात टूर्नामेंट को आगे बढ़ाते हुए इस सीजन का तीसरा क्वार्टर फ़ाइनल मैच सलगाबहार एफसी बनाम न्यू स्टार एफसी गड़गड़बाहर के बीच अपराह्न 4:00 बजे से प्रखंड मैदान ठेठईटाँगर मे खेला गया जिसमें सलगाबहार एफसी ने न्यू स्टार एफसी गड़गड़बाहर को 02:00 गोल से पराजित कर जीत हासिल की और सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मैच के मुख्य अतिथि रोतिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि केरिया पंचायत के पूर्व मुखिया शिवराज बड़ाइक रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त खेल का शुभारंभ किया। आज सीजन का पहला सेमीफाइनल मैच अल-फतेह बनाम सलगाबहार एफसी के बीच 4 बजे से प्रखंड मैदान ठेठईटांगर में खेला जाएगा।

## चलते चलते एक नजर

### दिल्ली में चार दिवसीय मध्य प्रदेश उत्सव का मुख्यमंत्री किया शुभारंभ

**भोपाल** : दिल्ली के चाणक्यपुरी मार्ग पर स्थित मध्य प्रदेश भवन में शुक्रवार से चार दिवसीय मध्य प्रदेश उत्सव का आगाज हुआ। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने के उद्देश्य से आयोजित इस उत्सव का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुभारंभ किया।मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश अपनी सांस्कृतिक, पर्यटन, इतिहास और अलग-अलग अंचल के रहवास की दृष्टि से अद्भुत और आनंददायी प्रदेश है। देश के लोग इसे जानें, इसलिए देश की राजधानी में इस उत्सव का आयोजन किया गया है। इस उत्सव में चार दिनों तक मप्र में पर्यटन, व्यंजन, हस्तशिल्प कला, इतिहास, संस्कृति की जानकारी दी जाएगी। पुरातत्व के क्षेत्र में हमारी सरकार काम कर रही है। पुराने ऐसे मंदिर और देवस्थान जो नष्ट-भ्रष्ट हो गए हैं, उनको पुनर्स्थापित करके वापस साकार में लाने का काम चुनौतीपूर्ण है लेकिन यह हमारी पुरानी गौरवशाली परंपरा को स्थापित करने का महत्व है। गौंडकालीन चित्रकारी से लेकर भीमबेटका (भीमबैठका) की 10 हजार साल पुरानी चित्रकला को भी सबके सामने लाकर मप्र की समृद्धशाली विरासत से सबको परिचित कराने का प्रयास किया है। प्रदेश के अलग-अलग अंचलों- मालवा, विंध्य, महाकौशल और बुंदेलखंड के विशिष्ट व्यंजन भी इस उत्सव में परोसे जाएंगे। श्रीअन्न खाकर तो आनंद आ जाएगा। मैंने भी टेस्ट किया है। मुख्यमंत्री ने 'मध्यप्रदेश उत्सव' के लिए सभी को आमंत्रित किया है।

### जम्मू कश्मीर के वरिष्ठ भाजपा नेता ने दिया इस्तीफा

**श्रीनगर** : जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के सिलसिले में टिकट वितरण को लेकर भारतीय जनता पार्टी में एक और बगावत के तहत वरिष्ठ पार्टी नेता चंद्रमोहन शर्मा ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा देने की घोषणा की और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की धमकी दी। भाजपा इस केंद्रशासित प्रदेश में टिकट वितरण को लेकर असंतोष से जूझ रही है। जम्मू क्षेत्र के कई जिलों में पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके बाद पार्टी नुकसान की भरपाई में जुट गयी है और उसने केंद्रीय मंत्रियों समेत कई वरिष्ठ नेताओं को स्थिति को शांत करने व असंतुष्टों को मनाने का जिम्मा सौंपा है।संवाददाताओं से कहा,टिकट के अनुचित वितरण को लेकर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी असंतोष और गुस्सा है। वे अपना असंतोष व्यक्त करने के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा के सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक, मैं इससे दुखी होकर अन्य लोगों के साथ पार्टी से इस्तीफा दे रहा हू। उन्होंने पार्टी आलाकमान के सामने टिकट वितरण के प्रस्ताव को अनुपयुक्त ढंग से पेश करने को लेकर प्रदेश पार्टी नेतृत्व की आलोचना की। पेशे से वकील शर्मा 1970 के दशक में पार्टी से जुड़े थे। उन्होंने कहा,हमें उम्मीद है कि पार्टी नेतृत्व मेरा इस्तीफा स्वीकार कर लेगा। हालांकि, अगर वह जम्मू पूर्व विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवार बदलने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करता है, तो ठीक है। अन्यथा, मैं उन कार्यकर्ताओं के आह्वान को स्वीकार करूंगा जो चाहते हैं कि मैं जम्मू पूर्व सीट से स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ूं।

# अंधकार से मिलेगी मुक्ति, जगमग होगा गढ़वा : मंत्री मिथिलेश

**गढ़वा में लगेगा 50 सोलर हाई मास्टर लाइट, मिली स्वीकृति**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : गढ़वा जिले में विभिन्न स्थानों पर 50 सोलर हाई मास्ट लाइट लगाया जाएगा। गढ़वा अब अंधकार में नहीं डूबेगा। झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में डीसी शेखर जमुआर ने ज्रेडा के परियोजना निदेशक को सूची भेज दी है। प्रथम चरण 31 स्थानों पर सोलर हाई मास्ट लाईट सिस्टम अधिष्ठापित किया जाएगा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रयास से इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि गढ़वा में झारखंड सरकार की एजेंसी ज्रेडा के माध्यम से 50 स्थानों पर सोलर हाई मास्ट लाइट लगाया जाएगा। यह सोलर हाई मास्ट उच्च गुणवता का होगा। इसमें 200 वाट का सोलर, 120 एएच का बैटरी तथा 60 वाट का प्रत्येक लाइट होगा। पोल की उंचाई 5 मीटर होगी।

प्रत्येक सोलर में चार लाइट 240 वाट का होगा। मंत्री ने कहा कि रात्रि में कुछ देकर के लिए बिजली चले जाने के बाद भी पूरा गढ़वा हमेशा रौशनी से जगमग बना रहेगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा का कोई भी क्षेत्र विकास कार्या से वंचित नहीं रहेगा। गढ़वा को अंधकार से मुक्ति मिलेगी। सोलर हाई मास्ट लाईट से पूरा गढ़वा जगमग होगा। इससे बिजली की भी बचत होगी। मंत्री ने बताया कि आवश्यकता वाले स्थानों का चयन कर लिया गया है। प्रथम चरण में गढ़वा में नया समाहरणालय के दोनों तरफ तथा दो अंदर में, बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क के दो तरफ, गढ़वा बस स्टैंड में सामुदायिक शौचालय के समीप, बस स्टैंड के प्रवेश द्वार के समीप सहित अन्य जगहों पर लगाया जाएगा।

### भाजपा युवा नेता नागमणि कुमार ने स्थानीय संवेदक को प्राथमिकता देने की मांग को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार**: भाजपा युवा नेता नागमणि कुमार ने उपायुक्त गरिमा सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें जिला फंड में स्थानीय संवेदकों को प्राथमिकता देने की आग्रह किया है।ज्ञापन सौंपकर उन्होंने जिला फंड डीएमएफटी मद और अनाबद्ध मद की निविदा को लेकर उपायुक्त को ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि सिर्फ लातेहार जिले के स्थानीय संवेदकों को निविदा में भाग लेने दिया जाए।

ताकि जिले के स्थानीय संवेदकों को कार्य आवंटित हो जिसका लाभ ज़िले के स्थानीय संवेदक को मिले। ताकि हमारे ज़िले का विकास हो सके।

# सदर अस्पताल में अल्ट्रा साउंड सेंटर का किया गया शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार**: उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा शुक्रवार को सदर अस्पताल में अल्ट्रा साउंड सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया गया।इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि अल्ट्रासाउंड मशीन सेवा को सदर अस्पताल में चालू कर दिया गया। अब जरूरतमंद, गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलनी शुरू हो गई है। जिसके आधार पर उनका बेहतर इलाज संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्य है।

इसके लिए कई स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। मरीजों को बेहतर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल से बाहर नहीं जाना पड़े, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। अस्पताल में ही बेहतर सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला परिषद सदस्य एवं संबंधित चिकित्सक उपस्थित थे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का चौथा चरण शुरू




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लोगों के द्वार तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के चौथे चरण की शुरुआत हुई। यह जनसंपर्क कार्यक्रम 15 सितंबर तक जारी रहेगा। इस जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत सभी जिलों के विशेष शिविर लगाया गया है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जेएमएम के विधायक व नेता और सभी जिलों के डीसी लोगों को अपने नजदीकी पंचायत,वार्ड में जाकर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की है। हेमंत सोरेन ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि आपकी सरकार आपको योजनाओं का लाभ देने के लिए चौथी बार आपके द्वार पहुंच रही है। उन्होंने लोगों से अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजित किये जा रहे शिविरों से योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। हेंमत सोरेन ने सबसे पहले 15 नवंबर, 2021 को पंचायत स्तर पर लाभार्थियों के लिए शिविर लगाकर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत की थी। इस पहल का उद्देश्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदनों का मौके पर ही निपटारा करना है। ताकि ग्रामीणों को जल्द से जल्द लाभ मिलना शुरू हो सके।कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। इसमें झारखंड मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, सार्वभौमिक पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) जैसी योजनाओं के लिए आवेदन शामिल हैं।

**प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने किया खनवा गांव का दौरा**

# गांव में विकास की बहुत सारी संभावनाएं : अरुणा शंकर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खनवा गांव का दौरा कर कई जगह पर चौपाल लगाया। साथ ही लोगों को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं की जानकारी दी। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने इस मौके पर कहा कि मैं जहां भी जा रही हूं, उस गांव में मुझे काफी अपनापन और प्यार मिल रहा है। शहर में मेरे द्वारा किए गए कार्यों की जब गांव के लोग तारीफ करते हैं तब मुझे लगता कि मुझे मेरा मेहनताना मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मैं भी एक गांव की बेटी हूं। और आज भी गांव मुझे अपनी और आकर्षित करता है। प्रथम महापौर ने कहा कि गांव में अभी काफी विकास की संभावनाएं हैं। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य,जल,पथ और ओपन जिम युक्त पार्क प्रमुख है।प्रथम महापौर ने कहा कि आप सबों के ताकत से अगली सरकार भाजपा की बनेगी और उपरोक्त सुविधा एक मॉडल गांव का नक्शा बनाकर हमारी भाजपा सरकार गांव-गांव को सुविधायुक्त बनाएगा। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खनवा गांव की मुखिया प्रभा देवी की तारीफ करते हुए कहा कि वह हमेशा अपने गांव को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करती है।

#### अरुण शंकर हर रोज करती है गांव का दौरा

मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरुण शंकर विगत कई महीनो से मेदनीनगर, चैनपुर, सतबरवा, भंडारिया आदि प्रखंडों में स्थित गांव का दौरा करती है। दौरे के क्रम में अरूणा शंकर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए और किया जा रहे कार्यों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देती है। ग्रामीणों को वे बताती है कि किस तरह नरेंद्र मोदी पूरे देश का विकास कर रहे हैं। अपने दौरे के क्रम में ग्रामीणों को अरूणा शंकर बताती हैं कि देश में जितना काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किया गया। उतना कम अभी तक किसी भी प्रधानमंत्री ने नहीं किया था। गांव के लोगों को हर महीना डीलर के द्वारा फ्री में चावल दिया जाता है। यह चावल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देते हैं। साथ ही गांव में जितना भी आवास बना है वह प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ही दिया गया है। अरुण शंकर की बातों से ग्रामीण संतुष्ट होते हैं। साथ ही नगर निगम क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्यों की भी प्रशंसा होती है। गांव-गांव में अरूणा शंकर द्वारा चौपाल लगाया जा रहा है। इस चौपाल का सीधा लाभ ग्रामीणों को भी मिल रहा है। साथ ही उन्हें केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रत्येक योजनाओं की जानकारी भी अरूणा शंकर उन्हें देती है। इसका व्यापक असर भी देखा जा रहा है।

### दरबार साहिब में नतमस्तक हुई विनेश फौगाट, बैठकर कीर्तन भी सुना

**चंडीगढ़** : पेरिस ओलंपिक में अधिक वजन के कारण बाहर हुई विनेश फौगाट शुक्रवार को परिवार समेत अमृतसर स्थित दरबार साहिब पहुंचीं। विनेश फौगाट ने यहां माथा टेककर अपनी कामयाबी के लिए आशीर्वाद लिया। विनेश के साथ उनके पति सोमवीर राठी व अन्य परिवारिक सदस्य भी थे। उन्होंने कुछ समय के लिए दरबार साहिब परिक्रमा में बैठकर कीर्तन भी सुना। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने विनेश को गोल्डन टेंपल का मॉडल देकर सम्मानित किया। विनेश ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यहां आना उनका सपना था, जो आज पूरा हुआ है। गुरु साहिब ने आज उन्हें बुलाया तो वो पहुंची हैं। उन्होंने सब अपनों के भले के लिए अरदास की और कहा कि जैसे अब तक परमात्मा ने उन्हें सही दिशा दिखाई है वैसे आगे भी दिखाते रहें और वो भी मानवता की भलाई के लिए काम करती रहें।

# असम विधानसभा में खत्म हुआ 2 घंटे का जुम्मा ब्रेक



एजेंसी

**गुवाहाटी** : असम विधानसभा ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आधिकारिक तौर पर दो घंटे के जुम्मा ब्रेक को खत्म कर दिया है. ऐतिहासिक रूप से शुक्रवार को मनाया जाने वाला यह ब्रेक सबसे पहले 1937 में मुस्लिम लीग के सैयद सादुल्ला ने शुरू किया था. मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को इस ऐतिहासिक फैसले के लिए आभार व्यक्त किया. एक बयान में उन्होंने दक्षता और प्रगति को प्राथमिकता देने के लिए स्पीकर बिस्वजीत दैमारी और विधायकों की प्रशंसा की. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,2 घंटे के जुम्मा ब्रेक को खत्म करके, असम विधानसभा ने उत्पादकता को प्राथमिकता दी है और औपनिवेशिक बोझ के एक और निशान को हटा दिया है.सीएम सरमा ने आगे कहा,यह प्रथा मुस्लिम लीग के सैयद सादुल्ला ने 1937 में शुरू की थी. इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मैं स्पीकर बिस्वजीत दैमारी और हमारे विधायकों का आभार व्यक्त करता हूं. गौरतलब है कि इससे पहले गुरुवार को असम विधानसभा ने मुसलमानों के विवाह और तलाक के पंजीकरण के कानून को निरस्त करने के लिए भी एक विधेयक पारित किया था. राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री जोगेन मोहन ने असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 और असम निरसन अध्यादेश 2024 को खत्म करने के लिए 22 अगस्त को असम निरसन विधेयक, 2024 को पहली बार पेश किया था.

# धागरटोला पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गारू** : हेमंत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरकार आपके द्वार के तहत गारू प्रखंड के धागरटोला पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सीता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष बैठा, अंचला अधिकारी दिनेश मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, बीससूत्री प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन और जीप सदस्य जीरा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख सीता देवी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य जनता की समस्याओं को सीधे पंचायत स्तर पर हल करना है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अब ग्रामीणों को त्वरित रूप से दिया जाएगा। शिविर के दौरान बीडीओ संतोष बैठा ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और लाभार्थियों को तुरंत शिविर में योजनाओं का लाभ प्रदान की गई।मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना के तहत गरीब परिवारों को 15 लाख रुपये तक की चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। इसी प्रकार, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत युवाओं को करोड़ों रुपये के ऋष्ण दिए जाने की भी जानकारी दी गई।मनरेगा के तहत हर गांव में न्यूनतम 5-5 योजनाओं की शुरुआत की गई, जिससे ग्रामीणों को रोजगार के अवसर मिल सकें। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल भी लगाए गए थे। शिविर के शुभारंभ के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने ढोल-मंदर बजाकर कार्यक्रम की शुरुआत की, जिससे माहौल में उत्साह और उल्लास का संचार हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जनसेवक अंकित एक्का, संतोष कुजूर, प्रज्ञा केंद्र संचालक रंजीत कुमार, अजीत कुमार सिंह, शिव शंकर सिंह, रामलाल प्रसाद, रमेश सिंह, और अमृतसर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आरजी कर : सीबीआई को क्राइम सीन के पास हुए रिनोवेशन से जुड़े दस्तावेज मिले

**कोलकाता** : आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में इस महीने की शुरुआत में एक जूनियर डॉक्टर के रेप और मर्डर मामले की जांच कर रहे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों को उस स्थान के पास रिनोवेशन से जुड़ी कुछ अहम जानकारियां मिली हैं, जहां से पीड़िता का शव बरामद हुआ था। 13 अगस्त की शाम को जब कलकत्ता हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने रेप केस की जांच कोलकाता पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया तो राज्य लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के कर्मियों ने घटना स्थल के पास एक कमरे में रिनोवेशन का प्रयास किया। यह कमरा सेमिनार हॉल के बगल में था, जहां से नौ अगस्त की सुबह पीड़िता का शव बरामद किया गया था। हालांकि, रिनोवेशन का काम छात्रों के भारी विरोध के कारण नहीं हो सका, जिन्होंने इस कार्य के शुरू होते ही अस्पताल परिसर में प्रदर्शन किया।

# महिला सुरक्षा को लेकर कड़ा कानून बनाए केंद्र : ममता बनर्जी



एजेंसी

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर महिला सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी को एक चिट्ठी लिखी है। ममता ने इस चिट्ठी में महिला सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार से कड़े कानून बनाने की सिफारिश की है। ममता बनर्जी ने बलात्कार की घटनाओं पर कड़े केंद्रीय कानून की आवश्यकता और ऐसे अपराधों के अपराधियों को कड़ी सजा देने के संबंध में 22 अगस्त को भेजी अपनी चिट्ठी का उल्लेख किया है। ममता ने लिखा कि इस चिट्ठी पर आपका कोई जवाब नहीं मिला लेकिन मुझे भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री की ओर से एक चिट्ठी मिली है। लेकिन इसमें मेरे द्वारा उठाए गए मुद्दे की गंभीरता पर ध्यान नहीं दिया गया है। मेरा विचार है कि इस सामान्य उत्तर को भेजते समय विषय की गंभीरता और समाज के लिए इसकी प्रासंगिकता पर पर्याप्त ध्यान देना चाहिए।इतना ही नहीं महिला सुरक्षा को लेकर हमारे राज्य द्वारा पहले ही की गई कुछ पहलों का भी उल्लेख करूंगा जिन्हें उत्तर में नजरअंदाज कर दिया गया है। फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (एफटीएससी) के संबंध में राज्य सरकार द्वारा 10 विशिष्ट पॉक्सो कोर्ट को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, 88 एफटीएससी और 62 पोक्सो नामित न्यायालय पूर्ण रूप से राज्य भर में कार्य कर रहे हैं। मामलों की निगरानी और निपटारा पूरी तरह से न्यायालयों के हाथ में है।इसके अलावा, राज्य में हेल्पलाइन नंबर 112 और 1098 संतोषजनक ढंग से काम कर रहे हैं। आपातकालीन हालात में डायल 100 का भी बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है। मैं यह दोहराना चाहती हूं कि और ईमानदारी से अनुरोध करती हूं कि ट्रायल अधिकारियों द्वारा एक विशिष्ट समय-सीमा में मामलों के निपटारे के लिए अनिवार्य प्रावधान के साथ बलात्कार/बलात्कार और हत्या के जघन्य अपराधों पर एक कठोर केंद्रीय कानून और अनुकरणीय सजा पर विचार करें।